स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, शुक्रवार
20 जून, 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 9
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक - 298 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net


एलन मस्क का स्टारशिप टेस्टिंग के दौरान हुआ खाक



# ईरान का इजरायल पर काउंटर अटैक



**तेल अवीव।** इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। लगातार सातवें दिन दोनों ने एक-दूसरे पर हमले किया। इजरायली सेना ने ईरान के अराक हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। इसके जवाब ईरान ने

## तेल अवीव समेत कई शहरों में दागी मिसाइल

## 1000 वेड वाला हॉस्पिटल भी ध्वस्त

इजरायल के सोरोका अस्पताल पर हमला किया। हमले से अस्पताल में काफी नुकसान हुआ।

बृहस्पतिवार सुबह इजरायल ने ईरान के अराक हैवी वॉटर परमाणु रिएक्टर पर हमला किया। हालांकि हमले से लोगों को नुकसान नहीं पहुंचा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि किसी भी तरह का विकिरण खतरा नहीं है। रिएक्टर को खाली करा लिया गया और नागरिक इलाकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इससे पहले इजरायल ने चेतावनी दी थी कि वह परमाणु रिएक्टर पर हमला करेगा।

इसके जवाब में ईरान ने दक्षिण इजरायल में सोरोका अस्पताल पर हमला किया। बीरशेबा में अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि अस्पताल को अलग-अलग इलाकों में काफी नुकसान हुआ है और हमले में लोग घायल हुए हैं। अस्पताल में 1,000 से अधिक बिस्तर हैं और यह 10 लाख लोगों को सेवाएं प्रदान करता है।अराक हैवी वाटर परमाणु रिएक्टर तेहरान से 250 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में है। यह परमाणु रिएक्टरों को ठंडा करने में मदद करता है। साथ ही यह प्लूटोनियम का भी उत्पादन करता है। इसका परमाणु हथियारों में उपयोग किया जा सकता है। इससे ईरान को यूरेनियम के अलावा बम बनाने का एक और रास्ता मिल जाएगा।

2019 में ईरान ने हैवी वाटर रिएक्टर के दूसरे सर्किट को शुरू किया। उस समय ब्रिटेन प्लूटोनियम की मात्रा को सीमित करने के लिए अराक रिएक्टर को दोबारा डिजाइन करने में मदद कर रहा था। इसके बाद 2018 में ब्रिटेन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परमाणु समझौते से अमेरिका को एकतरफा वापस लेने के फैसले के बाद परियोजना से हट गया था। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने इस्राइल से ईरानी परमाणु स्थलों पर हमला न करने के लिए कहा है।

## पुतिन ने की मध्यस्थता की पेशकश, ट्रंप बोले पहले अपना मामला सुलझाओ

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेशकश की है कि वह ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को ऐसा समझौता करा सकता है, जिससे ईरान शांतिपूर्ण तरीके से अपना परमाणु कार्यक्रम भी संचालित कर सकेगा और इजरायल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा। एक कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि यह एक संवेदनशील मुद्दा है, लेकिन मेरे विचार से इसका समाधान हो सकता है। रूसी राष्ट्रपति ने ये भी बताया कि उन्होंने अपना प्रस्ताव ईरान, इजरायल और अमेरिका को भेज भी दिया है। पुतिन के इस सुझाव पर ट्रंप ने अपने स्टाइल में बिना देरी किए जवाब दे दिया। ट्रंप ने पुतिन से कहा कि पहले अपना यूक्रेन वाला मामला सुलझाओ बाद में मीडिल ईस्ट की चिंता करना। ये बात खुद ट्रंप ने मीडिया से बातचीत के दौरान कही।

## खामेनेई मॉडर्न हिटलर : इजरायल

**तेल अवीव।** इजराइल ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई को मॉडर्न हिटलर कहा है। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि खामेनेई मॉडर्न हिटलर हैं। उनके जैसे तानाशाह को जीने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है।

## गंभीर नतीजे भुगतेगा अमेरिका : खामेनेई

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बिना शर्त सरेंडर की चेतावनी फिर खारिज करते हुए ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामनेई ने धमकी दी कि अमेरिका युद्ध में कूदा, तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

जस्टिस वर्मा के आवास से जले नोट की बरामदगी का प्रकरण

# आंतरिक जांच समिति की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे




**नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास से बीते मार्च महीने में आग लगने के बाद में बड़ी मात्रा में जले हुए नोट बरामद हुए थे। इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तीन

## बड़ी कार्रवाई की सिफारिश

सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। इस जांच समिति में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जीएस संधवालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की जज अनु शिवरामन शामिल थीं। इस जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट 4 मई को तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना को सौंप दी थी। जिसे जस्टिस खन्ना ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को भेजा था। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले खुलासे किए, जिनकी जानकारी सामने आई है।दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज और अब इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत जस्टिस यशवंत वर्मा पर बड़ी कार्रवाई की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जस्टिस वर्मा और उनके परिवार का दिल्ली स्थित उनके सरकारी बंगले में पाई गई बड़ी मात्रा में अधजली नकदी पर प्रत्यक्ष नियंत्रण था। इस आधार पर कमेटी ने उनकी बर्खास्तगी की सिफारिश की है।

यह मामला 14 मार्च की रात 11.35 बजे शुरू हुआ, जब दिल्ली के लुटियंस ज़ोन में स्थित जज वर्मा के सरकारी आवास (30 तुगलक क्रेसेंट) में आग लग गई। दमकल कर्मियों और पुलिस ने आग बुझाई, लेकिन जब वे अंदर पहुंचे, तो वहां आधी जली हुई बड़ी मात्रा में 500 के नोट पड़े मिले। कई प्रत्यक्षदर्शियों ने इसे देखकर हैरानी जताई और कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इतनी नकदी एक साथ देखी।

रिपोर्ट में क्या कहा गया?

नकदी जस्टिस वर्मा के अधिकृत बंगले के स्टोर रूम में मिली थी। स्टोर रूम पर वर्मा और उनके परिवार का प्रत्यक्ष नियंत्रण पाया गया। रात के समय आग लगने के बाद, 15 मार्च की सुबह नकदी को वहां से हटाया गया, यह मजबूत परिस्थितिजन्य साक्ष्य से सिद्ध हुआ। जस्टिस वर्मा की तरफ से दिए गए स्पष्टीकरण, जैसे सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा नियंत्रण, अविश्वसनीय पाए गए। रिपोर्ट में खासतौर पर उनकी बेटी की गवाही पर भी सवाल उठाए गए। समिति ने कहा कि उनकी बेटी एक आत्मविश्वासी, पढ़ी-लिखी, स्वतंत्र महिला हैं, और उनका यह कहना कि वे बिल्कुल घबरा गई थीं, विश्वसनीय नहीं लगता।

# भारत-पाक सीजफायर पर बयान से पलटे ट्रंप



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो 'बहुत चतुर' नेताओं ने एक ऐसा युद्ध जारी न रखने का 'निर्णय' लिया जो परमाणु युद्ध में

## कहा इनके दो नेताओं ने सैन्य संघर्ष रोकने का लिया था 'निर्णय'

बदल सकता था। पिछले कुछ हफ्तों में यह पहली बार है जब ट्रंप ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष रोकने के लिए खुद श्रेय नहीं लिया है। ट्रंप ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद ओवल कार्यालय में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह मुनीर से मुलाकात कर 'सम्मानित' महसूस कर रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या मुनीर के साथ हुई बैठक में ईरान पर चर्चा की गयी, ट्रंप ने कहा, 'खैर, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह, ज्यादातर लोगों से बेहतर जानते हैं और वे किसी भी चीज से खुश नहीं हैं।

# ऑपरेशन सिंधु शुरू : ईरान से 110 भारतीयों का पहला जत्था पहुंचा भारत



**नई दिल्ली।** इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्धे को देखते हुए वहां रह रहे हजारों भारतीयों को सुरक्षित घर वापसी के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंधु की शुरुआत की है। ईरान

## अपनों से मिलकर छलक आए परिजनों के आंसू

से भारत लाए जा रहे छात्रों का पहला जत्था बृहस्पतिवार को सुबह भारत पहुंचा। पहले जत्थे में 100 से ज्यादा छात्र शामिल हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की पहली प्राथमिकता है। ईरान में 4,000 से अधिक भारतीय नागरिक रह रहे हैं और उनमें से आधे छात्र हैं। उत्तरी ईरान से 110 छात्रों को सुरक्षित आर्मेनिया पहुंचा दिया गया था। ईरान में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे 110 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालकर भारत लाया गया। सभी को लेकर एक विशेष फ्लाइट दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी। इन लोगों में शामिल यासिर गफ्फार नाम के छात्र ने बताया कि हमने रात में मिसाइलों को ऊपर से जाते देखा और ज़ोरदार धमाकों की आवाजें सुनीं। डर का माहौल था, लेकिन अब भारत पहुंचकर राहत मिली है।यासिर ने कहा कि उन्होंने अपने सपनों को अभी नहीं छोड़ा है और हालात सुधरने पर वापस ईरान लौटेंगे। सरकार की इस कार्रवाई के लिए छात्र और उनके परिवारों ने आभार जताया है। ईरान और इजरायल के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव के चलते भारत अपने नागरिकों को वहां से सुरक्षित निकालने में जुटा है। ईरान में हालात बिगड़े हालात के बीच भारत आए छात्र ने बताया कि हर दिन हालात और खराब होते जा रहे हैं, खासतौर पर तेहरान में स्थिति बेहद गंभीर है। सभी भारतीय छात्रों को वहां से निकाला जा रहा है। भारतीय अधिकारी अच्छा काम कर रहे हैं।

# पार्टी नेतृत्व के कुछ लोगों से मतभेद : शशि थरूर

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने चुप्पी तोड़ी है। कांग्रेस सांसद ने कहा

## कांग्रेस छोड़ने की अटकलों पर शशि थरूर

कि पार्टी नेतृत्व में कुछ लोगों के साथ मेरे मतभेद हैं, लेकिन नीलांबुर उपचुनाव के चलते इस बारे में बात नहीं कर रहा हूं। चुनाव के बाद इस पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, इसके मूल्य और इसके कार्यकर्ता मेरे बहुत प्रिय हैं। मैंने 16 साल तक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है और वे उन्हें करीबी मित्र और भाई मानते हैं। पिछले कई दिनों से कांग्रेस सांसद शशि थरूर के कांग्रेस छोड़ने की अटकलें हैं। वे अपने कई बयानों में केंद्र सरकार के फैसलों की तारीफ कर चुके हैं। कांग्रेस ने भी उनके रवैये पर सवाल उठाए हैं। अब शशि थरूर ने अटकलों को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व में कुछ लोगों के साथ मेरे मतभेद हैं। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं, क्योंकि उनमें से कुछ मुद्दे सार्वजनिक डोमेन में हैं और मीडिया द्वारा रिपोर्ट किए गए हैं।

माफिया अतीक के बेटे की जेल में हो रही थी खातिरदारी

# नैनी जेल के डिप्टी जेलर और वार्डन निलंबित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** माफिया अतीक अहमद के बेटे अली की नैनी जेल में खातिरदारी पकड़ाई है। नैनी जेल में बंद अतीक अहमद के बेटे के बैरक से कई प्रतिबंधित सामान बरामद हुए हैं। अली के पास कैश भी था। छापेमारी के दौरान उसने कैश जेल वार्डन को पकड़ा दिया लेकिन मामला सीसीटीवी में कैद हो गया। डीजी जेल ने तत्काल मामले में एक्शन लेते हुए जेल वार्डन और डिप्टी जेलर को निलंबित कर दिया है। डीआईजी जेल को पूरे मामले की जांच सौंपी है। माना जा रहा है कि अब्बास अंसारी के मामले की तरह यहां भी कई जेल अफसर नप सकते हैं। अतीक अहमद का बेटा अली 2022 से ही यहां बंद है। डीआईजी राजेश श्रीवास्तव ने मंगलवार को अचानक अली अहमद की बैरक की तलाशी ली थी। इस दौरान कई आपत्तिजनकर वस्तुएं यहां मिलीं। इसके अलावा उसके पास कैश भी था। चेकिंग के दौरान उसने कैश वहां मौजूद जेल वार्डन के पकड़ा दिया। कैश वार्डन को पकड़ाते वह सीसीटीवी में कैद भी हो गया। बाद में कैश की गिनती हुई तो पता चला कि 1100 रुपए हैं। अति सुरक्षित बैरक में आपत्तिजनक वस्तुएं और कैश की जानकारी अधिकारियों को दी गई। इसके बाद डिप्टी जेलर कांति देवी और हेड वार्डर संजय द्विवेदी को सस्पेंड कर दिया गया।

# अमेरिका में विदेशी छात्रों के लिए वीजा प्रक्रिया फिर शुरू

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने कहा है कि वह छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले विदेशी विद्यार्थियों के लिए निलंबित प्रक्रिया को फिर से शुरू कर रहा है, लेकिन अब सभी आवेदकों को सरकारी समीक्षा के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'अनलॉक' रखने होंगे।

विभाग ने कहा कि वाणिज्य दूतावासों के अधिकारी उन पोस्ट और संदेशों पर नजर रखेंगे जिन्हें अमेरिका, उसकी सरकार, संस्कृति, संस्थानों या संस्थापक सिद्धांतों के लिए शत्रुतापूर्ण माना जा सकता है। बुधवार को सार्वजनिक किए गए एक नोटिस में, विभाग ने कहा कि उसने छात्र वीजा प्रक्रिया के निलंबन के अपने मई के आदेश को रद्द कर दिया है, लेकिन कहा कि नए आवेदक जो अपने सोशल मीडिया अकाउंट को 'सार्वजनिक' करने और उनकी समीक्षा करने की अनुमति देने से इनकार करते हैं, उनके आवेदन को खारिज किया जा सकता है। ट्रंप प्रशासन ने पिछले महीने अमेरिका में अध्ययन करने की उम्मीद कर रहे विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा साक्षात्कारों की समय-सारणी को अस्थायी रूप से रोक दिया था, क्योंकि वह सोशल मीडिया पर उनकी गतिविधि पर निगरानी का विस्तार करने की तैयारी कर रहा था।

# विमान में उड़ने से पहले कोई समस्या नहीं थी : सीईओ



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 के हादसे के बाद जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। इस हादसे में 12 जून 2025 को करीब 270 से 'यादा लोगों की मौत हो गई थी। वहीं इसे लेकर एअर इंडिया के सीईओ ने बताया है कि उड़ान से पहले विमान और उसके इंजन में कोई गड़बड़ी नहीं थी। एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर जानकारी साझा की है। उन्होंने कहा कि विमान का रखरखाव अ'छी तरह से किया गया था, इसकी आखिरी बड़ी जांच जून 202× में और अगली जांच दिसंबर 2025 में निर्धारित की गई थी। इसके दाहिने इंजन की मार्च 2025 में मरम्मत की गई थी और बाएं इंजन का अप्रैल 2025 में निरीक्षण किया गया था। विमान और इंजन दोनों की नियमित रूप से निगरानी की गई थी, जिससे उड़ान से पहले कोई समस्या नहीं दिखी। हम पूरे विमानन उद्योग के साथ आधिकारिक जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

**बोइंग 787 विमानों की गहन जांच जारी**

उन्होंने आगे कहा कि 14 जून को डीजीसीए की तरफ से निर्देश मिलने के बाद, हम अपने 33 बोइंग 787 विमानों की गहन जांच कर रहे हैं। अब तक, 26 विमानों का निरीक्षण पूरा हो चुका है और उन्हें सेवा के लिए मंजूरी दे दी गई है। बाकी विमानों का फिलहाल रखरखाव में हैं और सेवा में लाए जाने से पहले उनकी अतिरिक्त जांच की जाएगी। उन्होंने ये भी कहा कि समीक्षा के बाद डीजीसीए ने पुष्टि की है कि हमारे बोइंग 787 बेड़े और रखरखाव प्रक्रियाएं पूरी तरह से सुरक्षा मानकों को पूरा करती हैं। विमान का ब्लैक बॉक्स (डीएफडीआर और सीवीआर) दो हिस्सों में बरामद हुआ। इसका पहला सेट 1× जून को मिला। जबकि, दूसरा सेट 16 जून को बरामद हुआ। यह विमान मॉडल दो ब्लैक बॉक्स सेट से लैस होता है, जिससे 'यादा जानकारी मिलने की उम्मीद है।

# कर्नाटक में रिलीज होगी 'ठग लाइफ'

**नई दिल्ली।** अभिनेता से नेता बने कमल हासन की नई फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में स्क्रीनिंग में अड़चन पैदा करने वालों को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कर्नाटक सरकार से कहा कि यह आपका कर्तव्य है कि आप ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें, जो ऐसी धमकियां देते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अड़चन डालने वालों के खिलाफ राज्य सरकार से कार्रवाई की योजना भी मांगी। कर्नाटक सरकार ने अदालत को कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि अगर फिल्म अभी रिलीज होती है तो सभी सिनेमाघरों में पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही अदालत ने कमल हासन को अपनी टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगने की बात भी कही है। प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता ने मांफी मांगने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने इस तरह के चलन पर दुख जताया।

# देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की।

## गृह मंत्री बोले- आने वाले समय में अंग्रेजी बोलने में आएगी शर्म

उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण कै जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

गृह मंत्री पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की लिखी गई पुस्तक मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं, के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

# यूपी : आठ साल में 234 दुर्दांत अपराधियों का एनकाउंटर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में पिछले आठ वर्ष में 234 दुर्दांत अपराधी पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए जबकि 9,202 अपराधी घायल हो गये। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह

## 9,202 अपराधी हुए घायल

## मेरठ में हुई सबसे ज्यादा मुठभेड़

जानकारी देते हुए कहा गया कि प्रदेश में योगी आदित्यनाथ नीत सरकार ने कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति (जीरो टॉलरेंस नीति) के तहत पिछले आठ वर्ष में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की। इस दौरान 234 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। इस दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ की 14,741 घटनाएं हुईं, जिनमें 30,293 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अपराधियों से मुकाबला करते हुए 18 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि 1,700 पुलिसकर्मी घायल हुए। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण के हवाले से बताया गया कि प्रदेश में सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ ज़ोन में हुई जहां पुलिस ने 4,183 कार्रवाई की। इनमें 7,871 अपराधी पकड़े गए जबकि 2,839 अपराधी घायल हो गए। इस दौरान 77 कुख्यात अपराधी मौके पर ही मारे गए। इस दौरान 452 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के मामले में मेरठ जोन पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि वाराणसी ज़ोन में मुठभेड़ की 1,041 घटनाएं हुईं, जिनमें 2,009 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जबकि 26 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया गया। इस दौरान 605 अपराधी और 96 पुलिसकर्मी घायल हुए। पूरे प्रदेश में वाराणसी जोन मुठभेड़ मामले में दूसरे स्थान पर है। बयान के मुताबिक इस संबंध में आगरा जोन राज्य में तीसरे स्थान पर है। यहां 2,288 मुठभेड़ की घटनाएं हुईं, जिनमें 5,496 अपराधियों को दबोचा गया। इस दौरान 715 अपराधी घायल हुए जबकि 19 अपराधी मार गिराए गए। मुठभेड़ के दौरान 56 पुलिसकर्मी घायल हुए। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले आठ वर्ष में राज्य पुलिस ने अपराधी या तो जेल में होगा या प्रदेश से बाहर के संकल्प को धरातल पर उतारा। इससे अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। इसमें कहा गया है कि यही वजह है कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना राष्ट्रीय स्तर पर हो रही है।

रियों ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले महीने अमेरिका में अध्ययन करने की उम्मीद कर रहे विदेशी छात्रों के लिए नए वीजा साक्षात्कारों की समय-सारणी को अस्थायी रूप से रोक दिया था, क्योंकि वह सोशल मीडिया पर उनकी गतिविधि पर निगरानी का विस्तार करने की तैयारी कर रहा था।



स्वतंत्र भारत
epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारिणी का चुनाव 22 को



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का खुला राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया है। जिसमें 27 प्रदेशो से राष्ट्रीय प्रतिनिधियों पदाधिकारियों सहित जन प्रतिनिधि एवम मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सहित केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिह शेखावत को भी आमंत्रित किया गया है। प्रेस वार्ता में वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री कार्यक्रम प्रभारी संयोजक राघवेन्द्र सिह राजू ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस अधिवेशन में 100 जनप्रतिनिधियों और प्रतिनिधियों को चुनाव के बाद सम्मानित किया जाएगा। राघवेन्द्र ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कुंवर हरिवंश सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि राजधानी मे वर्तमान हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद लोकसभा कुंवर हरिवंश सिह लगातार 75 साल से संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। उनके नेतृत्व मे तीन पदयात्राए संचालित हुई है। राघवेन्द्र ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि लखनऊ, दिल्ली मुम्बई में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यालय बनाए जाएं। सभी वर्गो मे सामंजस्य बनाकर देश की उन्नति संभव है। वीरपाल भदौरिया पारस चौहान भुवनेश्वर सिह जय गोबिंद सिह आलोक सिह अमरेन्द्र सिह डॉ राजीव पुन्डीर युवा अध्यक्ष दुर्गश सेंगर सहित आयोजन से जुडे पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## रोजगार मेला 24 को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से लखनऊ में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 24 जून को सरोजनी नगर ब्लॉक परिसर में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में कुल 12 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी, जो इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई और पॉलिटेक्निक पास बेरोजगार युवाओं का चयन करेंगी। मेले में चयन प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क होगी और इसमें किसी भी स्तर पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। सहायक निदेशक (सेवायोजन) लखनऊ मंडल सूर्यकांत कुमार ने बताया कि मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पंजीकरण के बाद उम्मीदवारों को अपने मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं सीवी की प्रतियों के साथ सीधे मेले में उपस्थित होना होगा। यदि किसी अभ्यर्थी को पोर्टल पर पंजीकरण या आवेदन में कोई असुविधा हो तो वह टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 155330 पर संपर्क कर सकता है।

# मतदाता सूची की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रशिक्षण का दूसरा चरण संपन्न

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने त्रुटिरहित मतदाता सूची बने, महिला व युवा मतदाता पंजीकरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेश में मतदाता सूची की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के लिए तीन-चरणों वाला प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। इसका दूसरा चरण गुरुवार को प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी अलीगंज, में संपन्न हुआ। इस सत्र का उद्घाटन प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया और इसमें प्रदेश से आये हुए 130 ईआरओ ने भाग लिया। इससे पूर्व 17 जून को 124 ईआरओ को प्रशिक्षित किया जा चुका है। श्री रिणवा ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त बनाना है, ताकि इसमें कोई गलती न हो। इसके साथ ही, उन्होंने महिलाओं और युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, यह हम

**■ लिंगानुपात सुधार व 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं को शामिल करने पर दिया जोर**

सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण सत्र में मतदाता सूची से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। श्री रिणवा ने मतदाता सूची के विधिक पहलुओं तथा रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं बी.एल.ओ. (बूथ लेवल ऑफिसर) के दायित्व एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जोर दिया कि यदि ईआरओ यहां से अच्छे ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, तो वे अपने निचले स्तर पर बी.एल.ओ. और सुपरवाइजरों को छोटे-छोटे समूहों में बेहतर तरीके से प्रशिक्षित कर पाएंगे। बूथों की पहचान करने का निर्देश दिया जहाँ लिंग अनुपात (जेंडर रेशियो) कम है। ऐसी जगहों पर एक कार्ययोजना के तहत संबंधित बी.एल.ओ. को छोटे-छोटे समूहों में कार्यवाही करने और इसका नियमित अनुश्रवण करने के लिए निर्देशित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 18-19 वर्ष आयु वर्ग के मतदाताओं के नाम शामिल करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बी.एल.ओ. के माध्यम से संभावित मतदाताओं की पहचान कर उनके नाम नियमानुसार मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों को मतदाता सूची की आलेख्य (ड्राफ्ट) और अंतिम प्रकाशन के दिन निःशुल्क प्रतियां उपलब्ध कराई जाएंगी।

## बाल निकुंज में मेधावियों का सम्मान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सीतापुर रोड़ स्थित बाल निकुंज इंटर कालेज के शिव सहाय जी सभागार में गुरूवार को यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम 2025 में कालेज के इन्टरमीडिएट के 285 मेरीटोरियस एवं डिस्टिंक्शन मार्कस प्राप्त करने वाले मेधावियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि दुर्गेश एन सिंह डीजीएम, सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया लखनऊ द्वारा मेधावियों को विशिष्ट पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्र पुरस्कार व सम्मान पाकर बहुत खुश दिखे। मुख्य अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि किताब ऐसा मित्र है जो कभी आपको धोखा नहीं देगा। डेडीकेशन, एकाग्रचितता और कठिन परिश्रम से किया गया कार्य सफ्लता की ओर ले जाता है। हार्ड वर्क का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

## खबर एक नजर

### जवानों की निशुल्क जांच



**स्वतंत्र भारत बिजनौर।** क्षेत्रीय कावा संगठन की अध्यक्षा निरुपमा ओझा के मार्गदर्शन में 91वीं वाहिनी दुत कार्य बल बिजनौर में निजी हॉस्पिटल बिजनौर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष चंद्र सिंह की देख-रेख में चिकित्सकों एवं उनकी टीम के द्वारा वाहिनी के जवानों व उनके पारिवारिक जनों का मुफ्त मेडिकल चेकअप किया गया साथ ही विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई तथा उनसे बचने के उपाय भी बताए गए जिससे कि जवानों व पारिवारिक जनों को स्वास्थ्य संबंधी काफी जानकारियां प्राप्त हुई जो कि आगामी भविष्य में उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने में मदद मिलेगी व लाभप्रद साबित होगा इस मौके पर 91वीं वाहिनी दुत कार्य बल के मयंक तिवारी द्वितीय कमान अधिकारी, योगेश पांडे उप कमाण्डेन्ट ,अरुण तिवारी उप कमाण्डेट एवं अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी व जवानो ने मेडिकल चेकअप कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### बच्चों को ऐतिहासिक स्थलों का कराया भ्रमण

**स्वतंत्र भारत बिजनौर।** 91 वीं वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स , बिजनौर के निर्देशानुसार क्षेत्रीय कावा संगठन की अध्यक्षा निरुपमा ओझा के मार्गदर्शन में वाहिनी के जवानों , उनके परिवारों, एवं सीआरपीएफ परिवार कल्याण संगठन से जुड़े बच्चों को राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक व शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। इस कार्यक्रम में जवानों और उनके परिवारों ने ला मार्टिनियर कॉलेज और दिलकुशा कोठी जैसे प्रतिष्ठित स्थलों का दौरा किया। इस दौरान उन्हें इन स्थलों के ऐतिहासिक और शैक्षणिक महत्व की जानकारी प्रदान की गई। यह अनुभव जवानों और उनके परिवारों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक और गौरवपूर्ण रहा।भ्रमण कार्यक्रम में 91वीं वाहिनी की उप कमाण्डेंट रीना घोष, सहायक कमांडेंट अजय कुमार वर्मा , अधीनस्थ अधिकारी ,जवान , उनके परिवारों और बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह आयोजन जवानों के मानसिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ उनके परिवारों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बलरामपुर अस्पताल को मिली पांच डायलिसिस मशीनें



**स्वतंत्र भारत सवांददाता,लखनऊ।** रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांस गोमती ने बलरामपुर अस्पताल के नेफ्रोलॉजी विभाग को 5 डायलिसिस मशीने सौंपी। डायलिसिस मशीनों के हैंडओवर समारोह के मुख्य अतिथि सुधीर हलवासिया व विशिष्ट अतिथि बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार थे। सुधीर हलवासिया ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज को सेवा के प्रति प्रेरणा मिलती है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ ट्रांस गोमती का आभार व्यक्त किया और कहा कि इसी तरह अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी मदद के लिए आगे आना चाहिए।जिससे गरीब मरीजों के इलाज में मदद मिल सके। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील बंसल,डॉ. पंकज मित्तल अध्यक्ष,पूर्वी मित्तल सचिव,अजय कपूर कोषाध्यक्षऔर क्लब के 20 से अधिक सदस्य मौजूद रहे।

### बीज वितरण की व्यवस्था पर मंत्री ने जतायी नाराजगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही के द्वारा कृषि भवन स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ खरीफ फसल की बुवाई तथा आच्छादन की स्थिति पर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उन्होंने खरीफ में बीजों की उपलब्धता, वितरण की जनपदवार गहन समीक्षा की। उन्होंने बीज वितरण की व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की गई। अपर कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि यदि कोई जनपद बीज वितरण से अवशेष रह गया हो तो तत्काल किसानों के मध्य वितरित करा लिया जाए। साथ ही किसानों को खरीफ की बुवाई के पूर्व जिप्सम की भी आपूर्ति लक्ष्य के अनुसार जनपदों में शत-प्रतिशत कराते हुए वितरित करा लिया जाए। उनके द्वारा उर्वरक अनुभाग की समीक्षा करते हुए कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि खरीफ मौसम में कृषकों में मांग एवं मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उर्वरक की उपलब्धता जनपदों में बनाए रखा जाए एवं गुणवत्तापूर्वक उर्वरक की बिक्री हो इसकी भी सुनिश्चितता निर्धारित की जाए तथा प्रमुख उर्वरकों के साथ किसी प्रकार की टैगिंग न की जाए। विभिन्न प्रकार की गोष्ठियों/मेलों/प्रशिक्षण के माध्यम से कृषकों में जागरूकता लाई जाए कि मृदा में जीवांश कार्बनिक खादों का ही प्रयोग करें एवं रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग कम से कम करें जिससे मृदा की उर्वरता स्तर में वृद्धि हो सके। कृषि रक्षा अनुभाग की समीक्षा करते निर्देशित किया गया कि डिजिटल क्राप सर्वे के आधार पर आच्छादित फसलों के क्षेत्रफल के अनुसार खरपतवारनाशी एवं उनमें संभावित कीट/रोगों के संक्रमण के अनुसार रसायनिक दवाओं की व्यवस्था समयानुसार पूर्व में कर ली जाए। प्रमुख सचिव कृषि के द्वारा कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि रबी मौसम में बीजों की उपलब्धता हेतु जुलाई के प्रथम सप्ताह से प्रस्तावित कार्ययोजना के अनुसार तैयारी सुनिश्चित कर लिया जाए जिससे रबी मौसम हेतु कृषि निवेशों की उपलब्धता के संबंध में कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो सके। साथ ही सभी योजनाधिकारी आपस में समन्वय करते हुए यह सुनिश्चित कर लें कि रबी मौसम में कृषि निवेश की व्यवस्था एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में विपरीत स्थिति का सामना न करना पड़े।

# भू-माफियाओं पर होगी कठोर कार्रवाई

### सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हटाने को लेकर मंडलायुक्त ने ली बैठक

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सरकारी एवं ग्रामसभा की जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। इस सिलसिले में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक

**■ राजधानी में चलाया जा रहा है विशेष अभियान**

आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित की गई, जिसमें भूमि चिन्हांकन, जीएस मैपिंग, जीरो टेगिंग तथा कब्जा मुक्त कार्रवाई की अद्यतन प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भू-माफिआओं द्वारा किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि राजस्व विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीमें सभी सरकारी भूखंडों की पैमाइश कर उन्हें चिन्हित कर रही हैं। ऐसे स्थलों की जीएस मैपिंग और जीरो टेगिंग का कार्य भी तीव्र गति से कराया जा रहा है। डॉ. रोशन जैकब ने निर्देशित किया कि जिन



स्थलों पर दबंग भू-माफिआओं द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध प्लॉटिंग की गई है या बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी गई है, वहां तत्काल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चिन्हित भूमि को कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी स्वामित्व में लिया जाए तथा उस पर बोर्ड लगाकर भूमि को सुरक्षित किया जाए। मंडलायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए। तहसील और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा चिन्हित अवैध अतिक्रमणों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे सभी मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों की जिम्मेदारी तय की जाए। बैठक में नगर आयुक्त गौरव कुमार, एलडीए के संयुक्त सचिव एसपी सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करने की अपील की।

# स्कूल विलय के खिलाफ ग्राम प्रधान ने दिया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों के मर्ज (संविलियन) प्रस्ताव के खिलाफअब गांव स्तर पर भी विरोध की आवाजें मुखर होने लगी हैं। लखनऊ के चिनहट विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पल्हरी के ग्राम प्रधान अमर सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को पत्र सौंपकर स्कूल मर्जिंग का विरोध किया है। प्रधान ने पत्र में स्पष्ट किया कि उनके गांव का प्राथमिक विद्यालय ही बच्चों के लिए एकमात्र सुलभ शिक्षा केंद्र है। प्रस्तावित पेयरिंग से बच्चों को 5 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी तक पैदल या असुरक्षित साधनों से जाना होगा, जिससे न केवल उनकी उपस्थिति प्रभावित होगी बल्कि विशेषकर बालिकाओं की शिक्षा पूरी तरह खतरे में पड़ जाएगी। ग्राम प्रधान अमर सिंह ने अपने ज्ञापन में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 की धारा-4 का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को एक किलोमीटर के भीतर प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन पेयरिंग आदेश इस प्रावधान का उल्लंघन करता है। पत्र में यह भी बताया गया कि ग्राम सभा, विद्यालय प्रबंधन समिति और स्थानीय अभिभावक समुदाय ने भी इस प्रस्ताव का विरोध किया है। उनका कहना है कि विद्यालय को हटाने से गांव में शिक्षा के अधिकार, सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

**■ आरटीई का हवाला देकर विद्यालय को यथास्थान रखने की मांग**

# स्कूल विलय के खिलाफ शिक्षकों ने छेड़ा जनआंदोलन

### गांव-गांव जाकर चलाएंगे जागरूकता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों के 'पेयरिंग' के नाम पर किए जा रहे एकीकरण (विलय) के खिलाफ अब शिक्षक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के करीब 30 हजार प्राथमिक विद्यालय प्रभावित होंगे, जिनमें 10 लाख से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मदद से गांवों में जन आंदोलन चलाया जाएगा, जिसमें ग्राम प्रधानों, ग्राम शिक्षा समितियों और स्कूल प्रबंधन समितियों को भी शामिल किया जाएगा। संघ के लखनऊ जिला मीडिया प्रभारी हरिशंकर राठौर ने बताया कि अकेले लखनऊ जनपद में 445 विद्यालयों का एकीकरण प्रस्तावित है, जिससे लगभग 16 हजार बच्चों की शिक्षा प्रभावित होगी और 1000 से अधिक शिक्षक अन्य विद्यालयों में समायोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, जब स्कूल ही खत्म कर दिए जाएंगे, तो गांवों का विकास और बच्चों का भविष्य दोनों संकट में आ जाएगा।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्षरत शिक्षक संगठन अटेवा ने भी सरकार के इस निर्णय के विरोध में आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि स्कूल मर्ज होने के बाद 6 साल के बच्चे से 4-5 किलोमीटर की दूरी तय करवाना अमानवीय है। उन्होंने कहा कि बहराइच, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, चंदौली, सीतापुर जैसे जिलों में बच्चे घने जंगल, गन्ने के खेत या असुरक्षित रास्तों से होकर स्कूल जाते हैं। इस दौरान जंगली जानवरों और दुर्घटनाओं का गंभीर खतरा बना रहता है। उन्होंने अफ्सरशाही पर हमला बोलते हुए कहा, ÷एसी रूम में बैठकर लिए गए निर्णय गाँव की ज़मीनी हकीकत से कोसों दूर होते हैं। यदि यह तानाशाही आदेश जल्द वापस नहीं लिया गया तो अटेवा भी प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा।

शिक्षक संगठनों ने साफकिया है कि वे गांव-गांव जाकर जनजागरूकता अभियान चलाएंगे और इस विषय में मुख्यमंत्री को जनप्रतिनिधियों व ग्राम समितियों के माध्यम से प्रतिवेदन भी भेजा जाएगा।

# ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी विशाख जी. ने तहसील मोहनलालगंज स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस का निर्धारित निरीक्षण गुरूवार को किया।



निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पायी गई। उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज अंकित शुक्ल द्वारा बताया गया की ईवीएम एवं वीवीपैट के जनपद स्तरीय वेयर हाउस में कुल 24 कमरे है। सभी कमरे जिसमे ईवीएम एवं वीवीपैट रखे गए हैं, वह डबल लॉक से सील किए गए हैं व उनकी निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। सभी कैमरों की फुटेज भी एक माह तक सुरक्षित रखी जाती हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लॉक कमरों की सील खोल कर निरीक्षण किया गया।

# सहारा बाजार को वापस लेगा एलडीए

स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ। गोमती नगर के विभूति खण्ड में पॉलीटेक्निक चौराहे के पास बने सहारा बाजार को लखनऊ विकास प्राधिकरण अपने कब्जे में लेगा। प्राधिकरण ने उक्त भूखण्ड सहारा इंडिया कार्पोरेशन को 30-30 वर्ष की लीज पर आवंटित किया था। एग्रीमेंट की शर्तों के उल्लंघन पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने लीज डीड निरस्त करते हुए भूखण्ड में पुर्नप्रवेश के आदेश दिये हैं। शुक्रवार को एलडीए की टीम परिसर को सील बंद करेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि गोमती नगर योजना के विभूति खण्ड में पॉलीटेक्निक चौराहे व वेव मॉल के बीच में 4741 वर्गमीटर क्षेत्रफल के व्यावसायिक भूखण्ड पर सहारा बाजार बना है। प्राधिकरण ने उक्त भूखण्ड दिनांक-9 जनवरी 1987 को सहारा इंडिया कार्पोरेशन लिमिटेड के पक्ष में 30-30 वर्षो की लीज पर आवंटित किया था। आवंटी संस्था को एग्रीमेंट की नियम व शर्तों के अनुसार लीज अवधि समाप्त होने से पूर्व लीज डीड का नवीनीकरण कराना था।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सीएम ने दी शुभकामनाएं

### मंत्री नन्दी के नेतृत्व में अग्रवाल समाज के पदाधिकारियों ने सीएम से की मुलाकात

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** 40 वर्ष बाद पिछले दिनों सम्पन्न हुए अग्रवाल समाज प्रयागराज के संगठनात्मक चुनाव में विजयी हुए पदाधिकारियों ने गुरूवार को प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' के नेतृत्व में सपरिवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में अग्रवाल समाज के महत्वपूर्ण योगदान की चर्चा करते हुए सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व बुधवार की रात मंत्री नन्दी ने राजधानी स्थित अपने सरकारी आवास 6 कालीदास मार्ग पर अग्रवाल समाज प्रयागराज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए अभिनन्दन समारोह एवं रात्रिभोज का आयोजन किया। जिसमें अग्रवाल समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी सपरिवार सम्मिलित हुए।अभिनन्दन समारोह में सम्मिलित होने के लिए अग्रवाल समाज प्रयागराज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी बुधवार की शाम लखनऊ पहुंचे। होटल ताज में विश्राम के बाद सभी पदाधिकारी मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के सरकारी आवास 6 कालीदास मार्ग पहुंचे। जहां सभी के सम्मान में अभिनन्दन समारोह एवं रात्रिभोज का आयोजन किया गया था। मंत्री नन्दी ने प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ सभी पदाधिकारियों एवं परिवार के सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। सभी को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री नन्दी ने कहा कि महाराजा अग्रसेन एवं दानवीर भामाशाह के पदचिन्हों पर चलते हुए वैश्य समाज ने सदैव परोपकार, सेवा, सामाजिक एकजुटता का कार्य किया है। इन्हीं लक्ष्यों के लिए समर्पित एवं संकल्पित अग्रवाल समाज प्रयागराज की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है। जिसके लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का सशक्तिकरण, उन्नयन, प्रगति, आत्मनिर्भरता का विस्तार करना हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। चुनाव में विजय केवल विजय नहीं बल्कि बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। समाज के एक-एक व्यक्ति का कार्य करना सभी की जिम्मेदारी है। श्रीं नन्दी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सफल एवं उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर अग्रवाल समाज प्रयागराज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पीयूष रंजन अग्रवाल, महामंत्री अभिषेक मित्तल, कोषाध्यक्ष मनीष गोयल, सह कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल, राकेश गुप्ता, मंत्री अजीत कुमार बंसल, अनुज अग्रवाल, सहमंत्री अजय कुमार अग्रवाल, अनूप अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीएमएस में 'विजन 2025 कान्फ्रेंस' का शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तत्वावधान में तीन दिवसीय 'सी.एम.एस. विजन-2025 सम्मेलन' का शुभारम्भ गुरूवार को स्कूल की शाखा गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में हुआ। सम्मेलन की शुरूआत स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने अन्तरिक्ष यात्रा की विचारधारा पर आधारित स्मृतिका का अनावरण करके किया। यह तीन दिवसीय सम्मेलन 'द यूनीवर्स - मैपिंग द लर्निंग गैलेक्सी' थीम पर आयोजित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत स्कूल की शिक्षकों व प्रधानाचार्याओं ने भविष्य आधारित शिक्षा पद्धति पर गहन चर्चा-परिचर्चा की। जिससे नई चुनौतियों एवं वास्तविकताओं के अनुरूप स्कूल की शिक्षण पद्धति में सृजनात्मक बदलाव लाया जा सके।

## संकिसा में पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं का विकास होगा : जयवीर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश बौद्ध पर्यटन में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज जैसे पारंपरिक तीर्थ स्थलों के साथ-साथ अब बौद्ध धर्म से जुड़े स्थलों पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। पर्यटन विभाग देश-विदेश से आने वाले बौद्ध पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए फर्रुखाबाद के संकिसा स्थित बौद्ध मठों में अवस्थापना विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य शुरू करने जा रहा है। इसके लिए सात करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'पर्यटन विभाग देश-दुनिया से आने वाले बौद्ध पर्यटकों को राज्य की ओर आकर्षित कर रही है। निवेश एवं रोजगार के साधन सृजित करने के उद्देश्य से राज्य के बौद्ध स्थलों को सजाने-संवारने एवं बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराने का प्रयास भी जारी है। इस पहल का उद्देश्य बौद्ध धर्मावलंबियों को आकर्षित करना तथा संकिसा को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करना है।' संकिसा के ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं संचालित कर रही है। परियोजना के लिए स्वीकृत 07 करोड़ की राशि से पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए मठ परिसर का सौंदर्यीकरण, सड़कों का सुधार, शौचालय, पेयजल, विश्राम स्थल एवं सूचना पट्ट आदि की व्यवस्था की जाएगी। सरकारी प्रयास से न केवल स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि फर्रुखाबाद की सांस्कृतिक विरासत को भी नई पहचान मिलेगी। संकिसा में बौद्ध तीर्थ स्थल जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां विदेशी थीम पर बने कई बौद्ध मठ मंदिर हैं। आस्था और श्रद्धा से आने वाले आगंतुकों के लिए संकिसा में कंबोडिया, श्रीलंका, म्यांमार और जापान के भव्य मठ मंदिर स्थापित हैं। ठहरने के लिए पर्यटक आवास गृह व होटल भी है। इसके अलावा गेस्ट हाउस भी बना हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2024 में कुल 61,47,826 बौद्ध पर्यटक आए। पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हमारे प्रयासों का प्रतिफल है।



# कानपुर के सीएमओ निलम्बित उदयनाथ को मिली जिम्मेदारी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** कानपुर के सीएमओ डॉक्टर हरिदत्त नेमी को गुरुवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उनकी जगह श्रावस्ती के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उदय नाथ को भेजा गया है। सीएमओ पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के रिक्त पदों में चयन के दौरान बरती गई अनियमिताओं तथा वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी को वित्तीय परीक्षण एवं पदेन कार्यों से अलग करने का भी आरोप लगाया गया है। चिकित्सा अनुभाग दो से जारी आदेश पत्र के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत रिक्त पदों की नियुक्तियों के संबंध में चयन प्रक्रिया का विज्ञापन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर नहीं कराया गया था। इसके साथ ही जिला स्वास्थ्य समिति तथा मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर के निर्देशों के बावजूद आयुष परीक्षा के साक्षात्कार का परिणाम चार दिन के भीतर जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदित नहीं कराया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी को वित्तीय परीक्षण एवं पदेन कार्यों से विरत करते हुए उनके स्थान पर गैर वित्त सेवा अधिकारी से कार्य लिया गया। जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और निलंबन अवधि के दौरान महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें उत्तर प्रदेश लखनऊ कार्यालय से संबंध कर दिया गया है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में नियुक्तियों को लेकर डीएम से हुआ था विवाद

# लोड बढ़ने से बिजली में सुधार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ सेंट्रल जोन के तालकटोरा मंडल के अंतर्गत राजाजीपुरम खंड के राजाजीपुरम ओल्ड उपकेंद्र से पोषित 11 केवी आरडीएसओ पोषक का विभक्तिकरण करके नवा पोषक भव्यपुरम गुरूवार को सफलतापूर्वक लोड पे ऊर्जीकृत किया गया। उक्त कार्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आरडीएसएस के अंतर्गत पूर्ण कराया गया है। वर्तमान में आरडीएसओ पर 100 व भत्यपुरम पर 70 एंपियर लोड हो गया है। पूर्व में अधिक लोड होने के कारण पोषक पर दोष आने पर अधिकांष क्षेत्रों के उपभोक्त की आपूर्ति प्रभावित होती थी तथा पुरानी लाइन पर अधिक लोड होने की वजह से ट्रिपिंग आने की संभावना ज्यादा थी। उक्त पोषकों से ऊर्जीकृत लगभग 2000 उपभोक्ताओ को निर्वाध ट्रिपिंग फ्री आपूर्ति प्रदान की जा सकेगी। इस कार्य से स्कूल रानी लक्ष्मी बाई हॉस्पिटल रोड, भल्यपुरम क्षेत्र की आपूर्ति में सुधार आएगा।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा





**स्वतंत्र भारत सवांददाता, लखनऊ।** राजधानी में सुबह से बादल छाए रहे। पूर्वी ठंडी हवा से राजधानी वासियों को गर्मी से राहत मिली। शाम को हजरतगंज,कैंट, बीकेटी , पीजीआई समेत कई इलाकों में बारिश हुई और तेज हवाएं चली। शहर के कई इलाकों में सुबह बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। करीब 10 बजे तक हवा में शीतलता रही। इस दौरान अधिकतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन रुक रुक कर बारिश होने का पूर्वानुमान है। मानसून भी यूपी के करीब आ चुका है। मौसम विभाग ने 23 जून तक लखनऊ मे मानसून के सक्रिय होने का पूर्वानुमान जारी किया है। दूसरी ओर पश्चिमी विक्षोभ के साथ एक चक्रवाती स्थिति बनी हुई है जिसे पुरवा हवा से ताकत मिल रही है। यह स्थिति अगले 48 घंटे जारी रहेगी। इसलिए मौसम विभाग का कहना है कि बादलों की आवाजाही के बीच बारिश और बूंदाबांदी का सिलसिला फिलहाल जारी रहेगा। वहीं, गुरूवार को सुबह बारिश और बूंदाबांदी से मौसम अच्छा हो गया। दुबग्गा, पारा, आईआईएम रोड, कुर्सी रोड समेत कुछ इलाकों में कुछ देर तक बारिश होती रही। इन्दिरा नगर समेत कुछ इलाकों में हल्की बौछार पड़ी जबकि गोमती नगर समेत कई इलाकों में रात में झमाझम बारिश हुई।

# गोमती नगर में फ्लाईओवर के नीचे से झुग्गियां हटाई गईं

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर निगम ने गुरुवार को शहर के कई क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान गोमती नगर विस्तार में फ्लाईओवर के नीचे बनी झुग्गियों को हटाया गया। साथ ही अस्थाई कब्जे ध्वस्त किये गये। जोन चार में नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने ग्वारी चौराहा से गोमती नगर विस्तार में फ्लाईओवर के नीचे बनी झुग्गियों को हटाया गया। इसके पश्चात विभूति खंड में मॉडल वेंडिंग जोन के चारों ओर लगाई गई अवैध दुकानों को हटाया गया। साथ ही जेनेश्वर मिश्रा पार्क के गेट नंबर-7 के पास से अतिक्रमण हटाकर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त अर्जुनगंज चौराहे से अहिमामऊ पुल के नीचे तक भारी पुलिस बल, पीएसी बल तथा थाना सुशांत गोल्फ सिटी के प्रभारी निरीक्षक की उपस्थिति में अतिक्रमण हटाया गया। इस अभियान में बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया गया। जोन-5 के अंतर्गत एयरपोर्ट नादरगंज चौराहा से पटरी दरोगा खेड़ा तक और सरोजनी नगर औद्योगिक क्षेत्र में चलाए गए अभियान में अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया।

# लखनऊ में कोरोना के 7 मरीज और मिले

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी में कोरोना मरीजों के आंकड़ों में उतार चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में कोविड के सात मरीज मिले। इनमे दो पुरुष और पांच महिलाएं शामिल हैं। इनमें एक छह माह की बच्ची भी शामिल है। सीएमओ आफिस के मुताबिक रहीमाबाद में एक महिला, विक्रम नगर में एक नवजात बच्ची,प्रेम नगर चिनहट में एक महिला, विवेक खंड गोमती नगर में एक महिला, रेजीडेंसी कैसरबाग में एक महिला तथा दो पुरुषों की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। शहर में अब तक कुल 50 कोविड रोगी पाए गए हैं जिसमें एक्टिव केसों की संख्या 27 है।

# अस्पताल की गलती का खामियाजा भुगत रहे परिजन

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** लोहिया संस्थान में गुरुवार को बुजुर्ग मरीज की बायोप्सी तो नहीं हुई मगर एक दूसरी जांच कराई गई। इसके लिए परिजनों को 27400 का बिल थमाया गया। परिजनों का आरोप है कि आखिर इतने बड़े संस्थान में इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो सकती है कि बायोप्सी के नमूने ही गायब हो जायें। बता दें कि रामसेवक (77) को पेशाब संबंधी परेशानी है। परिवारीजन मरीज का लोहिया संस्थान के यूरोलॉजी विभाग में इलाज करा रहे हैं। डॉ. ईश्वर रामदयाल रामसेवक की बायोप्सी जांच कराने की सलाह दी। जांच के लिए बायोप्सी का नमूना लिया गया। 30 मई को नमूना पैथोलॉजी में जमा किया गया। 12 जून को रिपोर्ट लेने पहुंचे परिजनों को बताया गया कि लैब में खाली कंटेनर पहुंचे, किसी में नमूना नहीं था। मंगलवार को परिवारीजनों ने लिखित शिकायत की तब आनन फानन में दोबारा जांच की प्रक्रिया शुरू हुई। लेकिन परिजनों ने बायोप्सी कराने में असमर्थता जताई। दरअसल बायोप्सी एक तकलीफदेह और संवेदनशील जांच होती है। परिजनों के कहने पर मरीज को पीएसएमए सीटी स्कैन जांच कराई गई। इसके लिए मरीज को 27400 का बिल थमाया गया। परिजनों का आरोप है कि बायोप्सी के सैंपल लिए गए या नहीं। अगर लिए गए तो क्या उन्हें कंटेनरों में सही से डाला गया। क्या लैब तक पहुंचाने में लापरवाही हुई या फिर किसी स्तर पर यह नमूने जानबूझकर गायब किए गए।

### परिजनों को दोबारा जांच के लिए थमाया 27400 का बिल

### बुजुर्ग की बायोप्सी के नमूने गायब होने का मामला

# दुबग्गा में चला बुलडोजर, पांच अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को प्रवर्तन टीम ने गोसाईंगंज व दुबग्गा क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान एलडीए से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से की जा रही 5 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि शुधांशु वर्मा व अन्य द्वारा गोसाईंगंज के दुलारमऊ में लगभग 04 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह ग्राम-दुलारमऊ में ही मुन्ना सिंह द्वारा लगभग 4 बीघा व जीवन कुमार द्वारा लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध तरीके से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था।

### एलडीए के प्रवर्तन जोन-1 एवं जोन-7 की टीम ने की कार्रवाई

# मॉक पार्लियामेंट की तैयारियों की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा लोकतंत्र के काले अध्याय आपातकाल के 50वें वर्ष में प्रदेश में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम आयोजित करेगा। आगामी 25,26 और 27 जून को प्रदेश में अलग अलग 9 स्थानों पर ये कार्यक्रम आयोजित किये जाएँगे। मॉक पार्लियामेंट की तैयारियों के संदर्भ में गुरुवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने भाजयुमो के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपा था। युवाओं को इस ऐतिहासिक सत्य से अवगत कराना आवश्यक है। ताकि भविष्य में लोकतंत्र पर ऐसा संकट दोबारा न आए और देश के युवा सहित सभी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक रहें। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र पर आघात किया। कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटकर आपातकाल लगाया। आज कांग्रेस के उस काले कारनामे को जन जन को बताने की जरूरत है। मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से इस संदेश को प्रदेश के कोने-कोने तक विशेष रूप से युवाओं के बीच पहुँचाएं। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने की। प्रांशुदत्त द्विवेदी ने कहा कि इमरजेंसी के उस दमनकारी कालखंड को आज का युवा ठीक से समझे, यही इस आयोजन का उद्देश्य है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक युवाओं को इस आयोजन से जोड़ें। प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने बताया कि मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम मेरठ, झाँसी,कानपुर ,लखनऊ, प्रयागराज ,गोरखपुर ,गाजियाबाद , अलीगढ़, बरेली में आयोजित किए जाएँगे।

### 25, 26 और 27 जून को प्रदेश में अलग-अलग 9 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे

# 13000 से अधिक महिलाएं बनेंगीं सूक्ष्म उद्यम सखी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वंय सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओ की आमदनी बढाकर उन्हें स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाये जाने की दिशा मे प्रदेश मे बहुत तेजी के साथ कार्य हो रहा है। आजीविका मिशन के तहत गठित समूहों से समूह सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, कृषि आजीविका सखी, पशु सखी, रेशम सखी, सूर्य सखी आदि बनाकर उनकी आमदनी मे अभिवृद्धि करायी गयी है। इसी कडी मे सूक्ष्म उद्यम सखी के रूप मे दीदियो को प्रशिक्षण देकर महिलाओ की आमदनी मे इजाफा करने की नयी पहल की गयी है। इस पहल के तहत 13,064 महिलाओं को सूक्ष्म उद्यम सखी के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा, जो आगे चलकर 50-50 अन्य महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़ेंगी। अब तक ये महिलाएं अपनी आजीविका के लिए कार्य कर रही थीं, लेकिन इस पहल के माध्यम से वे खुद उद्यमी बनेंगी और दूसरों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। उन्हें छोटे व्यापार शुरू करने, वित्तीय सहायता प्राप्त करने और विपणन संबंधी जानकारी देने जैसे पहलुओं में मार्गदर्शन मिलेगा। बैंक सखी की मदद से उन्हें बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। पूर्व में इसी मिशन के तहत बैंक सखी, विद्युत सखी, कृषि आजीविका सखी और मनरेगा मेट जैसी भूमिकाएं तैयार की गई थीं, जिनसे महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक संबल मिला, बल्कि वे गांवों में बदलाव की मिसाल बनीं। सूक्ष्म उद्यम सखी न केवल स्वयं की पहचान बनाएंगी, बल्कि दर्जनों अन्य महिलाओं के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेंगी। साथ ही, ये महिलाएं प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप लखपति महिला कार्यक्रम को भी सहयोग प्रदान करेंगी।

### 17 जून को संपन्न हुई परीक्षा, चयनित महिलाओं को मिलेगा उद्यमिता का प्रशिक्षण








स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net


# विद्युत नियामक आयोग पर निजी घरानों और पावर कारपोरेशन का दबाव

### –निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर अभिमत देने का मामला

### –स्थानांतरण आदेशों के विरोध में वाराणसी में सत्याग्रह जारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुरूवार को सैकड़ो बिजली कर्मचारियों ने नियामक आयोग पर प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज किया। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि निजी घरानों के दबाव में निजीकरण के आरएफ पी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग से अभिमत लेने की तैयारी है, जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। उधर बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की दृष्टि से किए गए बड़े पैमाने पर ट्रांसफर एवं लेनदेन की बात वायरल होने के विरोध में गुरूवार को वाराणसी में बिजली कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू कर दिया।विद्युत कर्मचारी संयुक्त संगठन समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट पर विद्युत नियामक आयोग को तत्काल अभिमत देने के लिए निजी घरानों और पावर कारपोरेशन प्रबंधन दबाव डाला जा रहा है। संघर्ष



समिति ने कहा कि संभावना बताई जा रही है कि निजी घरानों के दबाव में विद्युत नियामक आयोग किसी भी समय अपना अभिमत पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन को दे सकता है। इसके विरोध में आज सैकड़ो बिजली कर्मचारियों ने विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय के मुख्य द्वार पर मौन प्रदर्शन किया। बिजली कर्मी अपने हाथ में तख्तियां लिए हुए थे, जिसमें लिखा था कि कारपोरेट के दबाव में निजीकरण स्वीकार्य नहीं स्वीकार्य नहीं। समिति ने कहा कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल निगम के निजीकरण के लिए इतना उतावला हो गया है कि पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष निदेशक वित्त निधि नारंग के साथ मिलकर अधिकारियों पर गलत संस्तुति पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डलवा रहे हैं। यह जानकारी मिली है कि इसी दबाव के चलते पावर कारपोरेशन के डायरेक्टर फंड सचिन गोयल ने त्यागपत्र दे दिया है।संघर्ष समिति ने कहा कि 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में निजीकरण से उपभोक्ताओं को और किसानों को होने वाले नुकसान की तो चर्चा होगी। साथ ही निजीकरण के पीछे होने वाले मेगा घोटाले का भी पर्दाफाश किया जाएगा। उधर पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा बिजली कर्मियों के उत्पीड़न की दृष्टि से बड़े पैमाने पर हजारों की संख्या में किए गए स्थानांतरण आदेशों के विरोध में आज प्रदेश भर में बिजली कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक और ऊर्जा मंत्री की बातचीत का ऑडियो वायरल होने के साथ ही ट्रांसफर आदेशों में लेनदेन की बात भी सामने आ गई है। ट्रांसफर घोटाले के विरोध में आज सैकड़ो बिजली कर्मियों ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य द्वार पर अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू कर दिया। गुरूवार को निजीकरण और ट्रांसफर आदेशों के विरोध में वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किया गया।

# आईटी सिटी की ग्रिड सड़कों का निर्माण जल्द

### –२,८५८ एकड़ में प्रस्तावित आईटी सिटी योजना ने पकड़ी रफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना ने रफ्तार पकड़ ली है। सुल्तानपुर रोड व किसान पथ से सीधे कनेक्ट होने वाली इस योजना में कुल 10 सेक्टर विकसित किये जाएंगे। जिसमें ले-आउट के मुताबिक ग्रिड सड़कों का निर्माण अगले माह से शुरू हो जाएगा। योजना के लिए भूमि जुटाव का कार्य तेजी से चल रहा है। गुरूवार को प्राधिकरण ने एक भू-स्वामी के साथ लैंड पूलिंग के माध्यम से 20 बीघा भूमि का एग्रीमेंट साइन किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने भू-स्वामी को कार्यालय में बुलाकर एग्रीमेंट डीड सौंपी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य प्रस्तावित आई0टी0 सिटी का क्षेत्रफल बढ़ाकर 2,858 एकड़ किया गया है। जिसके लिए मोहनलालगंज तहसील के ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली और भटवारा की जमीन ली जाएगी। यह योजना अपनी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए काफी उपयोगी होगी। योजना में 72 वर्गमीटर से 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के लगभग 5,000 आवासीय भूखण्ड सृजित किये जाएंगे। इसके अलावा ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखण्ड भी नियोजित किये जाएंगे।उन्होंने बताया कि आईटी सिटी को इस तरह विकसित किया जाएगा, जिससे अधिकतम निजी निवेश आकर्षित हो। इसके लिए योजना में लगभग 445.65 एकड़ इन्डस्ट्रियल एरिया व व्यावसायिक गतिविधियों के लिए लगभग 260 एकड़ क्षेत्रफल आरक्षित किया जाएगा। इससे इंडस्ट्रियल व व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा योजना में लगभग 200 एकड़ ग्रीन बेल्ट के बड़े भू-भाग में गोल्फ सिटी बनायी जाएगी। साथ ही लगभग 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना को पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी।लैंड पूलिंग से 300 बीघा भूमि के प्रस्ताव मिले संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के लिए जमीन जुटाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके तहत 05 गांव के 39 भू-स्वामियों ने अपनी 300 बीघा से अधिक भूमि लैंड पूलिंग के माध्यम से निःशुल्क देने के आवेदन दिये हैं। गुरूवार को ए-स्क्वायर कंपनी के विवेक अग्रवाल व अंश अग्रवाल ने मोहारी खुर्द गांव में स्थित अपनी लगभग 20 बीघा भूमि प्राधिकरण को लैंड पूलिंग के माध्यम से देते हुए एग्रीमेंट डीड साइन किया। ग्रिड सड़कों का निर्माण होगा प्रारंभ आई0टी0 सिटी में सुगम यातायात के लिए चौड़ी सड़कों का बेहतरीन नेटवर्क होगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा को ले-आउट के मुताबिक विकास कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये हैं। इसके अंतर्गत 45 मीटर, 30 मीटर, 24 मीटर व 18 मीटर चौड़ी ग्रिड सड़कों का निर्माण अगले माह से शुरू कराया जाएगा। संयुक्त सचिव ने बताया कि मोहारी खुर्द गांव में साइट ऑफिस बनाने का काम चल रहा है। किसानों से वार्ता करके कार्य को गति देने के लिए 02 नायब तहसीलदार, 02 अमीन, 02 लेखपाल व 02 कर्मचारियों की स्थल पर ड्यूटी लगायी गयी है।

# पार्षदों ने सीवर, सफाई व पेयजल का मुद्दा उठाया

### नगर आयुक्त ने की जोन सात के पार्षदों के साथ बैठक

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर आयुक्त ने पार्षदों की बैठक बुलाई तो सफाई, सीवर व पेयजल का मामला उठा। अधिकारियों ने संसाधनों का रोना रोया तो कई पार्षदों ने इसको लेकर आक्रोश भी जताया। नगर आयुक्त ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में गुरुवार को जोन-7 के पार्षदों के साथ नगर आयुक्त गौरव कुमार की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को नगर आयुक्त के समक्ष रखा। इनमें प्रमुख रूप से सीवर की सफाई, नालों से सिल्ट उठान, जलभराव की समस्या, मार्ग प्रकाश की खराब व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन और कूड़ा फैलाने वालों के विरुद्ध चालान व्यवस्था लागू करने की मांगें शामिल थीं। इसके अतिरिक्त पार्षदों ने नगर निगम के संसाधनों को बढ़ाकर सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कुछ पार्षदों ने अपने क्षेत्रों में मॉडल वेंडिंग जोन और सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने की मांग भी की।नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी पार्षदों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी मांगों और सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और इसके लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में नगर आयुक्त के साथ अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, चीफ इंजीनियर (सिविल) महेश वर्मा, चीफ इंजीनियर (आरआर) मनोज प्रभात, जोन-7 के जोनल अधिकारी आकाश कुमार, जोनल सेनेटरी अधिकारी कुलदीपक सिंह एवं अभियंत्रण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य पार्षदों से वार्ड स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा कर समाधान निकालना था।

# आयुष्मान योजना से कैंसर का इलाज आसान : अजय शंकर

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** कैंसर एक घातक बीमारी है लेकिन प्रारंभिक अवस्था में आ जाये तो इलाज संभव है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर का इलाज सरकारी एवं निजी संस्थानों में संभव है। यह बात डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी, चिकित्सा अधीक्षक ने गुरुवार को पत्रकारों से रूबरू कही। गुरुवार को लोक बंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में कैंसर से बचाव, उपचार एवं रोकथाम विषय पर महत्त्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेदांता हॉस्पिटल के तत्वावधान में किया गया। डॉ. नीरज रस्तोगी निदेशक रेडियो ऑन्कोलॉजी मेदांता हॉस्पिटल ने कैंसर के विभिन्न पहलुओं, उपचार विधियों और आधुनिक संसाधनों विशेष रूप से रेडियोथेरेपी की उन्नत तकनीकों पर प्रकाश डाला।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत सम्मान

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित नादर गंज के गांव बेहटवा पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या का जोरदार स्वागत जय श्री बालाजी ढाबा पर किया गया। ढाबा संचालक व भाजपा नेता अखिलेश यादव सोनू ने फूल माला, बुके और अंगवस्त्र भेंट कर भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या ने बड़ी संख्या में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बरसात में भीगते हुए आएं कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार प्रकट करता हूं और बड़ी प्रसन्नता की बात है कि सरोजनी नगर और काकोरी मंडल से बड़ी संख्या में लोग यहां आएं हुए हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की मोदीजी और योगी जी की सरकारों के कार्यों को जन जन तक पहुंचाना है और आने वाले पंचायत चुनाव में एक बार फिर भाजपा को भारी मतों से विजई बनाना है। अखिलेश यादव सोनू ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए




कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्या के आने से हम सब का मनोबल बढ़ गया है और हम सब तन मन धन से पंचायत चुनावों में भाजपा को भारी मतों से विजई बनाएंगे। इस अवसर पर काकोरी के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव, जिला मंत्री रेनू सिंह, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरज पांडे, मंडल महामंत्री नवीन तिवारी, मंडल अध्यक्ष शिव बक्श सिंह, चेयरमैन काकोरी रोहित साहू, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष अवध राम यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष अरुण यादव, अमित उर्फ लंकेश हिंदू खेड़ा, अमौसी से मनोज सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# लोहिया संस्थान में योग के महत्व पर व्याख्यान

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में तीन दिवसीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग के महत्व एवं लाभों पर प्रकाश डाला गया। योगाचार्य ओम नारायण अवस्थी ने योगिक सूक्ष्म व्यायाम, हृदय सूक्ष्म क्रिया, त्रिकोणासन, कटिचक्रासन ,तितली-आसन, ताड़ासन एवं प्राणायाम, कपालभाती तथा ब्राह्मणी योग के बारे में बताया। इस अवसर पर निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह, डीन प्रोफेसर प्रद्युम्न सिंह तथा सी.एम.एस. प्रोफेसर विक्रम सिंह के साथ भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

# एलडीए की जनता अदालत में नौ का निस्तारण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में गुरूवार को प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान रजिस्ट्री, नामांतरण, मानचित्र व अवैध निर्माण आदि से सम्बंधित कुल 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 09 प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष मामलों में समय-सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

उप सचिव माधवेश कुमार ने बताया कि जन सामान्य एवं आवंटियों की समस्याओं एवं उनके कार्यों को त्वरित गति से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किये जाने के उद्देश्य से गुरूवार को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में प्राधिकरण दिवस/जनता अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें उच्चाधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया और इनके निस्तारण के सम्बंध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये। जनता अदालत में पहुंचे शक्ति नगर



निवासी आरसी साहू ने प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने प्राधिकरण की देवपुर पारा योजना स्थित अपार्टमेंट में दुकान खरीदी है। जिसकी रजिस्ट्री हो गयी है, लेकिन अभी तक दुकान का कब्जा प्राप्त नहीं हुआ है। इस पर अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने जोन-3 के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि आवंटी को जल्द से जल्द दुकान का कब्जा दिलाया जाए। इस क्रम में सुधीर सिंह ने चौक स्थित कंचन मार्केट के बी-ब्लॉक में अवैध कब्जे होने की शिकायत की, जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को सर्वे कराकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा बसंतकुंज योजना के सेक्टर-डी निवासी बसंत राम ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पड़ोसी ने नये सिरे से निर्माण कराकर नाली को ऊंचा व सकरा करवा दिया है, जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और लोग परेशान हो रहे हैं। इस पर सम्बंधित अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर स्थल निरीक्षण करके समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये गये।

# रेलवे मेंस यूनियन की दो दिवसीय बैठक का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मंडलीय कार्यालय में स्थित सभागार में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की दो दिवसीय 245 वीं स्थाई वार्ता तंत्र की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का शुभारंभ मण्डल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वार्ता तंत्र के आयोजन का उद्देश्य प्रशासन एवं यूनियन के आपसी सामंजस्य एवं सहभागिता के द्वारा पारदर्शिता के साथ प्रशासनिक एवं कर्मचारी मुददों के त्वरित समाधान की दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना व निस्तारण करना है। नियमित तौर पर आयोजित की जाने वाली इस बैठक द्वारा यूनियन तथा प्रशासन के तालमेल से प्रशासनिक कार्यों को सुगमतापूर्वक तथा सरलता के साथ निर्धारित समय पर संपन्न किया जाता है। साथ ही कर्मचारी कल्याण की दिशा में भी यह वार्ता तंत्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है। इस बैठक को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल की वर्तमान उपलब्धियों एवं भविष्य में की जानेवाली विभिन्न योजनाओं एवं कार्यप्रणाली से यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कर्मचारियों के हितों की दिशा में रेल प्रशासन द्वारा लिए गए निर्णयों एवं उठाये गए कदमों से भी यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया। इस बैठक में नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के कर्मचारी हित एवं कल्याण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करने की अपेक्षा की। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय द्वारा आयोजित इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक नीलिमा सिंह एवं शूरवीर सिंह सहित समस्त विभागों के शाखाध्यक्ष, नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के मण्डल अध्यक्ष विभूति मिश्रा एवं मण्डल मंत्री, आरके पाण्डेय, सहित यूनियन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मंडलीय चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडलीय चिकित्सालय ( इंडोर हॉस्पिटल ) में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संगीता सागर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लखनऊ द्वारा की गई तथा डॉ. तूलिका चंद्रा, एमडी, संकाय प्रभारी, रक्त आधान विभाग, केजीएमयू मेडिकल कॉलेज, लखनऊ के सौजन्य से शिविर का सफल संचालन हुआ।


स्वतंत्र भारत

## वर्गीकृत

## सूचना

मैं, अजय कुमार वैश्य पुत्र राम विशाल निवासी विला नं -29, मेगा स्टेट, लखनऊ ने अपने नाबालिग पुत्र के नाम की स्पेलिंग Athrav Vaishya से बदलकर Atharv Vaishya कर ली है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

सी.आर.-587/L-30

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले उमा देवी सिंघल था, जोकि अब बदलकर उमा सिंघल कर लिया हैं। भविष्य में मुझे उमा सिंघल के नाम से ही जाना जाए। उमा सिंघल पत्नी रामचन्द्र सिंघल नि. 18, रोशनगंज-शाहजहांपुर।

सी.आर.-588/D-31

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र विजय कुमार को गलत कृत्यों के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। अनोखेलाल पुत्र गंगाराम नि.ग्रा. भरगवां थाना सेहरामऊ दक्षिणी-शाहजहांपुर।

सी.आर.-588/D-32

## सूचना

मैंने जगदत्त वर्मा पुत्र स्व. रामनाथ वर्मा पता 5/71, विकास नगर लखनऊ ने SASS MADMAX REALTORS PVT LTD पता D-4/253, विजयंत खंड गोमती नगर लखनऊ के निदेशक शुभम सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह एवं राजेश पांडे पुत्र यादवेंद्र पांडे जी को RAFTAR FILM CITY LIMITED की सम्पूर्ण मार्केटिंग का कार्य सौंपा था, परंतु इनकी कार्यशैली से असंतुष्ट होकर मैंने SASS MADMAX REALTORS PVT LTD की मार्केटिंग की जिम्मेदारी समाप्त कर दी है।

भविष्य में इनके द्वारा किसी भी तरह के लेन देन के लिए RAFTAR FILM CITY LIMITED की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

आज्ञा से

जगदत्त वर्मा (निदेशक)

RAFTAR FILM CITY LIMITED

सी.आर.-590/L

अदालती सूचना ता.पेशी 17.09.2025

सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय दावा मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधीकरण शाहजहांपुर एम.ए.सी.पी नंबर 75 वर्ष 2024 श्रीमती गुड्डी देवी आदि बनाम यूनाइटेड इंडिया इंन्शु. कं. लिमि. आदि बनाम विनय प्रताप सिंह पुत्र श्री शिव प्रताप सिंह नि.ग्रा. गौरन पुरवा पोस्ट सरहा थाना फतेहगढ़ कोतवाली तहसील अमृतपुर जिला फरुखाबाद-209601(चालक वैगनार कार संख्या यूपी 27 बी.सी 5245)...प्रतिवादी, हरगाह श्रीमती गुड्डी देवी आदि वादीगण उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत मोटर एक्सीडेंट क्लेम (प्रतिकर) के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 17 माह 09 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 12 माह 06 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार लेखाकार दावा मोटर दुर्घटना प्रतिकर न्यायाधीकरण शाहजहांपुर।**

सी.आर.-588/D-CN

## झुनझुनवाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

द्वारिकापुरी, हॉसापुर, डाभासेमर, अयोध्या - 224133

**आवश्यकता है : महाविद्यालय में निम्नलिखित स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों/विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु प्राचार्य / सहायक प्रोफेसर की आवश्यकता है :** **प्राचार्य** 01 पद एवं **स्नातक विषयों में** समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, प्रा0 इतिहास, राजनीति शास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, गृहविज्ञान में 01-01 पद, **बी0कॉम** में 03 पद, **विज्ञान ग्रुप :** रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, बायोटैक्नोलॉजी, इलेक्ट्रानिक्स, भौतिक विज्ञान, बॉयोकमेस्ट्री, पर्यावरण विज्ञान में 01-01 पद एवं **बी0बी0ए0** व **बी0सी0ए0** में 03-03 पद। **परास्नातक वर्ग** में अंग्रेजी, गृहविज्ञान में 02-02 पद, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं **एम0कॉम** में 03-03 पद। **योग्यता:** सभी पदों के लिए पीएचडी/नेट होनी चाहिए। **नोट**-वेतनमान यूजीसी/डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के परिनियमावली के मानकानुसार। अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के तिथि से 15 दिनों के भीतर अपने आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटो के साथ शैक्षिक अंकपत्रों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के कार्यालय में जमा करें।

**प्राचार्य**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जमुआ

विकास खण्ड मेजा प्रयागराज

पत्रांक 2025/26 दिनांक 16/06/2025

### अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत जमुआ में 15 वां वित्त एवं राज्य वित्त आयोग/मनरेगा एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन आदि योजनाओं/कार्यक्रमो के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण नाली/सामुदायिक भवन व ऑगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य एवं मरम्मत का कार्य / नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप का जीर्णोद्धार, इंडिया मार्का हैण्ड पम्प की मरम्मत/रिबोरिंग /स्थापना एवं प्लेट फार्म निर्माण/मरम्मत सोख्ता गड्डा का निर्माण, नाली निर्माण, वाल राइटिंग, ह्यूम पाइप की आपूर्ति, इण्टरलाकिंग कार्य, एम0डी0एम0 सेट निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्ति, एल0ई0डी0, इलेक्ट्रिक बल्ब/सोलर स्ट्रीट लाइट, पानी का टैंकर, बाउन्ड्री वाल का निर्माण पाइप मरम्मत का कार्य / पंचायत भवन, विद्यालयों के जीर्णोद्धार/वाल राइटिंग एवं ऑगनवाड़ी केन्द्र की निर्माण एवं मरम्मत कार्य एवं खिड़की दरवाजा आदि की रंगाई पोताई तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री कोविड 19 कोरोना बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सैनीटाइजर, मास्क, फागिंग मशीन, छिड़काव अन्य उपकरण एक परियोजना बोर्ड की आपूर्ति व्यक्तिगत शौचालय का मरम्मत कार्य प्रा0 वि0 मे कायाकल्प संबंधित समस्त निर्माण कार्य, एस एल डब्लू एम से संबंधित समस्त निर्माण कार्य, गौवंश आश्रय स्थल से कार्य, सामुदायिक शौचालय का मरम्मत कार्य, डस्टबिन की आपूर्ति का कार्य आदि कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 16/06/2025 से 27/06/2025 तक सील बन्द निविदा अथवा हस्तक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28/06/2025 को 3 बजे उपस्थित फर्मों के सीमित के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत मे प्राक्कलन स्वीकृत के अनुसार पृथक पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत कराए जाने वाले सभी कार्य हेतु प्रभावी होगा।

**नियम व शर्तें:**

1. निविदा को बिना कारण बताए पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का अधिकार पूर्ण अथवा ई हस्तक्षरी का होगा। 2. 10 रु0 का रसीदी टिकट लगाकर अनुबंध लिखना होगा, कि परियोजना पूरी होने की अवधि तक अनुबन्ध मान्य होगा। 3. कोई भी आपूर्ति की फर्म, निविदा दाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज होगा, तो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा। 4. फर्म को टिन नं0/ पैन नं0 तथा सामाग्री आपूर्ति पर देकर / टी0डी0एस0 कटौती की जिम्मेदारी फर्म को हो। 5. आपूर्ति हेतु स्वीकृत फर्म को बंधक धनराशि रूप मे नगद अथवा राष्ट्रीय बचत पत्र / किसान विकास पत्र/डाक घर बचत पासबुक / किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि ग्राम पंचायत के पक्ष में बन्धक होगी। जमा करना अनिवार्य होगा।

राकेश कुमार यादव, ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. जमुआ, वि.ख. मेजा, प्रयागराज

मो. हामिद, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा.पं. जमुआ, वि.ख. मेजा, प्रयागराज

## टाटा स्मारक केंद्र / TATA MEMORIAL CENTRE

परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान

A Grant-in-Aid Institution under Department of Atomic Energy, Government of India.

Advt. No.: TMC/AD-67/2025 उपलब्ध पद / POSITIONS AVAILABLE 10-06-2025

टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी) निम्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है / Tata Memorial Centre(TMC) invites applications for the following posts :

| स्थान/LOCATION : एचबीसीएच/एमपीएमएमसी, वाराणसी HBCH/MPMMC, VARANASI | | स्थान / LOCATION : टीएमएच, मुंबई / TMH, MUMBAI | |
|---|---|---|---|
| 1 | कन्सल्टंट 'ई' (प्लास्टिक सर्जरी)/ CONSULTANT 'E' (PLASTIC SURGERY) | 1 | असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (ॲनेस्थेसियोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (ANESTHESIOLOGY) |
| 2 | असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (बोन मॅरो ट्रांसप्लांट) (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (BONE MARROW TRANSPLANT) (MEDICAL ONCOLOGY) | 2 | असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (INTERVENTIONAL RADIOLOGY) |
| 3 | कन्सल्टंट 'ई' (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी)/ CONSULTANT 'E' (GASTROENTEROLOGY) | 3 | असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (MEDICAL ONCOLOGY) |
| 4 | कन्सल्टेंट 'ई' (रेडियोडायग्नोसिस)/ CONSULTANT 'E' (RADIODIAGNOSIS) | 4 | कन्सल्टंट 'डी' (जनरल मेडिसिन) / CONSULTANT 'D' (GENERAL MEDICINE) |
| 5 | असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) (एडल्ट हेमटोलिम्फोईड) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (MEDICAL ONCOLOGY) (ADULT HAEMATOLYMPHOID) | 5 | कन्सल्टंट 'डी' (डेंटल एवं प्रोस्थेटिक सर्जरी) / CONSULTANT 'D' (DENTAL & PROSTHETIC SURGERY) |
| 6 | असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) (सॉलिड ट्यूमर) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (MEDICAL ONCOLOGY) (SOLID TUMOR) | 6 | वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (पॅथोलॉजी) / SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (PATHOLOGY) |
| 7 | कन्सल्टंट 'ई' (यूरो ऑन्कोलॉजी) / CONSULTANT 'E' (URO ONCOLOGY) | 7 | वैज्ञानिक सहायक 'बी' (रेडियोडायग्नोसिस) / SCIENTIFIC ASSISTANT 'B' (RADIODIAGNOSIS) |
| 8 | कन्सल्टंट 'डी (जनरल मेडिसिन) / CONSULTANT 'D' (GENERAL MEDICINE) | 8 | वैज्ञानिक सहायक 'बी' (सूचना प्रौद्योगिकी प्रोग्रामर)/ SCIENTIFIC ASSISTANT 'B' (INFORMATION TECHNOLOGY - PROGRAMMER) |
| 9 | कन्सल्टंट 'डी' (बायोकेमिस्ट्री) / CONSULTANT 'D' (BIOCHEMISTRY) | 9 | टेक्नीशियन 'ए' (मैकेनिकल) / TECHNICIAN 'A' (MECHANICAL) |
| 10 | कन्सल्टंट 'डी' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / CONSULTANT 'D' (MEDICAL ONCOLOGY) | स्थल / LOCATION : बीबीसीआय, गुवाहाटी / BBCI, Guwahati | |
| 11 | वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (रेडियो डायग्नोसिस) A SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (RADIO DIAGNOSIS) | 1 | कन्सल्टंट 'ई' (प्लास्टिक सर्जरी) / CONSULTANT 'E' (PLASTIC SURGERY) |
| 12 | वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (ऑक्युपेशनल थेरपी) / SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (OCCUPATIONAL THERAPY) | 2 | कन्सल्टंट 'ई' (रेडियोडायग्नोसिस) / CONSULTANT 'E' (RADIODIAGNOSIS) |
| 13 | क्लिनिकल सायकोलॉजिस्ट / CLINICAL | 3 | असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (SURGICAL ONCOLOGY) |
| 14 | टेक्नीशियन 'सी' (मॉलिक्यूलर पॅथोलॉजी) / TECHNICIAN 'C' (MOLECULAR PATHOLOGY) | 4 | कन्सल्टंट 'डी' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / CONSULTANT 'D' (MEDICAL ONCOLOGY) |
| 15 | टेक्नीशियन 'सी' (रेडियोडायग्नोसिस) / TECHNICIAN 'C' (RADIODIAGNOSIS) | 5 | सहायक चिकित्सा अधीक्षक–I / ASSISTANT MEDICAL SUPERINTENDENT-1 |
| 16 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी (क्रय एवं भंडार) / ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER (PURCHASE AND STORES) | 6 | वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' (न्युक्लियर मेडिसिन) (रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर लेवल III/SCIENTIFIC OFFICER 'D' (NUCLEAR MEDICINE) (RADIATION SAFETY OFFICER LEVEL -III) |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 11.07.2025 है / Last date for online application is 11-07-2025 (शाम 05.30 बजे तक) (upto 05-30 PM; IST) | | 7 | वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' (मॉलिक्यूलर लॅबोरेटरी) SCIENTIFIC OFFICER 'D' (MOLECULAR LABORATORY) |
| | | 8 | वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' (मॉलिक्यूलर पॅथोलॉजी) / SCIENTIFIC OFFICER 'D' (MOLECULAR PATHOLOGY) |
| | | 9 | वैज्ञानिक अधिकारी 'सी' (मॉलिक्यूलर पॅथोलॉजी) / SCIENTIFIC OFFICER 'C' (MOLECULAR PATHOLOGY) |
| अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें / For details, please visit our website: http://tmc.gov.in and click "Careers" Advt- No-67/2025 | | 10 | वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (ट्रायल कोऑरडीनेटर) / SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (TRIAL COORDINATOR) |
| | | 11 | महिला नर्स 'सी' / FEMALE NURSE 'C' |
| | | 12 | महिला नर्स 'ए' FEMALE NURSE 'A' |
| | | 13 | सहायक प्रशासनिक अधिकारी / ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER |

CBC 48149/12/0002/2526

# पांच साल की मासूम से दुकानदार ने किया दुराचार का प्रयास

## बहाने से घर ले जाकर बनाना चाहा हवस का शिकार, पुलिस ने आरोपी को भेजा सलाखों के पीछे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बाजारखाला थाना क्षेत्र के नक्खास इलाके में किराना दुकानदार सैफ ने पड़ोस में रहने वाली पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घर के बाहर खेल रही पड़ोसी की बच्ची को वह बहाने से अपने घर ले गया था। घटना की जानकारी पर बच्ची के घरवालों ने विरोध किया तो वह हाथापाई को उतारू हो गया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। पाटानाला निवासी मासूम के पिता के मुताबिक, मोहल्ले में ही सैफ परचून की दुकान चलाता है। बुधवार को पांच वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इस बीच सैफ आ गया। आरोपित ने मासूम से कहा कि चलो तुम्हें चूजा दिलाता हूं। यह बात कहते हुए सैफ बच्ची को लेकर अपने घर चला गया। मासूम के साथ आरोपित अश्लील हरकत करने लगा। इस दौरान ही सैफ के कुछ दोस्त आ गए। जिनके कारण मासूम को भागने का मौका मिला गया। घर लौट कर मासूम ने मां को सैफ की करतूत के बारे में बताया। परिवार वाले बेटी के मुंह से व्यापारी की हरकत सुन कर दंग रह गए। तत्काल सैफ के घर पहुंच कर शिकायत की गई। पर, वह अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हुआ। आरोपित का परिवार भी उसका ही पक्ष लेता रहा। जिसके बाद किशोरी के पिता ने चौक कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। एडीसीपी पश्चिम धनंजय कुशवाहा ने बताया कि पिता की तहरीर पर मासूम से दुराचार का प्रयास करने और पोक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित सैफ पुलिस की हिरासत में है। वहीं, स्थानीय लोगों के मुताबिक सैफ की मां एक राजनैतिक दल से जुड़ी है। इस कारण से बेटे को छुड़ाने के लिए वह कई लोगों के साथ कोतवाली पहुंची थी।

### 13 वर्षीय बच्ची की अस्मत लूट भाग रहे आरोपी की टूटी टांग

गाजीपुर थाना क्षेत्र में एक युवक ने 13 वर्षीय बच्ची की अस्मत लूट ली। बच्ची के परिजनों को आता देख आरोपी भागने लगा और दीवार से टकराकर गिर गया, जिससे उसकी टांग टूट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केस दर्ज करते हुए बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया और आरोपी को हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, 13 वर्षीय लड़की बुधवार रात खाना खाने के बाद परिवार वालों के साथ छत पर सो रही थी। सुबह करीब साढ़े 4 बजे परिवार वाले उठे तो वह नहीं मिली। खोजबीन शुरू की, लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चल रहा। पुलिस का कहना है कि बच्ची की पड़ोस में रहने वाले देव नामक शख्स से दोस्ती थी, जिसका परिवार वालों को एतराज था। आरोप है कि देव ने देर रात उसकी अस्मत लूटी और परिवार वालों को आता देख कब्रिस्तान के साथ बच्ची को भगा दिया। इसी बीच परिजनों ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ाया तो वह दीवार से टकरा कर गिर गया, जिससे उसकी टांट टूट गयी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पक्ष और विपक्ष पुराने परिचित हैं।

# दबंगों ने युवक पर बोला चाकू से हमला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के बालागंज में दबंगों ने युवक पर चाकू से हमला किया। घटना को अंजाम देकर आरोपित भाग गए। वहीं, पीड़ित ने ठाकुरगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

हुसैनबाड़ी निवासी अरुण कुमार मंगलवार रात करीब नौ बजे बालागंज मरी माता मंदिर के पास जूस की दुकान पर गया था। तभी विशाल गौतम, राजा और उसके चार साथी आ गए। जिन्होंने अरुण को गाली दी। विरोध करने पर विशाल गौतम और उसके साथियों ने चाकू से हमला कर दिया। हाथ में चाकू लगने से जख्म हुआ। वहीं, पीड़ित के शोर मचाने पर राहगीरों को आते देख हमलावर भाग गए। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लापता चालक की गला रेतकर निर्मम हत्या

## घैलापुर के किनारे शव मिलने से हड़कंप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके में मंगलवार शाम से लापता एक चालक का शव दूसरे दिन घेला पुल के पास शव मिला। गुरुवार दोपहर ड्राइवर के परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर शव की शिनाख्त की।

परिजनों ने पड़ोसी युवक युवक पर बहन से प्रेम संबंध होने के चलते हत्या का कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। ठाकुरगंज पुलिस दो संदिग्ध को हिरासत में लेकर घटना को लेकर पूछताछ कर रही है।

ठाकुरगंज के राधाग्राम डूडा कॉलोनी निवासी निजी वाहनों को चलाने वाला कृष्णा गुप्ता (29) मंगलवार शाम से संदिग्ध हालात में लापता थे। भतीजे विशाल गुप्ता ने बताया कि कृष्णा चाचा बाबा राम मिलन और दादी शांति देवी की मौत के बाद हम लोगों के साथ ही रहते थे। मंगलवार की शाम करीब 8 बजे चाचा घर के सामने रहने वाले संजय यादव के साथ निकले थे। देर रात तक न लौटने पर उनकी तलाश शुरू कर दी। बुधवार सुबह परिवारीजन ठाकुरगंज थाने गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। पीड़ित के मुताबिक, एक दिन इंतजार करने की बात कहकर पुलिस ने उन्हें लौटा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई मृतक की फोटो में उसके हाथ शर्ट से बंधे हुए हैं। गले पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। वहीं चेहरे और सिर के पीछे चोट के निशान थे। विशाल ने बताया कि कृष्णा को संजय मंगलवार रात करीब 8 बजे घर से लेकर गया था। देर रात संजय अकेला घर पहुंचा। पूछने पर संजय ने बताया कि कृष्णा उसके साथ नहीं था। जिसके बाद परिजनों ने थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि वह हरिनगर में स्थित देशी शराब के ठेके के पास देखा गया था। दो महीने से बेरोजगार था। परिजनों का कहना है कि दो माह से कृष्णा खाली थी। नौकरी की तलाश कर रहा था। इसके चलते उसके आने-जाने का कोई टाइम नहीं था। घटना के दिन भी घर से बिना बताए ही आरोपी के साथ निकला था। थाना प्रभारी ठाकुरगंज श्रीकांत राय ने बताया कि मृतक के भाई ने हत्या की तहरीर दी है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## खबर एक नजर

### युवक-युवती की मालगाड़ी से कटकर मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मुरादाबाद जिले के थाना बिलारी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले युवक-युवती ने बुधवार की देर रात्रि मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक देहात ने गुरुवार को बताया कि बीती देर रात्रि दो बजे के लगभग पुलिस को सूचना मिली कि बिलारी थाना कोतवाली क्षेत्र में एक युवक-युवती की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। मौके पर थाना पुलिस पहुंची और ग्रामीणों को बुलाकर शवों की शिनाख्त कराई। मृतकों की पहचान गांव सैफपुर जगना निवासी सुशांत उर्फ भोला (20) व आशी (17) के रुप में हुई। दोनों की मालगाड़ी से कटकर मौत हुई है। मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए कार्रवाई की गई। ग्रामीणों की माने तो मृतक युवक और युवती में प्रेस प्रसंग चल रहा था, इसके चलते ही दोनों मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या की है। एसपी देहात ने बताया कि दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मामले में जांच की जा रही हैं। विवेचना रिपोर्ट मिलने के बाद ही ज्ञात होगा कि पूरा प्रकरण क्या है।

### आईजी ने पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा ने उन्नाव में पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों और फायर ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में शारीरिक अभ्यास, अध्ययन सामग्री, भोजन, आवास और अनुशासन व्यवस्था की समीक्षा की और नवचयनित पुलिसकर्मियों के प्रशिक्षण को गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक बनाने पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने फायर ट्रेनिंग सेंटर में अग्निशमन कर्मियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और आधुनिक उपकरणों व बचाव तकनीकों की जानकारी के महत्व पर प्रकाश डाला। गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर जोर देते हुए आईजी गाबा ने कहा कि नवचयनित पुलिसकर्मी भविष्य की कानून व्यवस्था की रीढ़ हैं, इसलिए प्रशिक्षण गुणवत्तापूर्ण और व्यवहारिक होना चाहिए। आधुनिक उपकरणों की जानकारी- फायर कर्मियों को शारीरिक दक्षता के साथ-साथ आधुनिक उपकरणों और बचाव तकनीकों की जानकारी होनी चाहिए। बुनियादी सुविधाएं- आईजी गाबा ने पुलिस बैरक, भोजनालय, कैंटीन, विश्राम गृह और शौचालय जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। प्रशिक्षण में सुधार- आईजी गाबा ने प्रशिक्षण में टेक्नोलॉजी, व्यवहारिक ज्ञान व मानवाधिकारों की जानकारी को शामिल करने के निर्देश दिए। तरुण गाबा मई 2025 में लखनऊ रेंज के आईजी बनाए गए थे, इससे पहले वह प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रह चुके हैं।

### तिहरे हत्याकांड मामले में 12 को उम्रकैद

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** सीतापुर जिले के महोली थाना क्षेत्र की बड़ागांव पुलिस चौकी में हुई तीन लोगों की हत्या व पांच लोगों के घायल होने के मामले में गुरूवार को कोर्ट ने 12 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला सीतापुर न्यायालय परिसर में पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता अरविन्द मोहन मिश्रा ने पत्रकारों को बताया कि 25 जून 2015 को महोली थाने में एक मुकदमा दर्ज हुआ था। महोली थाने की पुलिस चौकी बड़ागांव के सामने एक घटना घटी थी, जिसमें तीन लोगों जितेन्द्र मिश्रा, सुंदरलाल मिश्रा, लालजी मिश्रा की हत्या हो गयी थी और इन्हीं के परिवार के पांच लोग घायल हुए थे। इस मुकदमे में वादी रज्जन लाल मिश्रा थे। उन्होंने गांव के ही 13 लोगों को नामजद कराया था। जिसमें एक नाबालिग होने के कारण उसे दूसरी कोर्ट में रखा गया है। इसी मामले में अपर जिला व सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने 12 अभियुक्तों हरिवंश सिंह उर्फ भूरे सिंह, रामऔतार, अनूप सिंह, मुन्ना सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सतीश सिंह, प्रदीप सिंह, रामगोपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, सतेन्द्र सिंह और रामकुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### नालों के किनारे सिल्ट व गंदगी देख भड़के नगर विकास मंत्री

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार शाम को चिड़ियाघर के मुख्य गेट, डालीबाग और विधानसभा गेट 7 के आसपास पहुंचकर साफ-सफाई और नाले नालियों की सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। नाले किनारे पड़ी सिल्ट और झाड़ियां उगी होने पर उन्होंने सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सफाई के बाद निकली सिल्ट का तुरंत उठान करने और झाड़ियों को पूर्णतः साफ करने के निर्देश दिए। मंत्री ने सर्वप्रथम चिड़ियाघर मुख्य गेट की पार्किंग के अंदर से बह रहे नाले का निरीक्षण किया। इस नाले से विधानसभा और आसपास के क्षेत्रों का पानी बहकर आगे जाकर हैदर कैनाल में पहुंचता है। उन्होंने अतिशीघ्र इस नाले की पूर्णतः सफाई करने को कहा, जिससे गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधानसभा परिसर में पानी भरने की समस्या न हो। इसके बाद उन्होंने विधानसभा के गेट नंबर 7 के सामने पानी निकास की व्यवस्था को देखा और वहां पर पीडब्ल्यूडी द्वारा विधानसभा के गेट नंबर 3 से बनाई जा रही डेढ़ फीट गहरी नाली की जानकारी ली और इस कार्य को जल्द से जल्द रविवार तक पूरा करने के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा के गेट नंबर 3 से यह नाला बनकर आगे जाएगा, जिससे सड़क का पानी विधानसभा के अंदर प्रवेश नहीं करेगा और पानी भरने की कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने नगर आयुक्त गौरव कुमार को निर्देशित किया कि नगर निगम की व्यवस्था को पूरी तरह से चाक-चौबन्द एवं दुरूस्त रखें तथा सभी कार्यों की मौके पर जाकर निरीक्षण भी करे। कहीं से भी साफ-सफाई, जलभराव, कूड़ा फैलने, नाले नालियों की चोकिंग, गंदे पानी की आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट खराबी संबंधी शिकायत नहीं आनी चाहिए। जहां से भी शिकायतें आयेगी संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। टोल फ्री नं0-1533 में आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# नशे में धुत ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर का हाई वोल्टेज ड्रामा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** हुसड़िया चौराहे पर गुरुवार को शराब के नशे में टीएसआई धर्मेंद्र सिंह ने जमकर हंगामा किया। नशे में लड़खड़ा रहा टीएसआई सुराही-मटका बेचने वाली दुकान पर गिरकर बैठ गया। अंगूरी नशे में झूम रहे वर्दीधारी की हरकतें देख लोग मोबाइल पर वीडियो बनाने लगे। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने मामले की जांच एसीपी ट्रैफिक पूर्वी को दी। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि ट्रैफिक दारोगा धर्मेन्द्र सिंह की ड्यूटी रेसर-17 पर लगी थी। उन्हें जयपुरिया, जीवन प्लाजा से हुसड़िया, ग्वारी, गोमतीनगर रेलवे स्टेशन लखनऊ तक पेट्रोलिंग करनी थी। ड्यूटी के दौरान उन्हें अचेत अवस्था में पाया गया। मामले का वीडियो सोशल मीडिया



पर वायरल होने के बाद जानकारी मिली। वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर एसीपी ट्रैफिक पूर्वी को जांच सौंपी। प्रथम दृष्ट्या जांच के बाद ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है।

# प्रेमी की हत्या के तीसरे दिन प्रेमिका ने लगाई फांसी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ।** प्रेमी की हत्या के तीसरे दिन प्रेमिका ने भी फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली इस तरह शादीशुदा प्रेम कहानी का खौफनाक अंत हो गया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के की ग्राम पंचायत मवई कला के मजरा हामिद खेड़ा में रविवार रात संजय की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। संजय की हत्या उसकी प्रेमिका मीरा के पति सुनील और उसके बेटे दिव्यांशु ने की थी। हत्या के बाद सुनील और दिव्यांशु जेल चले गए और मीरा के प्रेमी संजय की हत्या पहले ही हो चुकी थी। अब मीरा को चारों तरफ अंधेरा ही दिख रहा था गुरुवार दोपहर में मीरा ने भी फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक संजय की मां रामदुलारी ने बताया सुबह से ही संजय की पत्नी रानी और प्रेमिका मीरा तथा रामदुलारी संजय के दसवां संस्कार के लिए इंतजाम में लगी थी जिसके बाद रामदुलारी रहीमाबाद बाजार जाने की तैयारी कर रही थी। इस बीच मीरा ने घर के बगल में बने फूस के बंगले में गई और चारपाई के ऊपर एक कुर्सी रखकर उस पर चढ़कर बंगले में लगी बल्ली में साड़ी बांधकर उसी के सहारे फांसी के फंदे से झूल गई। रामदुलारी बाजार जाने के लिए निकली तो उन्होंने बंगले के अंदर फांसी के फंदे से रामदुलारी को झूलते देख वह जोर-जोर से चिल्लाई और तुरंत चाकू से साड़ी को काटकर मीरा का गला खोल मुंह पर पानी डाला लेकिन तब तक मीरा की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने घटना की सूचना रहीमाबाद थाने पर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शव पीएम के लिए भेज दिया।

### दबंग ग्राहक ने दुकानदार की पिटाई कर नाले में धकेला

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** गोमतीनगर फन मॉल के पास फूड स्टॉल पर आए ग्राहकों ने बिल मांगने पर कर्मचारी की पिटाई कर उसे नाले में धकेल दिया। स्टॉल संचालिका के विरोध करने पर आरोपित गाली गलौज करते हुए भाग गए। यह आरोप लगाते हुए पीड़िता ने गोमतीनगर कोतवाी में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमती बैराज कॉलोनी निवासी रोहिणी सिंह फन मॉल सर्विस रोड पर स्टॉल लगाती हैं। रोहिणी की दुकान में मुक्तिनाथ काम करता है। 13 जून को शानू हाशमी और उजरियांव निवासी राजा दुकान पर आए थे। दोनों ने खाना आर्डर किया। इसके बाद बिना रुपये दिए ही जाने लगे। कर्मचारी मुक्तिनाथ ने शानू और राजा से रुपये देने को कहा। यह बात आरोपितों को बर्दाश्त नहीं हुई। राजा और शानू ने स्टॉल कर्मी पर हमला कर दिया। उसे दौड़ा कर पीटने के बाद नाले में धकेल दिया। जिससे मुक्तिनाथ की नाक में गहरी चोट लगी। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बुधवार को रोहिणी ने तहरीर दी है। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# कारतूस बेचने जा रहे फौजी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मेरठ में सेना के जवान को 47 के असलहे की 70 कारतूसों के साथ एटीएस टीम ने गिरफ्तार किया। उस दौरान आरोपित किसी तरह से अपने आपको छुड़ाकर अपनी कार में बैठ गया और उसने कार को तेजी से दौड़ाते हुए टीम पर चढ़ाकर भागने किया चौकन्नी टीम के जवानों ने

- टीम के ऊपर कार चढ़ाने की कोशिश की, कश्मीर में भी तैनात रहा

घेराबंदी कर उसे किसी तरह से पकड़ कर पूछताछ कर रही है वह किन-किन लोगों को कारतूस देने जा रहा था। उसने बताया कि अपने दोस्त को कारतूसों की डिलीवरी देने जा रहा था। उसकी पहचान मेरठ के थाना दौराला के गांव नंगली आजड निवासी राहुल के रूप में हुई है। वह महाराष्ट्र के अहमदनगर में सिटी बटालियन के ट्रेनिंग सेंटर पर तैनात है। टीम मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही है, ताकि इस कड़ी से जुड़े अन्य आरोपियों तक पहुंच सके। टीम ने आरोपी के खिलाफ पल्लवपुरम थाने में आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। एटीएस के दरोगा अमित कुमार भाटी ने बताया- मुखबिर की सूचना पर दिल्ली-हरिद्वार बाईपास, मोदीपुरम चौकी फ्लाईओवर के नीचे चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हुंडई वेन्यू कार की चेकिंग की गई। उसने बताया वह 2013 में फौज में भर्ती हुआ था और अभी आर्मी में कॉन्स्टेबल है। वह 9 जून को 30 दिन की छुट्टी पर घर आया एक दोस्त अभिनव जो कि शास्त्रीनगर में रहता है। हमारी दोस्ती शास्त्रीनगर के एक डॉक्टर ने कराई थी। उसकी मदद से मैंने कार भी खरीदी थी। जम्मू-कश्मीर में मेरी टीम को आतंकी मुठभेड़ और आर्मी ऑपरेशन के दौरान हथियार और कारतूस दिए जाते थे। उसी दौरान मैंने कुछ कारतूस चुरा लिए थे। इन्हीं कारतूसों को सामान में छिपाकर मेरठ ले आया। अभिनव ने मंगलवार रात साढ़े दस बजे मुझे पल्लवपुरम की एटूजेड कॉलोनी के पास बुलाया था। वर्जन टीम का कहना है-राहुल के पास से जो कारतूस मिले हैं, वे सेना में इस्तेमाल किए जाते हैं। इन कारतूसों की डिलीवरी किसे देनी थी? कौन इन प्रतिबंधित कारतूसों का इस्तेमाल कर रहा है? पुलिस राहुल की गतिविधियों की जांच कर रही है।

यह भी पता लगाया जा रहा है कि छुट्टी पर आने के बाद वह किन लोगों से मिला था। **पीसी अग्रवाल सीओ दौराला**

# थाने के सामने युवक की हत्या

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** गाजियाबाद के मुरादनगर थाने के सामने युवक की बुधवार व गुरुवार की रात को गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गयी। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड़ ने मामले का संज्ञान लेते हुए मुरादनगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह तोमर, रात्रि अधिकारी उपनिरीक्षक सूबे सिंह तथा बीट प्रभारी उपनिरीक्षक मोहित सिंह को निलंबित कर दिया है। मृतकों के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनके पुत्र को बचाने की कोशिश नहीं की, बल्कि वीडियो बनाते रहे। घटना की सूचना पर पुलिस उपायुक्त ग्रामीण एसएन तिवारी व अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। घटना से गुस्साए लोगों ने थाने के सामने मृतक का शव रखकर जमकर हंगामा किया था। मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी व पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा भी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। घटनाक्रम के मुताबिक मिल्क रावली गांव में बुधवार रात दस बजे रास्ते से कार निकालने को

- अपराधियों को पकड़ने के बजाय वीडियो बनाती रही पुलिस
- थाना प्रभारी व दो दरोगा निलंबित

लेकर रवि शर्मा व अजय, मोंटी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद अजय, मोंटी अजय ने रवि शर्मा के घर पर गोलियां चलाई थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी, और यह कहकर आई थी कि आरोपियों के खिलाफ थाने में आकर तहरीर दें, ताकि उनके खिलाफ करवाई हो सके। जिसके बाद रवि शर्मा अपने भाई व पिता के साथ मुरादनगर थाने में मारपीट की शिकायत करने थाने जा रहा था जब वह थाने के सामने पहुंचा। तभी आरोपी वहां पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चार गोली लगने से रवि शर्मा लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर गए।गोली मारने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए।उसे तत्काल ही एक निजी अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। इसी दौरान मृतक के परिजन व अन्य लोग थाने के सामने इकट्ठे हो गए और जमकर हंगामा किया। पुलिस लोगों ने लोगों को समझाया-बुझाया। एक आरोपी अजय महिला से दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद था और कुछ दिन पहले ही लौटकर आया था।

# हादसे में थमीं दो युवकों की सांसें

## बंथरा थाना क्षेत्र के कानपुर हाईवे पर हुआ हादसा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक तेज रफ्तार लोडर वाहन सड़क किनारे खड़े अज्ञात वाहन में जा भिड़ा। इस हादसे में लोडर वाहन चालक और उसके साथ बैठा एक युवक बुरी तरह घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस व फायर टीम ने छोटा हाथी वाहन का केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला। बाद में दोनों को आनन फानन सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक सीतापुर जिले के बिसवां स्थित ब्राह्मणी टोला निवासी चालक पंकज गुप्ता (27) अपने साथी सीतापुर के ही बिसवां स्थित शंकरगंज निवासी दीपू गुप्ता (24) के साथ छोटा हाथी लोडर वाहन में प्लास्टिक दाना व प्लास्टिक सामान लेकर कानपुर से बिसवां जा रहे थे। तभी बुधवार देरात करीब 1 बजे बंथरा में सरोज पाइप कंपनी के सामने पेट्रोल पंप के पास खड़े अज्ञात वाहन में उनकी तेज रफ्तार लोडर वाहन पीछे से जा घुसी। हादसे में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस और सरोजनी नगर एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंची फायर टीम ने छोटा हाथी लोडर वाहन के केबिन को काटकर दोनों को गंभीर हालत में बाहर निकाला। बाद में एंबुलेंस के जरिए दोनों को सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक अपना वाहन लेकर मौके से भाग निकला। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# डीजीपी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

## नवनियुक्त आरक्षियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व सुविधाएं देने पर दिया जोर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस में भर्ती हुए 60,244 नवनियुक्त आरक्षियों के लिए प्रारंभ हो रही जॉइनिंग ट्रेनिंग कोर्स को लेकर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने बुधवार को कल्ली पश्चिम स्थित पुलिस लाइन, लखनऊ का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्था, बुनियादी ढांचे व सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का व्यापक अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने प्रशिक्षण बैरकों, मेस, कक्षाओं, लॉजिस्टिक्स व अन्य आवश्यक संरचनाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल नए आरक्षियों से संवाद स्थापित कर प्रशिक्षण केन्द्र की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और उनके पुलिस सेवा में आने के उद्देश्यों के बारे में जानकारी ली। प्रशिक्षुओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्होंने उन्हें मजबूत इच्छाशक्ति और अनुशासन के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। डीजीपी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण निदेशालय के दिशा निर्देशा के अनुसार सभी मूलभूत सुविधाएं यथा पीएनओ आवंटन, वर्दी किट वितरण, बैंक खाता खोलना, परिचय पत्र प्रदान करना, मानव संपदा पोर्टल पर पंजीकरण जैसी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। साथ ही निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखी जाए। डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा, उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनने जा रहे ये प्रशिक्षु अत्यंत परिश्रम और लगन से यहां तक पहुंचे हैं। इन्हें श्रेष्ठ प्रशिक्षकों के जरिए उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों का नियमित भ्रमण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर प्रशिक्षु को बेहतर सुविधाएं व वातावरण मिल सके। इस अवसर पर लखनऊ पुलिस आयुक्त, संयुक्त पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक भवन कल्याण समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## चौधराहट को पलीता

पहलगाम में आतंकी नरसंहार के बाद भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के चार दिनों के भीतर ही आतंकियों के आका पाक के घुटनों पर आ जाने के बाद अभियान को रोकने के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 13 विभिन्न मौकों पर दावा कर चुके हैं कि यह टकराव उनकी मध्यस्थता की वजह से ही आगे नहीं बढ़ा। इस दावे को देश के विपक्षी दलों ने हाथों हाथ लपक कर सरकार और सेना को घेरने का अभियान भी चला दिया। देश और अविचलित सरकार ने यह सब सुना। 'निंदा राग' ठंडा हो जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हीं डोनाल्ड ट्रंप को साफ शब्दों में बता दिया कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया व भविष्य में भी यह अस्वीकार्य ही होगी। उन्होंने भारत का यह संकल्प भी फिर व्यक्त किया कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले देशों को इसके नतीजे भुगतने होंगे क्योंकि अब वह आतंकवाद को प्रॉक्सी वार नहीं, बल्कि युद्ध कार्रवाई की तरह देखता है। पिछले कुछ महीनों से टैरिफ, अप्रवासन और व्यापार समझौते जैसे विषयों को लेकर ट्रंप भारत पर दबाव बनाने की रणनीति पर चल रहे थे जिसे भारत यह मानकर तूल नहीं दे रहा था कि ये द्विपक्षीय बातचीत से सुलझाए जा सकते हैं। लेकिन राष्ट्र की अस्मिता-सम्मान को मजाक बनाकर उस पर हावी होने की कोशिश स्वीकार नहीं की जा सकती। यह तो मजाक ही हो गया कि एक तरफ तो आतंकवाद की निंदा की जाए लेकिन बात जब पाकिस्तान की उठे तो उसे किसी भी तरह हल्का करने और अपनी टांग अड़ाने की कोशिश की जाए। ईरान, गाजा और यूक्रेन युद्ध जैसी इस समय की बेहद संवेदनशील समस्याओं को लेकर अमेरिका इसी तरह के निरर्थक दांवपेंच आजमा रहा है। पश्चिम एशिया की तरह हिंद महासागर क्षेत्र पर भी वर्चस्व बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय देशों को आपस में लड़ाने और फिर उनमें समझौता कराने का नाटक उसका पुराना खेल रहा है। इस बार भी यही हुआ। ट्रंप शायद बताना चाहते थे कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सम्मान जैसे मुद्दे पर भी भारतीय निर्णय उनकी पसंद के मुताबिक ही होते हैं। अब पीएम मोदी ने ट्रंप के साथ पूरी दुनिया को बता दिया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में भारत अपने फैसले खुद लेता है। उसमें कोई 'चौधराहट' न कभी स्वीकार्य रही है, न कभी रहेगी। विपक्ष भी समझे कि सरकार को घेरने के लिए बाहरी दखल का सहारा लेना बचकानी कोशिश ही होता है।

## आसान शिक्षा ऋण

शिक्षा ऋण की प्रक्रिया को आसान करने, अधिक से अधिक छात्रों के लिए कर्ज की सुविधा उपलब्ध कराने तथा निर्धन वर्ग के छात्रों को भी शिक्षा ऋण प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने विगत नवंबर में जिस पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी थी, शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने अब कुल 82 बैंकों को जोड़कर इस योजना को और आसान कर दिया है। इनमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के अलावा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी बैंक हैं, ताकि दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को शिक्षा ऋण लेने में किसी तरह की परेशानी न हो। वहीं विगत मार्च में शुरू हुए नये पोर्टल पर हर संस्थान को अपने हर कोर्स और फीस स्ट्रक्चर की जानकारी भी देनी पड़ रही है। इससे संबंधित बैंकों को वेरीफिकशन में सुविधा हो गयी है और उन्हें अलग-अलग उच्च शिक्षा संस्थानों में फीस से जुड़ी जानकारी प्राप्त नहीं करनी पड़ रही है। पिछले दिनों पंजाब नेशनल बैंक ने इस योजना के तहत लिये जाने वाले कर्ज पर ब्याज में 20 बेसिस पॉइंट की कटौती भी की है, जिसका छात्रों को लाभ मिलेगा। पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना पारंपरिक एजुकेशन लोन से कई मायनों में अलग है. एक तो यही कि सरकार द्वारा वित्तपोषित इस योजना के तहत शिक्षा ऋण के साथ-साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाती है, जिसके लिए केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल पर एक ही जगह पर आवेदन करना पड़ता है। इसके अलावा इस योजना में छात्रों को शिक्षा के विभिन्न खर्चों, जैसे-ट्यूशन फीस, रहने का खर्च, यात्रा खर्च तथा पुस्तकों और लैपटॉप/कंप्यूटर आदि जरूरतों का खर्च भी उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना के तहत एजुकेशन लोन में कोई ऊपरी सीमा नहीं है और यह गारंटी फ्री है। इस योजना के तहत निर्धन वर्ग के छात्रों को, जिन परिवारों की सालाना आय आठ लाख रुपये से कम है, सरकार न सिर्फ दस लाख तक का शिक्षा ऋण मुहैया करा रही है, बल्कि इस पर लगने वाला तीन फीसदी ब्याज भी सरकार ही चुकायेगी। नये पोर्टल के लांच होने के बाद कुल डेढ़ लाख से ज्यादा आवेदन आये हैं और छात्रों को कर्ज मिलना शुरू भी हो गया है। औसतन सोलह लाख रुपये तक का कर्ज एक छात्र ले रहा है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**कभी आत्मसमर्पण नहीं करेगा ईरान-खामेनेई**
तब अमेरिका की चौधराहट का क्या होगा?
**अब आतंकवाद को युद्ध मानता है भारत-मोदी**
वैसे तालिबानी सरकार को हमारा समर्थन है!
**दिल्ली के क्लासरूम घोटाले में ईडी की कार्रवाई**
मेमने और भेड़िये की कहानी आगे जारी रहेगी!
**तीन हजार का होगा वार्षिक फास्टैग - गडकरी**
सुरक्षित सड़क यात्रा के लिये धीरे चलना सही!
**साढ़े छह प्रतिशत से ज्यादा जीडीपी की उम्मीद**
दावा साढ़े आठ से बढ़ाकर पंद्रह करने का था!
**उत्तर प्रदेश में मानसूनी बौछारों से मौसम सुहाना**
शहरों में नावें चलाने के सुनहरे दिन आ गये!

♦♦♦

# मौद्रिक समीक्षा : तेज विकास पर जोर

रिजर्व बैंक ने विगत दिनों संपन्न हुई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती की, जिससे यह घटकर 5.50 के स्तर पर आ गयी है. इसके पहले फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक समीक्षाओं में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.25 फीसदी की दो बार कटौती की थी. इस तरह, इस साल केंद्रीय बैंक रेपो दर में कुल 100 बेसिस पॉइंट्स की कटौती कर चुका है. रेपो दर में 100 बीपीएस की कटौती का असर बैंकिंग क्षेत्र में धीरे-धीरे दिख रहा है. ज्ञात हो कि लगभग 60 फीसदी ऋण ईबीएलआर से जुड़े हैं,


**– सतीश सिंह**

जिससे मौजूदा कटौती से औसत उधारी दर में लगभग 30 बीपीएस की गिरावट आने की संभावना है. साथ ही, इसके कारण मियादी जमा और बचत खाता के ब्याज दरों में भी कटौती की जायेगी, जिससे छोटे निवेशकों को नुकसान होगा. डिपोजिट में कम ब्याज दर होने के कारण मौजूदा समय में निवेशक बैंक की जगह निवेश के दूसरे विकल्पों में निवेश कर रहे हैं, जिसके कारण जनवरी तक बैंक डिपॉजिट वृद्धि दर 10.3 फीसदी रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में धीमी है. उल्लेखनीय है कि इस बार रिजर्व बैंक ने रेपो दर के अलावा नकदी आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी 100 बीपीएस की कटौती की है, जिससे आगामी दिसंबर तक बैंकिंग सिस्टम में 2.5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी आने की संभावना है. बैंकिंग सिस्टम में पर्याप्त नकदी रहने पर बैंकों की लोन की लागत कम होगी और ऋण ब्याज दर कम रहने से उधारी की मांग में तेजी आयेगी. बैंकों में उधारी दर अधिक रहने के कारण वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर, बैंक क्रेडिट वृद्धि अप्रैल तक घटकर 11.2 फीसदी रह गयी, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 15.3 प्रतिशत रही थी. रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए क्रेडिट वृद्धि अनुमान 12 फीसदी रखा है, जो वित्त वर्ष 2024 के 16.3 प्रतिशत से कम है. वैश्विक रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर के अनुसार भी ऋण के उच्च ब्याज दरों की वजह से इस वित्त वर्ष में क्रेडिट वृद्धि 12 फीसदी से 14 प्रतिशत तक सीमित रह सकती है. रिजर्व बैंक ने इस वित्त वर्ष में वृद्धि दर के 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती, सेवाओं में विस्तार, कॉरपोरेट बैलेंस शीट में सुधार और सरकार द्वारा पूंजीगत खर्च में वृद्धि पर आधारित है. साथ ही, खुदरा महंगाई अनुमान को चार फीसदी से घटाकर 3.7 प्रतिशत कर दिया है, जिसका कारण बेहतर मॉनसून और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आना है. पिछले वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही. इस दौरान निजी अंतिम खपत व्यय और सरकारी अंतिम खपत व्यय, दोनों में कमी आयी. निजी व्यय की वृद्धि दर 7.3 फीसदी रही, जबकि, सरकारी खपत व्यय की वृद्धि दर 4.1 प्रतिशत रही. हालांकि, कृषि क्षेत्र, ग्रामीण मांग, सरकारी निवेश और सेवा क्षेत्रों में सुधार ने मौजूदा वृद्धि दर को बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. रिजर्व बैंक महंगाई दर के अधिक रहने पर रेपो दर में कटौती नहीं करता है, क्योंकि महंगाई को विकास का सबसे बड़ा दुश्मन माना जाता है. विगत अप्रैल में खुदरा महंगाई घटकर 3.16 प्रतिशत के स्तर पर आ गयी, जो विगत 69 महीनों का सबसे निचला स्तर है. जुलाई, 2019 में महंगाई दर 3.15 प्रतिशत रही थी. इधर, थोक महंगाई भी 13 महीने के निचले स्तर 0.85 फीसदी के स्तर पर आ गयी, जबकि मार्च में यह 2.05 प्रतिशत, फरवरी में 2.38 फीसदी एवं जनवरी में 2.31 फीसदी के स्तर पर रही. महंगाई का सीधा संबंध क्रय शक्ति से है. महंगाई के दौरान पैसों की कीमत कम हो जाती है. महंगाई का बढ़ना और घटना उत्पाद की मांग और आपूर्ति पर निर्भर करता है. यदि लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे, तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे, जिससे चीजों की मांग बढ़ेगी और मांग के मुताबिक आपूर्ति न होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी. सरल शब्दों में कहें, तो बाजार में पैसों का अत्यधिक बहाव या चीजों की कमी महंगाई का कारण बनता है. वहीं अगर मांग कम होगी और आपूर्ति ज्यादा, तो महंगाई कम होगी. वैसे, इन सब के बीच वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि होना एक सकारात्मक संकेत है. ज्यादा जीएसटी संग्रह मजबूत उपभोक्ता खर्च, औद्योगिक गतिविधि और प्रभावी कर अनुपालन के बारे में बताता है. सरकार ने जीएसटी से मई, 2025 में से 2.01 लाख करोड़ रुपये जुटाये हैं, जो पिछले साल की तुलना में 16.4 फीसदी अधिक है. मई, 2024 में सरकार ने 1.73 लाख करोड़ रुपये जीएसटी वसूल किये थे, जबकि अप्रैल, 2025 में सरकार ने इसके जरिये 2.37 लाख करोड़ रुपये संग्रहित किये, जो अब तक का रिकॉर्ड संग्रहण है. अभी महंगाई नियंत्रण में है और बैंक, डिपोजिट की समस्या से जूझ रहे हैं. जीडीपी वृद्धि दर में कमी आयी है, इसलिए, वर्तमान में सरकार और रिजर्व बैंक की प्राथमिकता विकास की रफ्तार बढ़ाना है. इसी वजह से केंद्रीय बैंक ने रेपो दर और सीआरआर दर में एक साथ कटौती की है. इससे बैंकिंग सिस्टम में पर्याप्त नकदी आयेगी, जिसका इस्तेमाल बैंक सस्ती दर पर जरूरतमंदों को कर्ज देने में कर सकेंगे, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आयेगी और विकास को रफ्तार मिलेगा।

रिजर्व बैंक ने विगत दिनों संपन्न हुई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती की, जिससे यह घटकर 5.50 के स्तर पर आ गया है. इसके पहले फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक समीक्षाओं में रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 0.25 फीसदी की दो बार कटौती की थी. इस तरह, इस साल केंद्रीय बैंक रेपो दर में कुल 100 बेसिस पॉइंट्स की कटौती कर चुका है. रेपो दर में 100 बीपीएस की कटौती का असर बैंकिंग क्षेत्र में धीरे-धीरे दिख रहा है. ज्ञात हो कि लगभग 60 फीसदी ऋण ईबीएलआर से जुड़े है, जिससे मौजूदा कटौती से औसत उधारी दर में लगभग 30 बीपीएस की गिरावट आने की संभावना है. साथ ही, इसके कारण मियादी जमा और बचत खाता के ब्याज दरों में भी कटौती की जायेगी, जिससे छोटे निवेशकों को नुकसान होगा. डिपोजिट में कम ब्याज दर होने के कारण मौजूदा समय में निवेशक बैंक की जगह निवेश के दूसरे विकल्पों में निवेश कर रहे हैं, जिसके कारण जनवरी तक बैंक डिपॉजिट वृद्धि दर 10.3 फीसदी रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में धीमी है.




## प्रेमचंद की कहानियां



### राजा हरदौल

हरदौल ने सिर झुका कर बीड़ा लिया, उसे माथे पर चढ़ाया, एक बार बड़ी ही करुणा के साथ चारों ओर देखा और फिर बीड़े को मुंह में रख लिया। एक सच्चे राजपूत ने अपना पुरुषत्व दिखा दिया। विष हलाहल था, कंठ के नीचे उतरते ही हरदौल के मुखड़े पर मुर्दनी छा गयी और आंखें बुझ गयीं। उसने एक ठंडी सांस ली, दोनों हाथ जोड़ कर जुझारसिंह को प्रणाम किया और जमीन पर बैठ गया। उसके ललाट पर पसीने की ठंडी-ठंडी बूंदें दिखायी दे रही थीं और सांस तेजी से चलने लगी थी; पर चेहरे पर प्रसन्नता और संतोष की झलक दिखायी देती थी। जुझारसिंह अपनी जगह से जरा भी न हिले। उनके चेहरे पर ईर्ष्या से भरी हुई मुस्कराहट छायी हुई थी; पर आंखों में आंसू भर आये थे। उजाले और अंधेरे का मिलाप हो गया था।

### बूढ़ी काकी

बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है। बूढ़ी काकी में जिह्वा-स्वाद के सिवा और कोई चेष्टा न थी और न अपने कष्टों की ओर आकर्षित करने का, रोने के अतिरिक्त कोई दूसरा सहारा ही। समस्त इन्द्रियां, नेत्र, हाथ और पैर जवाब दे चुके थे। पृथ्वी पर पड़ी रहती और घर वाले कोई बात उनकी इच्छा के प्रतिकूल करते, भोजन का समय टल जाता या उसका परिमाण पूर्ण न होता अथवा बाजार से कोई वस्तु आती और न मिलती तो वे रोने लगती थीं। उनका रोना-सिसकना साधारण रोना न था, वे गला फाड़-फाड़ कर रोती थीं। उनके पतिदेव को स्वर्ग सिधारे कालांतर हो चुका था। बेटे तरुण हो-होकर चल बसे थे। अब एक भतीजे के सिवाय और कोई न था। उसी भतीजे के नाम उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति लिख दी। भतीजे ने सारी सम्पत्ति लिखाते समय खूब लम्बे-चौड़े वादे किये, किंतु वे सब वादे केवल कुली डिपो के दलालों के दिखाये हुए सब्जबाग थे। यद्यपि उस सम्पत्ति की वार्षिक आय डेढ़-दो सौ रुपये से कम न थी तथापि बूढ़ी काकी को पेट भर भोजन भी कठिनाई से मिलता था। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**अनृत साहस मूढता, कपटरु कृतघन आइ ।**
**निरदयतारु मलीनता, तियमें सहज रजाइ ॥**

झूठ बोलना, एकाएक कोई काम कर बैठना, नखरे करना, मूर्खता करना, ज्यादा लालच रखना, अपवित्र रहना और निर्दयता का बर्ताव करना ये स्त्रियों के स्वाभाविक दोष हैं।

♦♦♦

# विमानन के आईने में विश्व : अहमदाबाद से एथेंस तक एक वैश्विक पुनरावलोकन

12 जून 2025 की दोपहर भारतीय विमानन इतिहास के लिए एक काला अध्याय बनकर उभरी। अहमदाबाद से लंदन गेटविक के लिए उड़ान भरते ही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई171, महज़ 40 सेकंड के भीतर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह घटना न केवल तकनीकी



**– डॉ. अमित द्विवेदी**

विफलता का विषय बनी, बल्कि उससे उपजी मानवीय पीड़ा, नीति-निर्माण की खामियां और वैश्विक एविएशन सुरक्षा के वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर भी प्रश्नचिन्ह छोड़ गई। बोईंग 787-8 ड्रीम लाइनर जब सुबह टेकऑफ कर रहा था, तब उस पर 242 लोग सवार थे – जिनमें 230 यात्री और 12 क्रू सदस्य थे। हादसे में 241 लोगों का दुखद रूप से बचाये नहीं जा सके । विमान पास के बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल पर गिरा, जिससे जमीन पर भी अनेक जानें गईं। केवल एक यात्री 32 वर्षीय विश्वेश कुमार रमेश ही चमत्कारिक रूप से जीवित बचे। यह दुखद घटना भारत के लिए वैसी ही थी जैसी 1978 की एयर इंडिया क्रैश या 1996 की चर्खी-दादरी टक्कर – जिनमें व्यापक जनहानि हुई थी। लेकिन अहमदाबाद हादसे ने एक नई चेतावनी दी है कि अत्याधुनिक माने जाने वाले विमानों में भी अगर निगरानी और जवाबदेही की श्रृंखला थोड़ी भी कमजोर हो, तो तकनीक भी त्रासदी को नहीं टाल सकती। हवाई दुर्घटनाएँ केवल तकनीकी विफलता या मानवीय भूल नहीं होतीं वे अक्सर वैश्विक एविएशन संरचना की दरारें उजागर करती हैं। अहमदाबाद की घटना को समझने के लिए हमें कुछ प्रमुख वैश्विक हादसों पर भी नज़र डालनी होगी ढ्ढ जापान एअर लाइंस का विमान 1985 में दुनिया का सबसे घातक सिंगल एयर क्राफ्ट दुर्घटना सभीत हुआ जिसमें विमान मे सवार 524 लोगों में से 520 लोगों कि मृत्यु हुयी ढ्ढ मलेशियन एयरलाइंस फ्लाइट एम एच 370 (2014) विमान क्वालालंपुर से बीजिंग जाते समय लापता हो गया और आज तक उसका मलबा पूरी तरह नहीं मिला। इसने विमानों के ट्रैकिंग सिस्टम की सीमाओं को उजागर किया। एथेंस एयर डिसास्टर (2005) हेलिउस एयरवेज़ 522- कॉकपिट में ऑक्सीजन स्तर कम होने के कारण पूरी क्रू बेहोश हो गई और विमान ऑटो-पायलट मोड में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। यह घटना विमान प्रेसराइजेशन सिस्टम पर पुनर्विचार का कारण बनी। इसमें 115 यात्रियों समेत 6 क्रूज सदस्य थे और कोई भी जीवित नहीं बचा ढ्ढ इस घटना ने साबित किया कि एक छोटी सी मानवीय गलती किस हद तक घातक हो सकती है। एयरफ्रांस फ्लाइट 447 (2009) रियो से पेरिस जा रहा यह विमान अटलांटिक महासागर में गिरा। जाँच में पता चला कि पायलट ने सॉफ्टवेयर की गलत सूचना पर विश्वास करके मानवीय त्रुटि की । इन घटनाओं से एक बात स्पष्ट होती है- सुरक्षा प्रणाली का कोई भी स्तर अचूक नहीं है जब तक हर कड़ी निर्माण, रखरखाव, प्रशिक्षण और नियमन सशक्त न हो। डिजीसीए और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही प्रारंभिक जाँच में विमान के लैंडिंग गियर या फ्लैप सिस्टम में कोई गंभीर तकनीकी त्रुटि की संभावनाओं का परीक्षण किया जा रहा है जिससे संतुलन बिगड़ा और एयरक्राफ्ट नीचे गिर पड़ा। इसके अतिरिक्त, एयर ट्रैफिक कंट्रोल द्वारा भेजे गए शुरुआती मैसेज भी रिकॉर्ड हो चुके हैं जिसमें पायलट ने 'लॉस ऑफ थ्रस्ट' और 'इमिडियट रिटर्न' की सूचना दी थी। एक और महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि विमान में 1.25 लाख लीटर जेट फ्यूल था, जिससे दुर्घटना के बाद लगी आग ने राहत और बचाव कार्य को अत्यंत कठिन बना दिया। अत्याधुनिक एविएशन टेक्नोलॉजी,



ऑटो-पायलट, जीपीएस ट्रैकिंग, ब्लैक बॉक्स ये सभी प्रणाली उस समय बेमानी हो जाती हैं जब मानवीय लापरवाही या नीति संबंधी ढिलाई हावी हो जाती है। अहमदाबाद क्रैश के बाद कई सवाल खड़े हुए हैं- क्या ड्रीम लाइनर जैसे विमान की निरीक्षण प्रक्रिया पर्याप्त थी? क्या नागर विमानन महानिदेशालय या एयर इंडिया ने इन विमानों के पूर्व रखरखाव में लापरवाही की? इन प्रश्नों के उत्तर केवल तकनीकी रिपोर्टों में नहीं, बल्कि एविएशन सेक्टर के प्रति हमारी गंभीरता में छिपे हैं। दुर्घटना में जान गंवाने वालों में छात्रों, कामकाजी प्रवासियों, और एक संपूर्ण परिवार जैसे जोशी परिवार (राजस्थान) भी शामिल हैं । उनकी अंतिम तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर गहरी संवेदना जगाई। यह हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि अनेक अधूरी कहानियों का एक अंत था और इसलिए इसके प्रति समाज, मीडिया, और शासन सभी की ज़िम्मेदारी बनती है कि वे शोक को केवल बयानबाज़ी तक सीमित न रखें, बल्कि नीतिगत बदलाव की दिशा में ठोस कदम उठाएँ। भारत में पिछले कुछ वर्षों में एयर ट्रैवल में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, लेकिन सुरक्षा पर अनुपात में ध्यान नहीं दिया गया। छोटे रनवे, प्रशिक्षित तकनीशियनों की कमी, और एयरलाइनों की लागत-कटौती प्रवृत्ति ने सुरक्षा को अक्सर पीछे धकेला है। भारत सरकार ने उड़ान योजना से कनेक्टिविटी तो बढ़ाई, लेकिन सुरक्षा में समान रूप से निवेश करने की आवश्यकता शेष है। DGCA को मात्र निरीक्षण एजेंसी न मानकर, उसे सख्त नियामक अधिकारों के साथ सशक्त बनाना होगा। एविएशन सेक्टर में 'ज़ीरो इरर' की अवधारणा को आदर्श नहीं, अनिवार्यता माना जाना चाहिए। इसके लिए अनिवार्य रूप से कुछ कदम ज़रूरी हैं जैसे पूर्व-उड़ान जांच का सख्ती से पालन, ब्लैक बॉक्स डेटा को ओपन-एसेस एनालिसिस हेतु साझा करना, पायलट्स की साइकोलॉजिकल स्क्रीनिंग और ट्रेनिंग का पुनरावलोकन, इमरजेंसी रिस्पॉन्स यूनिट को सशक्त बनाना, दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की रिपोर्ट सार्वजनिक करना। भारत में विमान दुर्घटनाओं में जान गवाने वाले अनेक प्रसिद्द लोगों की सूची बनायी जा सकती है जैसे संजय गांधी, ललित नारायण मिश्रा, माधवराव सिंधिया, जनरल विपिन रावत, अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दोरजू खंडू आदि प्रसिद्ध परमाणु वैज्ञानिक होमी डॉ. जहाँगीर भाभा का 1966 में स्वीटीज़रलैंड में एअर इंडिया फ्लाइट 101 के दुर्घटनाग्रस्त होने से नियति ने उन्हें हमसे छीन लिया और उनके असामयिक निधन से हमारे अनेक परमाणु कार्यक्रम अधूरे रह गए।

## प्रेरक प्रसंग

### अंतर का प्रकाश

बौद्ध साहित्य में अम्बपाली का नाम विख्यात है। वैशाली में आम के पेड़ के नीचे नन्हीं बालिका पड़ी पाई गई थी। माली उसे उठाकर अपने घर ले गया और उसका पालन-पोषण किया। अम्बपाली बहुत सुंदर थी। बड़ी होने के साथ-साथ उसका सौंदर्य निखरता गया। संगीत, नृत्य और वाद्य में वह निपुण हो गई। उसके रूप-लावण्य ये आकर्षित होकर बड़े-बड़े लोग विवाह का प्रस्ताव लेकर आये, पर उसने सबको इन्कार कर दिया। एक दिन भगवान बुद्ध का वैशाली में आगमन हुआ और संयोग की बात कि वह अम्बपाली के आम्र वन में ठहरे। अम्बपाली उनके दर्शन के लिए गई। उनका अभिववादन करके एक ओर बैठ गई। भगवान बुद्ध ने उसे उपदेश दिया। उपदेश सुनने के बाद उसने विनत होकर भगवान बुद्ध से प्रार्थना की, भन्ते, अपने संघ सहित आप कल का मेरा भोजन स्वीकार करें। भगवान से स्वीकृति दे दी। अगले दिन भगवान बुद्ध अपने भिक्षु-संघ के साथ अम्बपाली के घर गये और उसके हाथ से आहार ग्रहण किया। भोजन के बाद अम्बपाली ने निवेदन किया, भन्ते, मैं इस उपवन को आपके संघ को समर्पित करती हूं। बुद्ध ने उसे स्वीकार कर लिया। भगवान बुद्ध चले गये, लेकिन अम्बपाली एकदम बदल गई। उसे अपनी वास्तविक कुरूपता का भान हुआ। अबतक वह काम-वासना में अनुरक्त और आनंदित थी। उसके जीवन में एक नया अध्याय खुल गया। उसने अपने केश कटवा डाले और भिक्षुणी बन गई। कुछ ही समय में वह साधना के उच्चतम शिखर पर पहुंच गई और पूर्णता-प्राप्त भिक्षुणियों में उसे महत्वपूर्ण स्थान मिल गया। अंतर के प्रकाश से उसका सम्पूर्ण जीवन आलोकित हो गया।

## आपका पत्र मिला

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ : अब दिखने लगा कौशल

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का अभियान 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया। दस वर्ष के बाद अब जागरूकता देखने को मिल रही है। माता पिता बेटियों को पढ़ाने में रुचि ही नहीं ले रहे है, बल्कि बेटियों का मनोबल बढ़ा है और बेटियां अच्छे डिवीजन से पास हो रही हैं। देश मे दसवीं और बाहरवी की कुल छात्राओं में उत्साह बढ़ा है, बल्कि अच्छे नम्बरों से पास होने का प्रतिशत भी बढ़ा है। आज बच्चियों को किसी के कहने की जरूरत नहीं रही, वे स्वयं आगे चलकर आगे पढ़ने के लिए अपने अभिभावकों को समझा रही है। गांवों में प्राथमिक शिक्षा के बाद बेटियों को स्कूल नहीं भेजा जाता था लेकिन शिक्षा का स्तर सुधरने और गांवों में बारहवीं तक के स्कूल खुलने से बच्चियों को कॉलेज में ही शहर का रुख करना पड़ रहा है। यहां तक तहसील और उप तहसील में कॉलेज का नवनिर्माण हो रहा है। आज पढ़ाई इतनी सरल और सुगम हो गई है कि बेटियों को अब कोई परेशानी नहीं होगी। विज्ञान जैसे विषय को लेकर पहले से अब लड़कियों का रुझान बढ़ा है। यह चौंकाने वाली बात है कि जो बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ का बीज 2015 में बोया था वह अब अंकुरित होकर फल दे रहा है। दसवीं और बारहवीं के लिए कराए गए सर्वेक्षण को लेकर 2024 में शामिल होने वाली छात्राओं का 10.60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह 2013 से 2024 के इन वर्षों में वृद्धि देखने को मिली है। बेटियों की संख्या में 19.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 60 प्रतिशत से अधिक अंकों से पास होने वाली छात्राओं में 85.08 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वही बेटियों की 95.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसी में एसटी वर्ग की बेटियों में 251 प्रतिशत तो एससी वर्ग में 157 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान में जिस तरफ रुझान बढ़ा है, वहीं बेटियों को सरकारी नौकरी में अवसर मिला है। स्तर बड़ी तेजी से बढ़ा है।

**कांतिलाल मांडोत**
**- वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com*

# जमीन नहीं पानी में योग करने के हैं ज्यादा फायदे

## मन को सुकून देने का मजेदार तरीका है

योग को सेहत के लिए वरदान माना जाता है। योग करने से न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। योग कई तरह से किया जाता है। आज हम आपको वॉटर योगा के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अक्वा योगा या पूल योगा भी कहा जाता है। इसे पानी में, विशेष रूप से स्विमिंग पूल या किसी अन्य जलाशय में किया जाता है। यह पारंपरिक योगासनों को पानी की हीलिंग और सपोर्टिव शक्ति के साथ मिलाकर किया जाता है, जिससे शरीर और मन दोनों को लाभ मिलता है। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

**वॉटर योगा क्या है?**

यह योग की वह शैली है जो पानी के अंदर या पानी की सतह पर की जाती है। इसमें सामान्य योगासन जैसे वृक्षासन, ताड़ासन, वॉरियर पोज़ आदि को पानी में संतुलन बनाकर किया जाता है। पानी शरीर को सपोर्ट देता है, जिससे आसनों को आसानी से किया जा सकता है। वॉटर योगा एक बेहतरीन तरीका है शरीर को सहजता, शक्ति और शांति देने का। यह न सिर्फ शरीर को लचीला और फिट बनाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी सुकून देता है।

**पानी में योगा करने के फायदे**

पानी का बायोयेंसी प्रभाव शरीर का भार कम कर देता है, जिससे जोड़ों पर तनाव नहीं पड़ता। वहीं पानी की लहरें और तापमान शरीर की मांसपेशियों को सहारा और आराम देती हैं। पानी में रहने से मन शांत रहता है और मानसिक तनाव कम होता है। पानी में आसनों को करने से बॉडी बैलेंस और फ्लेक्सिबिलिटी बेहतर होती है।



पानी में योग करते समय शरीर अधिक मेहनत करता है, जिससे कैलोरी बर्न होती है और फिटनेस बढ़ती है।

इन लोगों के लिए फायदेमंद है वॉटर योगा

-बुजुर्ग लोग जिनके घुटनों या पीठ में दर्द होता है।

-प्रेग्नेंट महिलाएं (डॉक्टर की सलाह के बाद)।

-वजन कम करना चाहने वाले लोग।

-थकान, तनाव या अनिद्रा से पीड़ित व्यक्ति।

योग में नए शुरूआत करने वाले लोग, क्योंकि पानी सहारा देता है।

**वॉटर योगा करते समय ध्यान देने योग्य बातें**

- प्रशिक्षित योग शिक्षक की निगरानी में करें।
- गहराई कम वाले पूल या पानी में ही करें।-सांसों और गति पर फोकस रखें।
- शरीर को हाइड्रेटेड रखें।

# मेंटल हेल्थ के लिए 'हंसी' क्यों है सबसे अच्छा इलाज?



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। इनसे समस्या से निजात पाने के लिए लोग अक्सर महंगे उपचारों और जटिल तकनीकों की तलाश करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक सबसे आसान, मुफ्त और प्राकृतिक उपाय आपकी मानसिक सेहत स्वस्थ्य रखने में अहम भूमिका निभा सकता है? जी हां, हम बात कर रहे हैं लाफ्टर थेरेपी की यानी खुलकर हंसने की। हंसी एक ऐसी भावनात्मक अभिव्यक्ति है, जिसमें हमारे मन और शरीर को स्वस्थ्य रखने की अद्भुत क्षमता है। कई स्टडी में ऐसा देखने को मिलता है कि संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए खुलकर हंसने से न सिर्फ हमारा मन हल्का रहता है बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य में भी सकारात्मक बदलाव होते हैं। लाफ्टर थेरेपी के कई स्वास्थ्य लाभ हैं, आइए इस लेख में कुछ प्रमुख स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**तनाव और चिंता में कमी**-खुलकर हंसी शरीर में एंडोर्फिन जैसे खुशी के हार्मोन को रिलीज करती है, जो तनाव और चिंता को कम करने में मदद करते हैं। जब हम हंसते हैं, तो कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) का स्तर घटता है। लाफ्टर थेरेपी सत्रों में लोग समूह में हंसने के व्यायाम करते हैं, जैसे हंसी योग, जो दिमाग को शांत करता है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार**-खुलकर हंसने न सिर्फ मन खुश रहता है, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। हंसने से शरीर में टी-सेल्स और एंटीबॉडीज का उत्पादन बढ़ता है, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। लाफ्टर थेरेपी नियमित रूप से करने वाले लोग सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों से कम प्रभावित होते हैं।

**सामाजिक जुड़ाव**-लाफ्टर थेरेपी अक्सर समूहों में की जाती है, जहां लोग एक-दूसरे के साथ हंसते और बातचीत करते हैं। यह सामाजिक जुड़ाव को बढ़ाता है और अकेलेपन की भावना को कम करता है। हंसी लोगों के बीच विश्वास और दोस्ती का सेतु बनाती है। परिवार या दोस्तों के साथ हंसने से रिश्ते मजबूत होते हैं, और यह अवसाद से जूझ रहे लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार**-हंसी एक बेहतरीन व्यायाम है। यह रक्त संचार को बेहतर करता है, और मांसपेशियों को आराम देता है। हंसी ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में भी मदद करती है। जो लोग पुरानी बीमारियों से जूझ रहे हैं उनके लिए लाफ्टर थेरेपी बहुत फायदेमंद हो सकता है। हंसने के लिए आप कॉमेडी शो देख सकते हैं या दोस्तों के साथ भी हंसी मजाक कर सकते हैं।

# बेवजह उदास हो जाते हैं और बनी रहती है चिंता?



उदासी हो या खुशी ये दोनों हमारी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं हैं, जिनसे हमारे मूड का पता चलता है। किसी दुख, चिंता में मन उदास हो जाता है, वहीं अपनों से मिलने, सफलता प्राप्त होने पर खुशी का एहसास होता है। पर कई बार हमारा मन बिना किस कारण के भी उदास महसूस करने लगता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? जब हम परेशान होते हैं या किसी विषय पर अत्यधिक सोचने लगते हैं तो कई बार उदास महसूस करते हैं। इस हालत में ओवर थिंकिंग हो सकती है, जो चिंता और तनाव का कारण भी बन सकती है। लेकिन कई बार उदासी बेवजह भी हो सकती है। इसके कई कारण हो सकते हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। बिना कारण उदास होना-बिना कारण हर वक्त उदास रहना अवसाद के कारण भी हो सकता है। अगर यह समस्या दो सप्ताह से ज्यादा बनी रहती है तो यह गंभीर मानसिक स्थिति का रूप ले सकती है। रिप्रोडक्टिव हार्मोन्स में बदलाव आने से भी दिनभर उदासी हो सकती है, ऐसा ज्यादातर महिलाओं में होता है। कई बार लोग कुछ ऐसी परिस्थितियों से गुजर रहे होते हैं, जिनका समाधान उनके पास भी नहीं होता है। ऐसे में न चाहते हुए भी उन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा सोचने लगते हैं और परेशान होने लगते हैं।इसका कारण काम का तनाव, किसी करीबी का बीमार होना, रिश्ते से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**क्या कहते हैं मनोचिकित्सक?**

मौसम में बदलाव आने पर भी शरीर पर असर पड़ता है, जिससे जीवनशैली में बदलाव आता है। यह भी बेवजह उदास रहने और मूड बदलने का कारण बन सकता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं, जब बिना वजह दिल भारी लगे, तो जरूरी है वजह को समझना। डोपामिन और सेरोटोनिन की कमी अक्सर उदासी बने रहना का प्रमुख कारण हो सकता है। ये दो खास 'फील गुड' हार्मोन हैं। इनकी कमी से मूड खराब रहता है और लगातार थकावट या दुख का एहसास बना रहता है। इसके अलावा थायरॉइड की समस्या या हार्मोनल असंतुलन भी आपके मूड को प्रभावित कर सकती है। खासकर महिलाओं में थायरॉइड, पीसीओएस या मेनोपॉज के कारण मूड में उतार-चढ़ाव और उदासी देखी जाती है।

**अक्सर उदासी बने रहने के इन कारणों को भी जानिए**

अक्सर उदास रहने, काम में मन न लगने या चिंतित रहने के पीछे कई और भी कारण हो सकते हैं जिनके बारे में समझना जरूरी है। नींद की कमी या नींद में अनियमितता के कारण दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं मिलता और इसका सीधा असर मूड पर पड़ता है।

# 'सोशल मीडिया' की लत से परेशान हैं? तो जान लें 'डिजिटल डिटॉक्स' के ये तीन बड़े फायदे

आज के आधुनिक दौर में सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स ने जहां हमें दुनिया भर से जोड़ा है, वहीं सोशल मीडिया की लत ने दबे पांव हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालना शुरू कर दिया है। लगातार स्क्रॉल करना, हर नोटिफिकेशन पर क्लिक करना, और सोशल मीडिया पर दूसरों की फोटो देखकर तुलना करने की आदत अब कई लोगों के लिए तनाव, चिंता और नींद की गंभीर कमी का कारण बन रही है। यह सिर्फ समय की बर्बादी नहीं, बल्कि हमारे ध्यान, प्रोडक्टिविटी और रिश्तों को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही है। यदि आप भी सोशल मीडिया के इस जाल में फंसकर खुद को परेशान महसूस कर रहे हैं, तो %डिजिटल डिटॉक्स% आपके लिए एक बेहतरीन और जरूरी समाधान हो सकता है। अब बहुत से लोगों के दिमाग में ये सवाल होता है कि आखिर डिडिटल डिटॉक्स होता क्या है? डिजिटल डिटॉक्स यानी



कुछ समय के लिए डिजिटल उपकरणों और सोशल मीडिया से दूरी बनाना। डिजिटल डिटॉक्स के कई बड़े फायदे होते हैं, ये जीवन में संतुलन और सुकून लाता है। आइए इस लेख में डिजिटल के कुछ प्रमुख फायदों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**मानसिक शांति और तनाव में कमी**-सोशल मीडिया पर लगातार समय बिताने से दिमाग हमेशा सूचनाओं के बोझ तले दबा रहता है। डिजिटल डिटॉक्स आपको इस शोर से मुक्ति दिलाता है। जब आप फोन और सोशल मीडिया से ब्रेक लेते हैं, तो दिमाग को आराम मिलता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। एक अध्ययन के अनुसार, जो लोग सप्ताह में कुछ घंटे भी डिजिटल डिटॉक्स करते हैं, वे ज्यादा खुश और संतुष्ट महसूस करते हैं। इस दौरान किताब पढ़ना, ध्यान करना, या प्रकृति के साथ समय बिताना मानसिक शांति को बढ़ाता है।

**बेहतर नींद और प्रोडक्टिवीटी**-सोशल मीडिया की लत की वजह से अक्सर लोग देर रात तक स्क्रीन पर समय बिताते हैं, जिसकी वजह से नींद प्रभावित होती है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन को कम करती है, जो नींद के लिए बहुत जरूरी है। डिजिटल डिटॉक्स के जरिए आप सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम कर सकते हैं, जिससे नींद की गुणवत्ता बेहतर होती है। साथ ही, दिन में सोशल मीडिया पर बर्बाद होने वाला समय बचता है, जिसे आप अपने काम, शौक, या परिवार के साथ बिता सकते हैं।

**वास्तविक रिश्तों में सुधार**-सोशल मीडिया हमें ऑनलाइन दुनिया से जोड़ता है, लेकिन वास्तविक रिश्तों से अक्सर दूर कर देता है। डिजिटल डिटॉक्स आपको अपने परिवार, दोस्तों, और खुद के साथ समय बिताने का मौका देता है। आमने-सामने की बातचीत, हंसी-मजाक, और साथ बिताए पल रिश्तों को मजबूत करते हैं। यह आपको ऑनलाइन तुलना की उस दौड़ से भी बचाता है, जो आत्मविश्वास को प्रभावित करती है। डिजिटल डिटॉक्स शुरू करना आसान है। शुरुआत में कुछ घंटों के लिए फोन को साइलेंट मोड पर रखें, नोटिफिकेशन बंद करें, या दिन में एक निश्चित समय सोशल मीडिया के लिए तय करें। धीरे-धीरे इस समय को कम करते जाएं। सप्ताह में एक दिन पूरी तरह डिजिटल-मुक्त रहने की कोशिश करें। यह छोटे-छोटे कदम आपको सोशल मीडिया की लत से मुक्ति दिलाने में कारगर साबित हो सकते हैं।

# सुबह 15 मिनट करें ये योगासन, दिमाग में कभी नेगेटिविटी आने नहीं देगी

आज के तनावपूर्ण जीवन में हमारे दिमाग को भी उतनी ही देखभाल और साफ-सफाई की जरूरत होती है जितनी हमारे शरीर को। जब दिमाग में नकारात्मक विचार, चिंता और तनाव जमा हो जाते हैं तो इसे 'मेंटल डिटॉक्स' की जरूरत होती है। रोजाना सुबह 15 मिनट योगासन करके आप अपने मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर सकते हैं। आइए जानते हैं कुछ ऐसे सरल योगासन जो दिमाग को तनावमुक्त करने में मदद करते हैं-

**पवनमुक्तासन**-इस योगासन में पीठ के बल लेटकर घुटनों को धीरे-धीरे छाती की ओर लाना होता है और दोनों हाथों से उन्हें पकड़ना होता है। यह आसन पाचन तंत्र को सुधारता है, गैस व वायु दोष को कम करता है और मानसिक तनाव व चिंता को दूर करने में मदद करता है। दिमाग को सुकून मिलता है।

**शवासन**-शवासन को 'कॉर्प्स पोज़' भी कहा जाता है। इसमें पीठ के बल लेटकर पूरी तरह शरीर को ढीला छोड़ देना होता है। यह योगासन मानसिक शांति और गहरा आराम प्रदान करता है। इससे तनाव, चिंता और थकावट कम होती है, और मस्तिष्क को संतुलन मिलता है।

**बालासन**-बालासन या 'चाइल्ड पोज़' में घुटनों को मोड़कर बैठना होता है, सिर को जमीन पर टिकाना और हाथों को सामने फैलाना होता है। यह आसन मानसिक तनाव कम करता है, भावनात्मक शांति लाता है और शरीर की मांसपेशियों को आराम देता है।

# 'फॉरेस्ट बाथिंग' क्या है? जानें प्रकृति में समय बिताने से कैसे मिलता है सुकून



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और थकान आम समस्याएं बन गई हैं। इनसे राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय आजमाते हैं, लेकिन क्या आपने कभी प्रकृति की शरण में जाकर सुकून पाने की कोशिश की है? %फॉरेस्ट बाथिंग% जो जापान से शुरू हुई एक प्राचीन प्रथा है, प्रकृति के बीच समय बिताकर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक अनोखा तरीका है। आइए इस लेख में जानते हैं कि फॉरेस्ट बाथिंग क्या है और साथ ही इसके चार फायदे भी जानेंगे।

**फॉरेस्ट बाथिंग क्या है?**

फॉरेस्ट बाथिंग का मतलब जंगल में स्नान करना नहीं, बल्कि जंगल या हरे-भरे प्राकृतिक वातावरण में अपने सभी इंद्रियों के साथ समय बिताना है। इसमें पेड़-पौधों को देखना, हवा की ताजगी को महसूस करना, पत्तियों की सरसराहट सुनना, और मिट्टी की खुशबू लेना शामिल है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें आप मोबाइल और अन्य ध्यान भटकाने वाली चीजों से दूर रहकर प्रकृति के साथ समय बिताते हैं।

**तनाव और चिंता में कमी**

फॉरेस्ट बाथिंग तनाव वाले हार्मोन कोर्टिसोल के लेवल को कम करती है। जंगल की शांति और हरियाली दिमाग को शांत करती है, जिससे चिंता और अवसाद के लक्षणों में राहत मिलती है।



**रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार**

पेड़-पौधे फाइटोन्साइड्स नामक रसायन छोड़ते हैं, जो हवा में फैलकर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। फॉरेस्ट बाथिंग के दौरान इन रसायनों को सांस के जरिए ग्रहण करने से शरीर में नेचुरल किलर सेल्स बढ़ते हैं, जो गंभीर बीमारियों और वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता**

प्रकृति में समय बिताने से दिमाग तरोताजा होता है, जिससे एकाग्रता और रचनात्मकता बढ़ती है। फॉरेस्ट बाथिंग डिजिटल स्क्रीन के कारण होने वाली मानसिक थकान को कम करती है। इससे आपका फोकस बढ़ता है और प्रोडक्टिवीटी अच्छी होती है।

**कैसे शुरू करें?**

फॉरेस्ट बाथिंग के लिए किसी खास प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है। नजदीकी पार्क, जंगल, या हरे-भरे क्षेत्र में जाएं। फोन को साइलेंट करें, संभव हो तो फोन घर पर ही छोड़कर जाएं और धीरे-धीरे टहलें। गहरी सांस लें, प्रकृति को महसूस करें, और बिना जल्दबाजी के समय बिताएं।

# वजन कम करने में आपकी ये गलत आदतें बन सकती हैं रुकावट

आज की आधुनिक जीवनशैली में वजन कम करना बहुत से लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण लक्ष्य बन गया है। हम सभी स्वस्थ और फिट रहना चाहते हैं, लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने में हमारी ही कुछ गलत आदतें रुकावट बन सकती हैं। ये आदतें न केवल हमारे वजन घटाने के प्रयासों को धीमा करती हैं, बल्कि कभी-कभी उन्हें पूरी तरह से रोक भी देती हैं। हमारा शरीर एक जटिल मशीन की तरह है, और जब हम इसे सही ईंधन या उचित आराम नहीं देते, तो इसका संतुलन बिगड़ जाता है। कई बार हमारी कुछ गलत आदतें न केवल हमारे मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करती हैं, बल्कि हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालती हैं। यदि आप भी वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं और अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं, तो आपको भी इस लेख को बहुत ध्यान से पढ़ना चाहिए। आइए जानते हैं ये कौन सी आदतें हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है।

**अनियमित नींद की आदतें**

नींद और वजन का गहरा संबंध है। अनियमित नींद या कम सोना भूख को नियंत्रित करने वाले हार्मोन को असंतुलित करता है। इससे भूख बढ़ती है और लोग ज्यादा खाते हैं। नींद की कमी तनाव हार्मोन कोर्टिसोल को भी बढ़ाती है, जो वजन बढ़ने का बड़ा कारण है। रोजाना 7-8 घंटे की गहरी नींद लें और सोने-जागने का समय निश्चित करें।

**अधिक प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन**

चिप्स, बर्गर, पिज्जा, और पैकेटबंद स्नैक्स जैसे प्रोसेस्ड फूड्स में कैलोरी, चीनी, और ट्रांस फैट की मात्रा अधिक होती है। ये वजन बढ़ाने के साथ-साथ डायबिटीज और हृदय रोग का खतरा भी बढ़ाते हैं। इनके बजाय ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, और घर का बना खाना डाइट में शामिल करें। खाने की सामग्री की लेबलिंग पढ़ें और प्राकृतिक खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दें।

**पर्याप्त पानी न पीना**-पानी की कमी मेटाबॉलिज्म को धीमा करती है, जिससे कैलोरी बर्न होने की प्रक्रिया रुकती है। पर्याप्त पानी पीने से भूख नियंत्रित रहती है और शरीर डिटॉक्स होता है। रोजाना 8-10 गिलास पानी पिएं। सुबह खाली पेट गुनगुना पानी पीना वेट लॉस के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 20 जून 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, नवमी तिथौ शुक्र वासरे 15/20/ रेवती नक्षत्रे 23/21/ शोभन योग 23/47/ गर करणे 09/50/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.29मि.35पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक समाप्त घं.21 मि. 45 पर। भद्रा प्रारम्भ घं.20मि.35से।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव व रोग से बचें। यात्रा की संभावनाएं बनेंगी।

**वृष :** रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा। गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा न करें। सम्बन्धों में विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग रहेगा।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। कामी पर सेन रखे। यात्रा में सावधानी आवश्यक है। धन, सम्मान, यश की प्राप्ति होगी।

**धनु :** भगवती सरस्वती जी की उपासना आपके लिए लाभकारी होगी। समय के महत्व को समझें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

**मकर :** धन प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारा आय व्यय में असंतुलन पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :**पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाण होंगे। सम्बन्धों में निकटता आयेगी। धैर्य बनाये रखें।

## खबर एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट

**महराजगंज, रायबरेल।** पूरे कैलाश सिंह मजरे ज्यौना गांव में घूरा लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। चंदापुर थाना क्षेत्र के पूरे कैलाश सिंह मजरे ज्यौना गांव में घूरा लगाने को लेकर बुधवार को छः बजे के करीब महिलाओ के बीच हुए विवाद में पुरुष भी कूद पड़े। दोनों पक्षों में गाली.गलौच के बाद मारपीट हो गई, मारपीट में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। गांव निवासी एक पक्ष से विनय पुत्र सुंदर लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अजय, समर, अमर व बाबू पुत्रगण श्याम लाल घूरा लगाने के विवाद में उसे उसकी पत्नी सोनी तथा भाभी अनीता से मारपीट की। मामले में विनय ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष के समर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के पड़ोसी विनय, सोनी व उनकी भाभी अनीता उसकी मां ज्ञानवती को गाली गलौज करते हुए मारने लगे। आरोप है कि बचाने गये भुक्तभोगी को भी आरोपियों ने पीटा। मामले में थाना प्रभारी प्रशांत द्विवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर दो महिलाओं सहित सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### 500 मीटर बिजली का तार पार कर दिया

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने 33 केवी विद्युत लाइन से 500 मीटर बिजली का तार पार कर दिया। जानकारी होने पर जेई ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया के पास की है। त्रिपुला बिजली घर से सिधौना बिजली घर के लिए 33 केवी विद्युत लाइन कई साल पहले बनाई गई थी। जिससे सिधौना बिजली घर को बिजली की आपूर्ति की जाती थी, लेकिन वर्ष 2010 में बिजली की दूसरी लाइन बन जाने से यह विद्युत लाइन होल्ड कर दी गई थी। जिससे बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही थी। बीती रात चोरों ने इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सीमेंट फैक्ट्री के पीछे 500 मीटर में इस 33 केवी विद्युत लाइन के तार काट लिए और पार कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में जेई रवि गौतम ने बताया काटे गए तार का 600 किलो वजन है। जिसे चोरों द्वारा पार कर दिया गया है। सूचना पुलिस को दी गई है वह संबंध में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया घटना में चोरों को जल्दी ही बेनकाब किया जाएगा।

### लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**महराजगंज रायबरेली।** बछरावां महराजगंज मार्ग पर रंधावा रोड के पास गुरुवार सुबह लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पिछले कुछ समय से ओवरलोडेड वाहनों के आवागमन के कारण सड़क कई जगहों से क्षतिग्रस्त हो गई थी। लोक निर्माण विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। हादसे के समय ट्रैक्टर ट्रॉली महराजगंज से रायबरेली की ओर जा रही थी। रंधावा मार्ग के सामने अचानक ट्रॉली पलट गई। इस दौरान ट्रॉली में लदी कलस्टर की लकड़ियां सड़क पर बिखर गईं। सौभाग्य से उस समय वहां कोई राहगीर नहीं थाए जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

### अनुभवात्मक शिक्षण रणनीतिक प्रबंधन और विभिन्न शिक्षण शैलियां, विषय पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन कर एनएसजीआई के समस्त शिक्षकों को अनुभवात्मक शिक्षण रणनीतिक प्रबंधन और विभिन्न शिक्षण शैलियां विषय पर प्रशिक्षक रश्मी सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें उन्हें अनुभवात्मक शिक्षा पद्धति के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि अनुभवात्मक शिक्षा पद्धति जो कि एक पारम्परिक कक्षा के बाहर प्राप्त कौशल, ज्ञान और अनुभव पर केंद्रित है। इस कार्यशाला से शिक्षकों को पारम्परिक शिक्षा से इतर शिक्षण कौशल की जानकारी प्राप्त हुई। इस अवसर पर राजीव सिंह प्रधानाचार्य एनएसपीएस सलेथू महराजगंज, तारकेश्वर सिंह प्रधानचार्य एनएसबीवीएम, कामक्षा सिंह प्रधानाचार्य एनएसपीएस सालों, शिवांग अवस्थी प्रधानाचार्य एनएसपीएस लालगंज, इंद्र विक्रम सिंह आरकेडी एनएसपीएस तेजगाँव, उप प्रधानचार्य फैजान खान, रजनी श्रीवास्तव, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, करील अहमद, सहित एनएसजीआई की समस्त शाखाओं के शिक्षक कामरान, अखिल त्रिपाठी, बी एस त्रिवेदी, राकेश मिश्रा, विवेक सिंह, रश्मी सिंह, अम्बुजा मिश्रा, अवधेश शर्मा, ज्ञानेंद्र कुमार, सविता मिश्रा, दिनेश कुमार, मधू ठाकुर, सविता मिश्रा, प्रतिमा शुक्ला, शरद अवस्थी, शशांक शुक्ला, राजकेश, लक्ष्मी चंद्रा, विवेक कुमार, कोमल वर्मा, आशुतोष बाजपेई, अर्पित श्रीवास्तव, सरिता मौर्या, तेज बहादुर, इंद्रजीत सिंह, शेफाली त्रिवेदी, शैलजा शुक्ला, आकाश पांडेय, ब्रिज राज कृष्णा, दिव्यांशी मिश्रा, पूजा श्रीवास्तव, प्रिया वैश्य, शिवानी कुशवाहा, दीपांशू शर्मा, शगूफा, प्रिया, कमल श्रीवास्तव, मायाकांत दीक्षित, विवेक सिंह, कार्तिकेय सिन्हा, सुनील कुमार, रोहित सिंह, ऋतिक सिंह, आयुषी त्रिवेदी, कविता शर्मा, शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### अपने थाने की बाउंड्री को अवैध अतिक्रमण से कब मुक्त करा पायेगे कप्तान साहब

**रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र ही नही अपितु जनपद के लोगों ने पहली बार देखा कि जनपद के पुलिस विभाग के मुखिया द्वारा मार्ग जाम होने के कारण किसी थाना अध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक रायबरेली की इस कार्यवाही को देखकर लोगों में यह विश्वास जागृत हुआ की जाम तथा अवैध अतिक्रमण की समस्या को लेकर भी हमारी पुलिस सजग है। परंतु क्या कभी पुलिस अधीक्षक महोदय ने यह देखने का कष्ट किया की बछरावां थाने की बाउंड्री की एक हिस्से पर अवैध अतिक्रमण की भरमार मची हुई है। कुछ फ्ल विक्रेताओं द्वारा थाने की चौथाई बाउंड्री को अपने कब्जे में ले लिया गया है और यह ऐसी जगह पर कब्जा हैए जहां लखनऊ से रायबरेली तथा इलाहाबाद जाने वाली बसें आकर रूकती हैए बगल में जगह न होने के कारण यह बसे हाईवे मार्ग पर ही खड़ी हो जाती हैं। क्योंकि यह स्थान एक ऐसा चौराहा है जहां शिवगढ़ तथा लालगंज मार्ग की और आने जाने वाले वाहन नेशनल हाईवे पर आते हैं। बसो के खड़े हो जाने से पूरे दिन यहां पर जाम की स्थिति बनती बिगड़ी रहती है। इन फ्ल विक्रेताओं में कुछ तो इतने दबंग हैं कि अगर किसी ग्राहक ने फ्ल का भाव पूछ लिया और खरीदारी न की तो उसे गाली गलौज की भाषा में बात करने लगते हैं इनमें एक आधे तो इतने दबंग हैं कि वह मारपीट पर भी आमादा हो जाते हैं। गौरतलब है कि कुंभ मेले के समय यह सारी दुकाने हटवा दी गई थी तो बसे डामरीकृत मार्ग से उतरकर खड़ी हो जाती थी अब देखना यह है की मात्र महाराजगंज मार्ग पर लगे जाम और अतिक्रमण के कारण थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी को लाइन हाजिर करने वाले तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह अपने थाने की बाउंड्री को कब तक अतिक्रमण कारियो से मुक्त करवा पाते हैं। यह एक यक्ष प्रश्न है।

### इकलौते बेटे की करंट लगने से मौत, घर में छाया मातम

**रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बीजेमऊ गांव में मंगलवार की देर रात उस समय मातम पसर गया जब घर में पंखा ठीक कर रहे प्रांशु तिवारी 26 की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। प्रांशु तिवारी अपने परिवार के इकलौते बेटे थे। घटना के समय वह अपने कमरे में छत के पंखे में आई खराबी को ठीक कर रहे थेए तभी अचानक करंट की चपेट में आ गए। जब तक परिजन कुछ समझ पाते, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाने की कोशिश कीए लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## जरूरतमंदों को सच्ची शिक्षा देने के संकल्प का परिणाम है आधारशिला शैक्षिक संस्थान

**सेवानिवृत्त आईपीएस डॉ तहसीलदार सिंह ने लिया है बेहतर शिक्षा प्रसार का संकल्प, कहा-शिक्षा दान से बड़ा न कोई धर्म है, न कोई कर्म**

**स्नातक स्तर पर कला, वाणिज्य, विज्ञान, कानून व फार्मेसी पाठ्यक्रमों की शिक्षा का एकलौता संस्थान है आधारशिला कालेज ऑफ प्रोफ़ेशनल कोर्सेज**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** सभी धर्मों में शिक्षा की अलग.अलग व्याख्यायें की गईं हैं, लेकिन सबका सार यही है कि शिक्षा दान से बड़ा कोई दान नहीं है और शिक्षा से बड़ी कोई दौलत नहीं है। ऐसे लोग विरले ही हैंए जो शिक्षा धन से धनवान हुये और फिर शिक्षा प्रसार के लिए पसीना बहा कर दानवीर बने। इन्ही विरले लोगों में एक नाम है. सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी डॉ तहसीलदार सिंह का। डॉ तहसीलदार सिंह रिटायर होने के बाद सेए सताँव ब्लाक क्षेत्र के राज नगर अटौरा में आधारशिला कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल कोर्सेज नाम से एक विशाल शैक्षिक संस्थान संचालित कर रहे हैं। मूलतः प्रतापगढ़ जिले के बहुचरा गाँव निवासी डॉ तहसीलदार सिंह ने स्वतंत्र भारत से बातचीत की और शिक्षा प्रसार से जुड़े अपने अहम् उद्देश्य साझा किये। हिन्दी, संस्कृत, अँग्रेजी व पॉली भाषाओं पर समान अधिकार रखने वाले डॉ तहसीलदार सिंह ने लेखाधिकारी के तौर पर सरकारी सेवा आरम्भ की। इस सेवा मे रहते उन्होने भारतीय पुलिस सेवा के लिए तैयारी की और पीपीएस परीक्षा पास की। बतौर पुलिस अधिकारी उन्होने अपनी योग्यता, दक्षता, संकल्प और समर्पण की बदौलत, भारत के राष्ट्रपति द्वारा तीन वीरता पदक और एक दीर्घ एवं विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त किया। बाद में जब वे आईपीएस बने, तो विभिन्न जनपदों के पुलिस प्रमुख रहते,




अनेक ऐसे प्रतिमान प्रतिस्थापित किये जो आज भी विभाग के लिए स्मरणीय व अनुकरणीय हैं। उन्होने डिप्टी एसपी से लेकर डीआईजी स्तर तक के पदों पर सेवायें दीं और अपने कार्यों की बदौलत एक अलग तरह की छाप छोड़ी। 2016 मे डॉ तहसीलदार सिंह डीआईजी पद से सेवानिवृत्त हो गये। अपने सेवाकाल मे ही उन्होने टेम्पल ऑफ नार्दर्न इंडिया विषय पर शोध भी किया। उनका यह शोध ग्रन्थ बाद मे प्रकाशित हुआ और उन्हे पीएचडी अवार्ड की गई। स्वयं सच्ची शिक्षा लेकर उच्च स्तर की योग्यता अर्जित करने वाले पुलिस अधिकारी डॉ तहसीलदार सिंह ने युवा शक्ति को देश व समाज के लिए अपेक्षित शिक्षा देने का संकल्प पहले से ले रखा था, अतः जुलाई 2007 में उन्होने सताँव ब्लाक क्षेत्र के राजनगर अटौरा बुजुर्ग में आधारशिला लॉ कॉलेज का शुभारम्भ किया। युवाओं को कानून का ज्ञाता बनाने के मकसद से क्षेत्र में स्थापित इस पहले शैक्षिक संस्थान का उद्घाटन रायबरेली की साँसद सोनिया गांधी ने किया था। आधारशिला लॉ कालेज में 2011 में बीबीए व बीसीए पाठ्यक्रम की शुरुआत हुई। सेवानिवृत्त होने के पश्चात डॉ तहसीलदार सिंह ने आधारशिला में 2017 में बीए व बीकॉम पाठ्यक्रम की शुरुआत कराई। स्नातक स्तर पर कला, वाणिज्य, विज्ञान व कानून की पढ़ाई का संचालन सुचारु ढंग से होने के बाद 2018 में फार्मेसी की पढ़ाई भी आरम्भ हो गई। उल्लेखनीय है कि इसके तहत बी फार्मा व डी फार्मा का डिप्लोमा दिया जाता है। छोटे स्तर के जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए डॉ तहसीलदार सिंह ने आधारशिला सेवा संस्थान के माध्यम से 2007 से ही सीबीएसई पाठ्यक्रम का विद्यालय भी संचालित कर दिया था। डॉ तहसीलदार सिंह के त्याग, तपस्या, समर्पण व संकल्पों की बदौलत उनका यह शैक्षिक संस्थान अब आधारशिला कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल कोर्सेज के नाम से विख्यात है। इस संस्थान को ऊँचाइयों तक ले जाने में डॉ सिंह की सहधर्मिणी चन्द्रप्रभा सिंह ने समर्पित योगदान दिया। स्कूल मे इन्टरमीडिएट तक की बालिकाओं को पूरी तरह निशुल्क शिक्षा देने का फैसला चन्द्रप्रभा सिंह का ही है। डॉ तहसीलदार सिंह बताते हैं कि शिक्षा को अमरत्व का साधन माना गया है। सा विद्या या विमुक्तये का मंत्र संसार की एक मात्र हिंदू संस्कृति में मिलता है। इसीलिए शिक्षा को जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग माना है। उन्होने विद्या को अनुपम कीर्ति बताया और कहा कि भाग्य का नाश होने पर विद्या ही आश्रय देती है। विद्या कामधेनु है, तीसरा नेत्र है और विद्या बगैर मणियों व बिना रत्नों का आभूषण है, इस लिए विद्यार्जन व विद्यादान सर्वोच्च है।

## सहजता एवं सरलता की प्रतिमूर्ति थे प्रशांत दीक्षित उर्फ मुन्नू दद्दाः अशोक सिंह

**राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने आवास पहुंच कर दी श्रद्धांजलि**



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के सराफ मण्डी निवासी दिवंगत समाजसेवी एवं सराफा व्यापारी प्रशान्त दीक्षित उर्फ मुन्नू दद्दा के पैतृक आवास पर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि देने वालों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह भी गुरूवार को पहुंचे और उन्होंने उनके पुत्र कपिल दीक्षित, सचिन दीक्षित व पावस दीक्षित व बेटी रूचि पांडेय से मिल कर ढ़ाढ़स बंधाया और कहा कि प्रशांत जी सरलता एवं सहजता की प्रति मूर्ति थे। उनका व्यक्तित्व निश्चित ही अनुकरणीय है। गरीब परिवारों के साथ गहरी सहानुभूति उनके व्यक्तित्व का आकर्षक गुण था। श्री सिंह ने कहा कि समाज में गहरी पैठ वाले व्यक्ति होने के साथ वे मिलनसार भी थे। प्रमुख व्यवसायी व समाजसेवी सत्येन्द्र सिंह लखनगांव ने कहा कि व्यवसाय श्री दीक्षित का लालगंज में एक बैठने का साधन जरूर था, लेकिन उनकी सामाजिक पृष्ठभूमि बेहद सराहनीय रही है। समाजसेवी मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि दद्दा के नाम से विख्यात रहे। प्रशान्त जी के हृदय में समाज के निचले तबके के प्रति गहरी संवेदनाएं रही हैं। वहीं पत्रकार रवीन्द्र सिंह ने कहा कि समाज से जुड़े होने के कारण राजनैतिक अनुभव बेहद था। चुनावी चाणक्य के रूप में विख्यात रहे। श्री दीक्षित राजनैतिक न केवल मशविरा के लिए उनके घर आते थे बल्कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी भी अपनी सफलता की जानकारी हासिल करते थे। इस मौके पर मुन्ना सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

## मुर्गी की खातिर कर दी अधेड़ की हत्या, घर में मचा कोहराम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की शाम एक पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चुराने की जानकारी व्यवसायी को हुई तो उसने मुर्गी चोरों को दौड़ा कर मुर्गी चोरी का विरोध किया। जिससे आक्रोशित मुर्गी चोरों ने व्यवसायी पर लाठी डंडों के अलावा धारदार हथियार से हमला कर दिया। मरणासन्न स्थिति में छोड़ कर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, और ट्रॉमा सेंटर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के कोड़रस बुजुर्ग गांव की प्रधान रामावती के देवर रजत यादव उर्फ पुराने यादव 32 पुत्र स्वर्गीय सुखनंदन का गांव में ही पोल्ट्री फार्म है। बुधवार की शाम 5.00 बजे थाना क्षेत्र के पूरे गड़रियन के किशन उर्फ सबीरा पुत्र कल्लू अनमोल उर्फ अमोल पुत्र मलिक नाथ अर्पित उर्फ हीरा पुत्र अभय नाथ, मनीष पुत्र अगमनाथ अपने शिकारी कुत्तों के साथ पुराने के ट्यूबवेल पर पहुंच गए। उक्त चारों आरोपी जहरीले जानवर सांप आदि पकड़ने का काम करते हैं। चारों लोगों ने पुराने के पोल्ट्री फार्म से मुर्गी चुरा ली और मुर्गी ले जाते समय पुराने की नजर इन पर पड़ गई। पुराने ने दौड़ाकर मुर्गी चोरी का विरोध किया तो आरोपियों ने पुराने पर हमला बोल दिया और धारदार हथियार से ताबड़तोड़ कई बार कर पुराने को मरणासन्न कर दिया और मौके से भाग निकले। परिजनों ने आनन फानन घायल पुराने को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान पुराने की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह ने बताया घटना में शामिल आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल की जा रही है।



## अपराध, कानून व्यवस्था अभियोजन कार्यो की बैठक सम्पन्न, लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ और अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा की सयुक्त अध्यक्षता में बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में अपराध, कानून व्यवस्था, अभियोजन कार्यों की अप्रैल-मई को को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में निस्तारित वादों और लंबित केसों की कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही मिशन शक्ति में महिलाओं से संबंधित केसों में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। अधिकारी द्वय ने आपसी रंजिश, अपराध रोकथाम, साइबर अपराध, विवेचना निस्तारण, भूमि विवाद निस्तारण, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पाबंदी की कार्यवाही, गुंडाएक्ट, जिलाबदर एवं हिस्ट्रीशीटर आदि की समीक्षा की तथा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न, पॉस्को, हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज प्रथा आदि प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए कहा। जघन्य अपराधियों में कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। जनसमस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतें लंबित ना रखी जाए। शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में उन्होंने जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्यवाही कराने के निर्देश दिए। बैठक में अभियोजन अधिकारियों सहित शासकीय अधिवक्ता व अभियोजन से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।



## शर्मा आई केयर एंड ऑप्टिकल का चेयरमैन प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज रायबरेली।** गुरुवार को शर्मा आई केयर एंड ऑप्टिकल का चेयरमैन प्रतिनिधि ने फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। जिसमें निरू शुल्क ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा आंखों की जांच व परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध है। गुरुवार को कस्बा स्थित पुलिस चौकी के सामने जायसवाल मार्केट में शर्मा आई केयर एंड ऑप्टिकल का उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। चेयरमैन प्रतिनिधि श्री साहू ने कहा कि वर्तमान समय में चश्मे की उपयोगिता बढ़ गयी है, अब बुजुर्गों के साथ-साथ छोटे बच्चों को भी पावर के चश्मे लगने लगे हैं। मोबाइल की बढ़ती उपयोगिता के चलते बच्चों के नजर पर भी असर पड़ने लगा है। जिनको अब आंखों की जांच कराने के लिए कही बाहर नहीं जाना पड़ेगा। डॉ आदेश शर्मा ने बताया कि यहां सभी ब्रांड के चश्मे उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां आंखों की जांच के साथ साथ मोतियाबिंद के ऑपरेशन की निरू शुल्क सुविधा भी उपलब्ध है और लेटेस्ट मॉडल के चश्मे भी उपलब्ध है। इस अवसर पर ज्योना प्रधान उमेश कुमार उर्फ कुन्नू, सभासद विनीत वैश्य, शुभम साहू, योगेश शर्मा, अमित त्रिपाठी, टीपी यादव, अंजनी कुमार, शिवाकांत, परविंद मौर्य, मुन्नू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



## राहुल गांधी के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** जननायक, नेता प्रतिपक्ष लोकसभा सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर धूम-धाम से मनाया गया। कार्य-जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि मोहित मौर्या अध्यक्ष युवा कांग्रेस द्वारा वृद्धा आश्रम आई.टी.आई. में भोजन वितरण एवं जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सत्येन्द्र श्रीवास्तव के संयोजकत्व में जिला अस्पताल में ही मरीजों को फल वितरण, डा.मनीष सिंह चौहान द्वारा सिमहैंस हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, ऋषभ बाजपेई और सरदार हरमिन्दर सिंह सलूजा द्वारा कुष्ठ सेवा आश्रम रतापुर में भोजन वितरण और सुपर मार्केट में शर्बत वितरण किया गया, वीरेन्द्र यादव सदस्य ए.आई.सी.सी.द्वारा खलीलपुर, डलमऊ में भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जनपद के सभी ब्लाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा-भाव जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने प्रिय नेता का जन्म दिन मनाया। कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में लाल आशकिरन प्रताप सिंह द्वारा केक काटकर एवं मिष्ठान वितरण किया गया। तिलक भवन में ही रमेश शुक्ल, निर्मल शुक्ल, पद्माधर सिंह व श्रीमती कुसुमलता रावत द्वारा शर्बत वितरण किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने तिलक भवन में उपस्थित कांग्रेस जनों को अपने हाथों से मिष्ठान खिलाकर सांसद राहुल गांधी के जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि जब देश में सत्ता पक्ष की ओर से बांटो और राज करो की नीति पर चलते हुए नफरत का माहौल बनाया जा रहा है ऐसे में राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान जैसे विचारों ने देश को मजबूती से संभाल रखा है, हम सभी कांमना करते है कि हम सबके नेता राहुल गांधी को ईश्वर लम्बी आयु दे। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि राहुल गांधी आज देश में मज़लूमों और गरीबों की आवाज बन गये है, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए राहुल गांधी के संघर्षो में कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है। राहुल गांधी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों में कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, वी.के.शुक्ला, ओ.पी.श्रीवास्तव, विजयशंकर अग्निहोत्री, हाजी मो.इलियास, सईदुल हसन, राजकुमार दीक्षित, अभय त्रिवेदी, सूर्यकुमार बाजपेई, सर्वोत्तम मिश्रा, प्रमोद पाण्डेय, मनोज मिश्रा, मनीष सोनकर, हाजी उस्मान, मो.सरताज, सै.अरशद अली, श्रीमती अनीता श्रीवास, सोनू खान, विजय पटेल, विश्वनाथ त्रिवेदी, हाफ़िज निसार, अमित मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, समुझ लाल धीमान, श्रीमती बबिता सिंह, सफ्फू खान सहित वरिष्ठ नेता व कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। **राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिवस मनाया- महाराजगंज रायबरेली।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में देश के नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी का 55 वां जन्मदिवस ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अगुवाई में केक काटकर मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने ईश्वर से उनके स्वस्थ और दीर्घायु की कामना की ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी जननायक है उनके नेतृत्व में रायबरेली निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है जल्दी प्रधानमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर प्रिंसू वैश्य, हनुमान जायसवाल, दिनेश मिश्रा, राहुल सिंह, भगवान दीन फौजी, नुपुर सहित उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने उन्हें केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### दरगाह में चादर पोशी, पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रायबरेली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष, रायबरेली सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस के मौके पर गुरुवार को हजरत सैयद अली मुर्तजा हश्तूम शाह शहीद मर्द दाताशाह र.उ.अ दरगाह में चादर पोशी कार्यक्रम हुआ। कांग्रेस नेता आमीन पठान ने कहा कि राहुल गांधी देश के गरीब, किसान, पीड़ित, शोषित, वंचित और बेरोजगार युवाओं की आवाज़ हैं। वे सच्चाई और शांति के रास्ते पर चलकर देश में स्वच्छ राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। कांग्रेस नेता व सभासद अतुल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की राजनीति भाषणों की नहीं, ज़मीन से जुड़े संघर्ष की राजनीति है। यही वजह है कि आज कांग्रेस कार्यकर्ता सेवा को अपना धर्म मानते हैं। आमीन पठान ने बताया कि उनके जन्मदिवस पर हजरत सैयद अली मुर्तजा हश्तूम शाह शहीद मर्द दाताशाह र.उ.अ दरगाह में चादर पोशी कार्यक्रम हुआ। जिसमें नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी की तरक्की, कामयाबी और उम्र ए दराज के साथ-साथ, देश का प्रधानमंत्री बनने की दुआ की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी, उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ला, उपाध्यक्ष सैदुल हसन, दरगाह सदर गज्जन बाबा, सभासद महासचिव नौशाद खतीब, खलील फरीदी, सुनील कुमार, युवा प्रदेश महासचिव राघवेन्द्र त्रिपाठी, सुहेल खान, विश्वनाथ त्रिवेदी, विजय पटेल, ऐनुल हक़, रमेश मिश्रा, अंसार हक़, शकील, मो इरशाद, मुन्ना आदि शामिल रहे। इसके बाद कांग्रेस नेता आमीन पठान और अतुल शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रियदर्शिनी पब्लिक स्कूल में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया।



## प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं



**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी।** सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरूई गाँव मे अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। निस्तारण का आश्वाशन दिया गया। इस दौरान नाली विवाद से जुड़ी एक समस्या आई । आवास , पेंशन को लेकर भी ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई उन्होने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों से अवगत कराया । सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्प लाइन नंबर डायल 112 , डायल 108 , 1076 , महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 नंबर की जानकारी दी गई। कानून व नशा के दुष्परिणाम से बचाव हेतु जानकारी दी गई।लोगो को नशा मुक्ति की शपथ दिलायी गई।इस मौके पर राजकुमार तिवारी, शंकराचार्य शुक्ला, विनोद यादव , विष्णु, करण यादव, सुरेश राजभर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो तस्कर गिरफ्तार, मार्फीन बरामद

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर प्रभारी निरीक्षक ने गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना पर छापा मार करके दो तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 65 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद की। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह मुखबिर ने जैदपुर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह को सूचना दी कि ग्राम करौंदीकला के पास दो तस्कर खड़े हैं इसी सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ने अपने सहयोगियों के साथ में छापा मारा और मौके पर से जनपद सोनभद्र के थाना राबर्टसगंज के ग्राम बिचपई निवासी शैलेन्द्र प्रसाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद इसी थाना क्षेत्र के धौरावल मोहल्ला निवासी संजय कुमार पुत्र स्व. रामचन्द्र को धर दबोचा। तलाषी के दौरान पीड़ित ने दोनो तस्करों के पास से 65 ग्राम अवैध मार्फीन बरामद की। प्रभारी निरीक्षक ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर दोनो तस्करों को जेल भेज दिया।

# संजय सेतु के मरम्मत का कार्य हुआ पूर्ण



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** जिले के रामनगर में सरयू नदी पर स्थित पुराने संजय सेतु की मरम्मत आज पूरी हो गई। राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण की देखरेख में यह काम तीन दिन तक चला। सिविल जूनियर इंजीनियर मनोज चौहान की निगरानी में करीब एक दर्जन कर्मचारियों ने काम किया।बाराबंकी और बहराइच की सीमा पर स्थित इस पुल पर मरम्मत के दौरान यातायात को पूरी तरह बंद नहीं किया गया। रामनगर पुलिस ने सुनियोजित व्यवस्था लागू की। पुल के एक छोर पर रामनगर पुलिस और दूसरे छोर पर बहराइच पुलिस तैनात रही। सब इंस्पेक्टर शत्रुघ्न के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों ने यातायात नियंत्रण किया।मरम्मत के दौरान वाहनों को केवल 10 मिनट तक रोका गया। इसके बाद एक तरफ का यातायात चालू रखा गया। इससे आम लोगों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। अंतिम दिन पुल के पांच ज्वाइंट्स की दरारों को कंक्रीट और मसाले से भरा गया।तारकोल से डामर रोड के अप्रोच की मरम्मत और पेंटिंग भी की गई। इंजीनियर मनोज चौहान के अनुसार, पांच अप्रोच हिस्सों में माइक्रो कंक्रीट और स्टील का जाल डाला गया है। इससे पुल की मजबूती बढ़ेगी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद यातायात सामान्य कर दिया गया है

# वांछित अभियुक्तों पर हुई कार्रवाई

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा आज एक वारण्टी व सात वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 50 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।इसी क्रम में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज अभियुक्तगण शैलेन्द्र प्रसाद पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम बिचपई थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र व संजय कुमार पुत्र स्व0 रामचन्दर निवासी धौरावल रोड़ धर्मशाला चौराहा राबर्टसगंज थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को ग्राम करौदीकला के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 65 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 209/2025 धारा 8/21एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गयाइसी क्रम में थाना दरियाबाद पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 217/25 धारा 65(1) बीएनएस व 5एल/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त उजागर पुत्र रमेश निवासी ग्राम सलारनपुरवा मजरे अरसण्डा थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को हरिवंशपुर चौराहे से गिरफ्तार किया गया।इसी क्रम में थाना लोनीकटरा पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0 237/2025 धारा 3(5)/352/351(2)/115(2)/333/324(4)/109 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त राजनरायण पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम फतेहपुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 01 अदद डण्डा बरामद किया गया।इसी क्रम में थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा आज मु0अ0सं0-157/2025 धारा 137(2)/87 बीएनएस व 16/17 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## खबर एक नजर

### महासंघ ने किया नवागत बीईओ का स्वागत

**स्वतंत्र भारत,हैदरगढ़ बाराबंकी** राष्टीय शैक्षिक महासंघ की हैदरगढ इकाई द्वारा नवागत खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद जी क हैदरगढ़ में कार्यभार ग्रहण किए जाने पर स्वागत व अभिनंदन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष विवेक वर्मा द्वारा बीईओ को बुके औषधीय पौधा भेट कर स्वागत किया गयाबीईओ द्वारा अश्वस्त किया गया कि कार्यालय स्तर पर किसी भी अध्यापक का कोई कार्य लंबित नहीं रहेगा सभी लोग छात्र हित तथा शिक्षक हित में मिलजुल कर कार्य करें । इस अवसर पर महासंघ के संगठन मंत्री अनुराग वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा, महामंत्री देवेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष मदन मोहन वर्मा, राजेश सरोज, अनुराग पांडे, सतगुरु शरण, राजेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, इमामुद्दीन अंसारी, कमल बाजपेई, दीपक कुमार, पारस यादव, रमाकांत गुप्ता तथा पूर्व एआरपी रामसागर रावत सहित सैकड़ों अध्यापक उपस्थित रहे ।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद के रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के थोरथिया गांव में गुरुवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। शोभापुर मजरे सनौली निवासी 38 वर्षीय अनवर पुत्र बेचू बाइक से थोरथिया जा रहे थे, तभी उनकी बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई।हादसे में अनवर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से मृतक के परिवार में शोक का माहौल है।

### मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सदस्य गिरफ्तार, 260 ग्राम हेरोइन बरामद

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की निवारक टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। टीम ने अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 260 ग्राम अवैध हेरोइन बरामद हुई है। बरामद हेरोइन की अंतर राष्टीय बाजार में कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई जा रही है।जिला अफीम अधिकारी करुण बिलग्रामी के नेतृत्व में 18 जून को यह कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना पर एचपी पेट्रोल पंप के पास छापेमारी की गई। टीम ने बलरामपुर जिले के ग्राम अमौली निवासी नूर हसन खान (41) को पकड़ा।तलाशी में हेरोइन मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अंतर्जनपदीय तस्करी नेटवर्क की जानकारी दी है। इस आधार पर जांच जारी है।इस अभियान में जिला अफीम अधिकारी करुण बिलग्रामी, निरीक्षक मयंक साहू, कन्हैय्या लाल, उपनिरीक्षक विवेक, असद जफर, हवलदार रवि बाथम, सीटू यादव और नंदन झा शामिल थे।

### अवैध कब्जेदारों पर चला बुलडोजर

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** विकास खण्ड निदूरा क्षेत्र में उपजिलाधिकारी फतेहपुर कार्तिकेय सिंह के आदेश पर वृहस्पतिवार को ग्राम व परगना कुर्सी गाटा संख्या 1310 ख0 मि0/6.965 अवैध अतिक्रमण पर योगी का बुल्डोजर चला। राजस्व टीम द्वारा भू माफियाओं एवं अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कस्बा कुर्सी अवैध अतिक्रमण पर यह सबसे बड़ी कार्यवाही की गई है। कुर्सी थाना अंतर्गत अमरुन फैक्ट्री व भठ्ठे के आस पास करीब 6 हेक्टेयर से अधिक सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग एवं कब्जेदारों के खिलाफ वृहस्पतिवार को कड़ी कार्यवाही की गई। इस बड़ी कार्यवाही में नायब तहसीलदार अभिनव सिंह सहित दर्जनों लेखपालों के साथ जमीन की पैमाइश करके सरकारी जमीन को भू माफियाओं से मुक्त कराया गया, इन कब्जेदारों पर जेसीबी लगाकर अवैध अतिक्रमण हटाकर कब्जा मुक्त किया गया। इस मौके पर गठित पुलिस टीम व राजस्व की टीम ने पहुंचकर कब्जा मुक्त कराया। यह अवैध अतिक्रमण कस्बा कुर्सी की उक्त गाटा नंबरों में आता है जो नक्शे पर सरकारी जमीन अंकित है। इस गाटा नंबर पर अवैध प्लाटिंग करके मंहगे दामों पर जमीन को बेचा जा रहा था। इस बड़ी कार्यवाही में मौके पर कुर्सी थाना प्रभारी अनिल सिंह, बड्डुपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार, राजस्व विभाग से लेखपाल सर्वेश यादव, प्रिंस शर्मा, अरविंद वर्मा, कपिलदेव, मोहित कुमार आदि लोग मौजूद रहे। इस कार्यवाही के दौरान रिजर्व पुलिस बल भी मौजूद रही।

### पसमान्दा मुसलमानों की स्थिति दलितों से भी बदतर : वसीम राईन

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** आल इंडिया पसमान्दा मुस्लिम महाज राष्टीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने कहा है कि आज जो लोग समाजवादी पार्टी या कांग्रेस की तारीफों के पुल बांध रहे हैं, उन्हें पसमान्दा मुसलमानों की हालत पर एक बार गंभीरता से नजर डालनी चाहिए। अगर कांग्रेस और सपा वाकई इस देश के मुसलमानों की हितैषी होतीं, तो आज पसमान्दा मुसलमान दलितों से भी बदतर स्थिति में न होते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से ही मुसलमानों को एक वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया। हमने बार-बार उनके लिए वोट डाले, लेकिन उन्होंने बदले में हमें सिर्फ मजहबी जुमले दिए, शिक्षा, रोजगार, प्रतिनिधित्व और सामाजिक उन्नति की कोई ठोस योजना नहीं दी। उल्टा, कई बार धार्मिक प्रतीकों और अवसरों पर ऐसे प्रतिबंध लगाए गए जो खुद उनकी ही सरकारों में मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट थे। राष्टीय उपाध्यक्ष ने कहा कि फिर समाजवादी पार्टी आई। लोगों को उम्मीद थी कि अब हालात बदलेंगे। लेकिन हुआ क्या? न कोई दीर्घकालिक प्लान, न कोई डेटा-बेस्ड नीति। सपा ने भी ऊपरी मुस्लिम तबकों को ही तरजीह दी और पसमान्दा समाज को हाशिये पर धकेल दिया। वसीम राईन ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि पसमान्दा मुसलमान सिर्फ भीड़ न बने, बल्कि खुद नेतृत्व की भूमिका में आए। हमारा मुद्दा सिर्फ नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय है। हमें आरक्षण, शिक्षा, सरकारी योजनाओं में सीधा लाभ, रोजगार में हिस्सेदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व चाहिए।

## डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप से किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद न्यायाधीश श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शंशाक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, सीजेएम श्रीमती सुधा सिंह, द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक, सीजेएम द्वारा जिलाकारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम, महिला बैरक, किशोर सदन जिसमें 18 से 21आयु के किशोर रखे जाते है, आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही कारागार परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश महोदया, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना गया। जिलाधिकारी ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों तथा बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# चोरी का हुआ अनावरण, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** थाना देवा पुलिस टीम द्वारा ट्रक का तिरपाल काटकर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे/निशांदेही से ई-रिक्शा के पार्ट्स, एक अवैध तमंचा व घटना कारित करने में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया।निखिल सिंह पुत्र अखिलेश प्रताप सिंह निवासी खिरिया, बेलभरिया थाना वजीरगंज जनपद गोंडा द्वारा तहरीर दिया गया कि वर्तमान में रचना क्रिएशन्स ऑटो प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी प्लॉट सं0 ए-99 धावा स्टेट नियर टाटा टेल्को थाना चिनहट जनपद लखनऊ में मैनेजर के पद पर कार्यरत हूँ। मेरी कम्पनी के ई-रिक्शा पार्ट्स फरीदाबाद हरियाणा से ट्रक संख्या एचआर 38 ए सी 5354 से लोड करके चालक हरिओम द्वारा लखनऊ लाया जा रहा था, रास्ते में थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत किसान पथ पर जबरी कला बस स्टॉप के पास 12 जून की रात्रि ट्रक खड़ा करके चालक सो गया जब उसने सुबह उठकर देखा तो ट्रक का तिरपाल अज्ञात व्यक्तियों द्वारा काटकर ट्रक से सामान चोरी कर लिया गया। उक्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-349/25 धारा 305ए बीएनएस पंजीकृत किया गया।पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा उक्त चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इसी क्रम में



थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स, सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए आज तीन अभियुक्तों आदिल पुत्र बब्लू, बछराज पुत्र बाबूलाल निवासीगण ग्राम हुसैनमऊ थाना देवा जनपद बाराबंकी व सद्दाम अली पुत्र कुर्बान अली निवासी मोहल्ला शेख-2 कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी को रिट्स रिसॉर्ट, किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर चोरी से सम्बन्धित ई-रिक्शा के पार्टस, एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय एक अदद जिंदा कारतूस व घटना कारित करने में प्रयुक्त एक अदद अर्टिगा कार संख्या यूपी 78 एच वी 6954 बरामद किया गया। अभियुक्त आदिल उपरोक्त के कब्जे से बरामद एक अवैध तमंचा के सम्बन्ध में थाना देवा पर मु0अ0सं0 350/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण का एक गैंग है जिनके द्वारा हाइवे पर खड़े ट्रकों को चिन्हित कर तिरपाल काटकर ट्रक से सामान चोरी किया जाता है। अभियुक्तगण द्वारा घटना कारित करने के लिये किराये पर कार ली जाती है तथा ट्रकों से चोरी किये गये सामान को कम कीमत पर बेंच दिया जाता है।

# धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन मरीजों में वितरित किए गए फल : पीएल पुनिया

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, भारत जोड़ो यात्रा के प्रेरणास्त्रोत के करोड़ों युवाओं, श्रमिकों, महिलाओं और वंचित वर्गो की आवाज जननायक राहुल गांधी का आज जन्मदिवस है इस शुभ अवसर पर मैं अपनी तथा बाराबंकी कांग्रेस परिवार की तरफ से उन्हें हार्दिक शुभकामनाऐं और दीर्धायु जीवन की मंगल कामना प्रेषित करता हूँ। उक्त मंगल कामना आज पूर्व सांसद डा0पी0एल0 पुनिया ने अपने ओबरी आवास पर जननायक राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर कांग्रेस परिवार के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केक काटने के बाद एक दूसरे का मुंह मीठा कराने के पश्चात अपने प्रिय नेता की दीर्घायु होने की कामना करते हुये की। तदोपरान्त जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर मरीजों का हाल जाना और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की।उक्त अवसर पर पूर्व सांसद डा0पी0एल0 पुनिया ने कहा कि, देश में एक अकेले नेता राहुल गांधी हैं जो सत्ता के लिये नही, सच्चाई की राजनीति करते हैं , उनका व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में एक ऐसी धारा का प्रतिनिधित्व करता है जो सत्य, साहस और संवेदना से जुड़ी है। उनकी भारत जोडो यात्रा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि,



जननायक राहुल गांधी एक राजनीतिक नेता ही नही बल्कि एक सामाजिक क्रान्ति के वाहक है। ऐसे महान जननायक जो जाति धर्म वर्ग और क्षेत्र की सीमाओं से ऊपर उठकर भारतीय लोकतन्त्र के मूल्यों समता, एकता और न्याय की पुर्नस्थापना कर रहे हैं उनके जन्म दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनऐं प्रेषित करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने जननायक राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर बधाई देते हुये कहा कि, जननायक नेता प्रतिपक्ष युवा है लेकिन उनकी दृष्टि दूरदर्शी है विपक्ष में है, लेकिन उनकी आवाज सबसे मजबूत है वह सत्ता में नही है लेकिन जनता के दिलों में है जब आवाम पर मंहगाई का बोझ बढा तो हमारे नेता ने सड़क से संसद तक आवाज उठाई जब देश में नफरत और बटवारे की राजनीति फैली तो उन्होनें मोहब्बत और संविधान की बात की, ऐसे महान जननायक के जन्मदिवस के अवसर पर हम कांग्रेस परिवार के साथ उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं।

## पति को ढूंढ़ते हुए शादी समारोह में पहुंची पहली पत्नी, हंगामा

**स्वतंत्रभारत, रामनगर बाराबंकी।** कस्बा रामनगर में आयोजित मुस्लिम समुदाय की शादी में आज उस समय अजीबोगरीब स्थिति पैदा हो गई जब चोरी छुपे तीन शादियां करने वाले व्यक्ति की पहली पत्नी अपने बच्चों के साथ शादी समारोह में पहुंच कर अपने पति को तीसरी पत्नी के साथ पकड़ लिया इसके बाद हंगामा होने लगा। शादी में शामिल लोगों ने महिला एवं उसके बच्चों की पिटाई कर दी इसके बाद सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पति पत्नी और बच्चों को थाने ले आई। मामला कस्बा व थाना रामनगर का है। जानकारी के मुताबिक सलीम पुत्र बरकत अली निवासी ग्राम संगौरा कोतवाली हैदरगढ़ बचपन से ही अपने मामा गुलाम साबिर के घर स्थित रामनगर में रहता था। सलीम की शादी बाराबंकी निवासी राशिदा के साथ हुई थी रशीदा का आरोप है की शादी के बाद पति से उसे लखनऊ ले गया और किराए का मकान लेकर रहने लगा। करीब 7 साल बाद लखनऊ से बिना बताए वापस अपने मामा के घर रामनगर चला गया यहां उसके मामा ने चोरी छिपे अपनी साली साइमा निवासी जैदपुर के साथ दूसरी शादी करवा दी। पहली पत्नी के मुताबिक कुछ दिन बाद जब उसे शादी करने के बारे में जानकारी हुई तो उसने अधिकारियों के यहां दरवाजा खटखटाया तो जैदपुर थाने पर पति से सुलह समझौता हुआ इसके बाद उसने दूसरी पत्नी को छोड़कर अपनी पहली पत्नी के साथ लखनऊ में जाकर रहने लगा कुछ दिनों बाद दिल्ली में नौकरी करने की बात कह कर घर से चला गया और चोरी छुपे पटरंगा की निवासी रेशमा के साथ कोर्ट में तीसरी शादी कर ली। कुछ दिनों तक पहली पत्नी के घर आना जाना जारी रहा बाद में अचानक घर जाना बंद कर दिया उसकी पत्नी रशिदा ने जब फोन मिलाया तो तीसरी पत्नी ने फोन उठाया जिस पर उसे शादी करने की जानकारी हुई। इसके बाद पहली पत्नी ने खोज बीन भी शुरू की लेकिन पता नहीं चला रिश्तेदारों के माध्यम से जानकारी हुई ।

## टाटा मोटर्स लखनऊ एवं रायपुर एडवांस्ड रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का वर्चुअल शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** लखनऊ बह्राइच राष्टीय राजमार्ग पर स्थित मसौली थाना मुख्यालय के निकट आज टाटा मोटर्स लखनऊ एवं रायपुर एडवांस्ड रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का वर्चुअल शुभारम्भ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया यह वर्कशाप प्रतिष्ठित व्यवसाई राजेश कानन द्वारा संचालित की गयी है।वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, ÷मुझे लखनऊ और रायपुर में दो वाहन स्क्रैपिंग सुविधाओं का उद्घाटन करते हुए खुशी हो रही है। ये आधुनिक केंद्र राष्टीय वाहन स्क्रै पेज नीति के तहत एक बड़ा कदम हैं, जो लोगों को प्रोत्साहन देकर स्वच्छ और ईंधन-बचत वाले वाहनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करते हैं। ये सुविधाएं पुराने वाहनों को सुरक्षित तरीके से तोड़ने और कीमती सामग्री को रीसाइक्लिंग के लिए इकट्ठा करने में अहम भूमिका निभाएंगी। मैं टाटा मोटर्स की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता और देशभर में विश्वस्तरीय स्क्रैपिंग सुविधाएं बनाने के लिए उनकी तारीफ करता हूं। ऐसी पहल वाहन स्क्रैपिंग को आसान, तेज और प्रभावी बनाने के लिए जरूरी हैं, जो देश में एक मजबूत व्यवस्था बनाने में मदद करेंगी।रायपुर आरवीएसएफ का संचालन टाटा मोटर्स के पार्टनर रायपुर ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा और इसकी प्रति वर्ष 25 हजार वाहनों को सुरक्षित रूप से डिस्मैंटल करने की क्षमता है। जबकि लखनऊ फैसिलिटी प्रति वर्ष 15 हजार वाहनों को स्क्रैप कर सकती है, और इसका संचालन मोटो स्क्रैपलैंड प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम मे मौजूद परिवहन राज्यमंत्री, दयाशंकर सिंह ने कहा, लखनऊ में टाटा मोटर्स की .इस्क्रेपिंग सुविधा का उद्घाटन एक स्वच्छ और हरित शहर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आधुनिक सुविधा वाहनों के जिम्मेदार निपटान को सुनिश्चित करेगी, जिससे पर्यावरण और उत्तर प्रदेश के लोगों को लाभ होगा। इस उन्नत वाहन रीसाइक्लिंग सुविधा के शुरू होने से नौकरी के नए अवसर भी पैदा होंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान मिलेगा। हम टाटा मोटर्स के प्रयासों की सराहना करते हैं और इस परियोजना से जुड़े सभी हितधारकों का आभार व्यक्त करते हैं। टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने रिसाइकल विद रिस्पेक्ट पहल के बारे में, कहा, टाटा मोटर्स में सस्टेनेबिलिटी सिर्फ एक वादा नहीं, बल्कि गतिशीलता के भविष्य को बनाने का एक मजबूत आधार है।

## डीएम ने किया वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ककरहिया स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्र से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, उसके परिवहन, डंपिंग प्रक्रिया तथा कचरे के वैज्ञानिक ढंग से निष्पादन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्लांट की क्षमता, कार्य पद्धति और कार्यदायी संस्था द्वारा अपनाई जा रही तकनीक को बारीकी से देखा। जिलाधिकारी ने कूड़े के प्रसंस्करण के बाद निकलने वाली ईंधन योग्य अपशिष्ट सामग्री (आर0डी0एफ0), निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट तथा अन्य पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों की गुणवत्ता व उपयोगिता का भी गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्लांट परिसर की सुरक्षा एवं सतत निगरानी के लिए रात्रि दृष्टि क्षमता से युक्त सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। साथ ही, कूड़ा लेकर आने वाले वाहनों का आगमन व प्रस्थान का विवरण पंजिका में नियमित रूप से दर्ज किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यह वेस्ट टू एनर्जी प्लांट जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की एक महत्वपूर्ण की है। इसकी सफलता नगरीय क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्लांट की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न बरती जाए और इसकी निरंतर निगरानी की जाए।

# आईपीएल खिताब से बढ़कर है बड़ी टीमों के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना : गिल

**नई दिल्ली।** भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने यहां बृहस्पतिवार को कहा कि इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतना आईपीएल खिताब जीतने से बड़ी उपलब्धि है। विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन जैसे धुरंधरों के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद 25 बरस के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की कप्तानी करेंगे। यह पूछे जाने पर कि इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला जीतने और आईपीएल खिताब में से वह किसे ऊपर रखेंगे, उन्होंने कहा ,'' निश्चित तौर पर टेस्ट श्रृंखला में जीत को।'' उन्होंने कहा ,'' आपको बतौर कप्तान इंग्लैंड दौरे के ज्यादा मौके नहीं मिलते। अगर आप अपनी पीढी में सर्वश्रेष्ठ में से हैं तो शायद दो दौरे या तीन।'' गिल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' आईपीएल हर साल होता है और हर साल मौका मिलता है। मेरे ख्याल से इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका में जीत बड़ी है।'' इंग्लैंड में लाल गेंद से खेलने का भले ही गिल को अनुभव नहीं है लेकिन वह चुनौती से विचलित भी नहीं हैं। उन्होंने कहा ,'' कई लोग कहते हैं कि आपकी टीम के पास उतना अनुभव नहीं है लेकिन अच्छी बात यह है कि हम पर अपेक्षाओं का उतना बोझ नहीं होगा क्योंकि अधिकांश खिलाड़ी इंग्लैंड में खेले नहीं है। इससे काफी फर्क पड़ेगा।'' गिल ने कहा ,'' पिछले पांच से दस साल में हमारे सीनियर्स से हमें जो ब्लूप्रिंट मिला है, वह यही है कि हम कहीं भी जीत सकते



हैं। हम उसी आत्मविश्वास के साथ खेलने की कोशिश करेंगे।'' उन्होंने कहा कि उनका और मुख्य कोच गौतम गंभीर का मानना है कि कोहली के संन्यास के बाद उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिये। उन्होंने कहा ,'' विराट भाई के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद मैने और गौतम गंभीर भाई ने इस पर बात की और हम दोनों ही इस पर एकमत थे कि मुझे चौथे नंबर पर उतरना चाहिये।'' गिल ने यह भी कहा कि वह टीम में सुरक्षा का माहौल बनाना चाहते हैं ताकि खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा ,'' अगर हम ऐसा करने में सफल रहे तो टेस्ट श्रृंखला और डब्ल्यूटीसी चक्र में काफी कामयाब होंगे। खिलाड़ियों से स्पष्ट संवाद की जरूरत है कि आप उनसे क्या चाहते हैं। उन्हें अपना स्वाभाविक खेल दिखाने की छूट मिलनी चाहिये।''

## अपने फैसलों पर फोकस रखें शुभमन, बाहरी आवाजों पर ध्यान नहीं दे : तेंदुलकर

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि भारतीय क्रिकेट में बदलाव के कठिन दौर में टीम की कमान संभालने जा रहे शुभमन गिल को उचित समय और सहयोग दिया जाना चाहिये और नये कप्तान को सलाह दी कि ड्रेसिंग रूम से बाहर की टिप्पणियों पर सोचे बिना वह अपनी रणनीति पर फोकस रखें। 25 वर्ष के गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे। इस श्रृंखला के साथ ही विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के नये चक्र की शुरूआत होगी। भारतीय टीम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के बिना उतरेगी जो टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट से पूर्व पीटीआई को दिये इंटरव्यू में तेंदुलकर ने कहा,'' मुझे लगता है कि उसे (गिल को) समय देना होगा। उसे सहयोग देने की भी जरूरत है।'' भारत का कप्तान होना काफी दबाव वाला काम है और तेंदुलकर को पता है कि अलग अलग तरह के सुझाव सामने आयेंगे लेकिन उनका मानना है कि गिल इससे बखूबी निबट लेंगे।

# तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का हुआ अनावरण

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने बृहस्पतिवार को भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से पहले एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का औपचारिक रूप से अनावरण किया। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मिलकर दोनों देशों के बीच होने वाली श्रृंखला का नाम बदलकर एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है। इससे अब यह भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच के लिए पटौदी ट्रॉफी (इंग्लैंड में श्रृंखला के लिए) और एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी (भारत में श्रृंखला के लिए) की जगह लेगी। यह ट्रॉफी पहले 14 जून को लांच होनी थी लेकिन अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना के कारण इसकी तारीख आगे खिसका दी गई। पटौदी परिवार के प्रति सम्मान को बरकरार रखते हुए भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला के विजेता कप्तान को नए पटौदी पदक से सम्मानित किया जाएगा। ट्रॉफी में एंडरसन और तेंदुलकर की 'एक्शन' की छवि है और साथ ही उनके उभरे हुए हस्ताक्षर भी हैं। महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने एक दशक से भी अधिक समय पहले अपने 200वें टेस्ट के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, वहीं एंडरसन ने अपना 188वां और आखिरी टेस्ट 2024 में खेला था। सोलह साल की उम्र में पदार्पण करने



वाले तेंदुलकर 15,921 रनों के साथ टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने हुए हैं। तेंदुलकर ने इंग्लैंड के खिलाफ 32 टेस्ट मैचों में 51.73 के औसत से 2,535 रन बनाए हैं। उन्होंने 2002 में हेडिंग्ले में सर्वश्रेष्ठ 193 रन का स्कोर बनाया था। वहीं स्विंग के महान गेंदबाजों में शुमार एंडरसन ने 704 टेस्ट विकेट झटके हैं जो किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा लिए गए सबसे ज्यादा विकेट हैं। वह सर्वकालिक सूची में केवल मुथैया मुरलीधरन (800 विकेट) और शेन वार्न (708 विकेट) से पीछे तीसरे स्थान पर हैं। ट्रॉफी का अनावरण करते हुए महान बल्लेबाज तेंदुलकर ने कहा कि उनके लिए टेस्ट क्रिकेट हमेशा शीर्ष पर बना रहेगा। उन्होंने कहा, ''मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट जीवन का प्रतीक है जिसमें आप अपना सर्वश्रेष्ठ देते हो और अगर चीजें गलत हो जाती हैं तो इसमें आपको फिर से एक और दिन एकजुट होने, सोचने और वापसी का मौका देता है।'' तेंदुलकर ने कहा, ''यह खेल का शीर्ष प्रारूप है जो आपको सभी बाधाओं से निपटने के लिए सहनशीलता, अनुशासन और अनुकूलनता सिखाता है। मैं टेस्ट क्रिकेट को अपनी नींव का श्रेय देता हूं क्योंकि इसने मुझे निराशाओं से जीत तक पहुंचाया और उम्मीदों को पूरा करते हुए दिखाया है।''

## पटौदी की विरासत जीवित रखने का पूरा प्रयास करूंगा : तेंदुलकर

भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें जैसे ही पता चला कि भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला के लिये ट्रॉफी का नाम बदला जा रहा है, उन्होंने दिवंगत मंसूर अली खान पटौदी के परिवार से संपर्क किया और उन्हें आश्वस्त किया कि इस श्रृंखला से पूर्व कप्तान का जुड़ाव खत्म नहीं होगा। पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलकर तेंदुलकर और इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन के नाम पर एंडरसन - तेंदुलकर ट्रॉफी रखा गया है। यह फैसला इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और बीसीसीआई ने मिलकर लिया है। तेंदुलकर ने एक इंटरव्यू में कहा ,'' मुझे पता है कि बीसीसीआई ने कुछ महीना पहले पटौदी ट्रॉफी को रिटायर किया है। लेकिन जब मुझे पता चला कि इसका नाम मेरे और एंडरसन के नाम पर रखा जा रहा है तो मैने सबसे पहले पटौदी परिवार को फोन किया।'' उन्होंने कहा ,'' टाइगर पटौदी ने कई पीढियों को प्रेरित करने में बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता।''

# कोहली, रोहित या अश्विन के नहीं होने से भारत की चुनौती आसान होगी : बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्हें नहीं लगता कि विराट कोहली, रोहित शर्मा और आर अश्विन की गैर मौजूदगी से भारतीय टीम कमजोर नहीं हुई है क्योंकि उसके पास इस कमी को पूरा करने के लिये प्रतिभा का भंडार है। बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट के साथ ही इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला का आगाज करेगी। कोहली, रोहित और अश्विन के संन्यास के बाद यह शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम का पहला मुकाबला होगा। स्टोक्स ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर प्रेस कांफ्रेंस में कहा, '' काफी कुछ कहा जा रहा है कि विराट नहीं है, रोहित नहीं है और अश्विन नहीं है लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि भारत के खिलाफ यह पहले से आसान मुकाबला होगा। भारतीय क्रिकेट के पास प्रतिभा का भंडार है।'' उन्होंने कहा ,'' विराट, रोहित और अश्विन ने देश के लिये शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनकी जगह लेने वाले खिलाड़ियों के सामने बल्लेबाजी या गेंदबाजी करना आसान होगा।'' स्टोक्स ने कहा ,'' हमने आईपीएल में काफी समय बिताया है और हमें पता है कि भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है। ये तीनों बहुत बड़े नाम हैं जिन्होंने देश के लिये शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन इनके नहीं होने से चुनौती आसान नहीं होगी।'' उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिये जसप्रीत बुमराह का सामना करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन उनकी टीम एक खिलाड़ी पर ही फोकस नहीं करेगी।

# चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर, पेरिस डायमंड लीग में सामना वेबर से

**नई दिल्ली।** नब्बे मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी जब वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं। वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे।

# आईएसएल आयोजकों ने कहा, एमआरए स्थिति पर स्पष्टता के बिना अगला चरण शुरू नहीं होगा : सूत्र

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) आयोजकों ने फुटबॉल क्लबों से कहा है कि 2025-26 चरण तब तक शुरू नहीं होगा जब तक कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ किए गए 'मास्टर राइट्स एग्रीमेंट' (एमआरए) की स्थिति पर स्पष्टता नहीं हो जाती जिससे देश की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता अधर में लटक गई है। 'फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड' (एफएसडीएल) आईएसएल का संचालन करती है और वह एआईएफएफ की व्यावसायिक साझेदार है जिसके साथ राष्ट्रीय महासंघ ने 2010 में 15 साल के एमआरए पर हस्ताक्षर किए थे। एफएसडीएल एमआरए के अंतर्गत एआईएफएफ को सालाना 50 करोड़ रुपये का भुगतान करता है और इसके बदले में एफएसडीएल को राष्ट्रीय टीम सहित भारतीय फुटबॉल के प्रसारण, प्रबंधन और वाणिज्यिक अधिकार मिलते हैं। इसकी जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर एक न्यूज एजेंसी से कहा, ''एफएसडीएल ने आईएसएल क्लब मालिकों को मौखिक रूप से बताया है कि अगला चरण तब तक शुरू नहीं होगा जब तक एमआरए पर स्पष्टता नहीं हो जाती।'' सूत्र ने कहा, ''एमआरए दिसंबर में खत्म होगा और अभी तक कोई स्पष्टता नहीं है कि इसे बढ़ाया जाएगा या फिर एक नया समझौता किया जाएगा।'' एआईएफएफ ने हालांकि कहा कि एफएसडीएल ने अभी तक राष्ट्रीय महासंघ को आईएसएल के भविष्य के बारे में कुछ नहीं बताया है। एआईएफएफ के उप महासचिव एम सत्यनारायण से जब लीग के शुरू होने के समय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''हमें एफएसडीएल से आईएसएल के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है।'' पिछले दो सत्र में आईएसएल सितंबर से शुरू हुआ था।

# शेयर बाजार में सेंसेक्स 82 अंक टूटा, निफ्टी भी फिसला

**नई दिल्ली।** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 392.9 अंक का उतार-चढ़ाव देखा और 81,583.94 अंक के उच्चतम और 81,191.04 अंक के न्यूनतम स्तर को छुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 18.80 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 अंक पर आ गया।



**वॉलमार्ट की वृद्धि:** वॉलमार्ट के सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वॉलमार्ट वृद्धि ने अगले तीन साल में भारत में 1,00,000 अतिरिक्त एमएसएमई को सशक्त करने के लिए आइडियाज टु इम्पैक्ट (आई2आई) फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। ग्लोबल सप्लाई चेन में वॉलमार्ट की विशेषज्ञता की ताकत और भारत में फ्लिपकार्ट की ई-कॉमर्स क्षमताओं को साथ लाते हुए शुरू किया गया वॉलमार्ट वृद्धि प्रोग्राम ज्यादा से ज्यादा एमएसएमई को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में पहुंच बढ़ाने में मदद करेगा। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा, 'हम भारत के वाइब्रेंट इनोवेशन इकोसिस्टम और यहां के एमएसएमई की विकास की क्षमता से लगातार प्रेरित होते हैं। फ्लिपकार्ट ग्रुप के एसवीपी एवं चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट में डिजिटल कॉमर्स तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाते हुए और विकास के व्यापक अवसर प्रदान कराते हुए एमएसएमई को सशक्त करना हमारी अथक प्रतिबद्धता है।

**समृद्ध पहल:** रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स ने अपना नया थीम आधारित अभियान द सिलेक्ट वन्स के लिए पेश किया है जिसमें लोकप्रिय कलाकार राजकुमार राव और पत्रलेखा शामिल हैं एफसीबी नियो द्वारा परिकल्पित यह अभियान उन खास लोगों को समर्पित है जो अपनी सफलता की राह में हमेशा सोच-समझकर निर्णय लेते हैं जो उत्कृष्टता और ज्ञान की ओर निरंतर अग्रसर रहते हैं और अपने सिद्धांतों व सपनों से कभी समझौता नहीं करते। अभियान को लेकर परनोड रिकार्ड इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट शॉर्ट्स आज एक ऐसा मंच बन चुका है जो उत्सुक और समझदार दर्शकों के लिए बेहतरीन कहानियों का समर्पित इकोसिस्टम तैयार करता है।एफसीबी नियो के चीफ क्रिएटिव ऑफिसर मयुरेश दुबाशी ने कहा यह फिल्म एक गहरी और सशक्त श्रद्धांजलि है उस कला को, जिसमें सही चुनाव करना ही पहचान बन जाता है।

**व्यापार श्रंखला:** अमेज़न.इन पर कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर बेहतरीन डील्स के साथ अपने सुनने के अनुभव को अपग्रेड करें। ग्राहक हेडफोन्स, स्पीकर्स, साउंडबार्स और म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट्स सहित कई प्रोडक्ट्स पर 75प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। ये ऑफर्स बोट, जेबीएल और नॉइस जैसे लोकप्रिय ब्रांड्स पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, ग्राहक एसबीआई क्रेडिट कार्ड ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 10प्रतिशत तक की तत्काल छूट भी प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें अधिकतम बचत 1,250 रुपये तक हो सकती है। 21 जून 2025 से अमेज़न.इन पर जरूर जाएं।

**नवीनतम पेशकश:** फोक-पॉप इनोवेटर सिमरन चौधरी अपने नए ट्रैक सैय्यां ना माने में मस्ती, भावनाओं और स्टोरी-टैलिंग की शक्ति का मिश्रण पेश कर रही हैं। इंटरनेट के लोकप्रिय गीतों, 'अजे ना जा' और 'रहले मेरे कोल' को अपनी आवाज़ देने वाली सिमरन अपनी विशेष शैली बना रही हैं, जो देसी अंदाज में ग्लोबल बीट जैसी महसूस होती है। 'सैय्यां ना माने' में सिमरन ने अपनी खुद की कहानी लिखी, कंपोज़ की है। इस म्यूज़िक वीडियो में अभिनय भी उन्होंने खुद किया है। सिमरन ने कहा, हम सबके जीवन में एक ऐसा व्यक्ति होता है जो आपकी बात नहीं सुनता, चाहे आप उससे कितना भी प्यार क्यों न करें।

# सोने का भाव 150 रुपये गिरा, चांदी भी लुढ़की

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच गुरुवार को सोने का भाव 150 रुपये घटकर 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये गिरकर 99,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। इसके अलावा, चांदी भी रिकॉर्ड स्तर से पीछे हट गई। सफेद धातु 1,000 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। बुधवार को यह 1,08,200 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी।



**एमेज़ॉन का निवेश:** एमेज़ॉन द्वारा 2025 में 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। इस निवेश की मदद से ऑपरेशंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया जाएगा, उसे अपग्रेड किया जाएगा, एसोसिएट्स की सुरक्षा बढ़ाई जाएगी, कल्याण कार्यक्रम चलाए जाएंगे, तथा इसके फुलफिलमेंट नेटवर्क के लिए नए टूल्स और टेक्नोलॉजी का विकास किया जाएगा। एमेज़ॉन के ऑप्स नेटवर्क के निर्माण के लिए किए जाने वाले निवेशों में यह निवेश सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, जो कंपनी को पूरे भारत में सभी पिन-कोड तक डिलीवरी पहुँचाने में मदद करेगा।अभिनव सिंह, वीपी - ऑपरेशंस, एमेज़ॉन इंडिया एवं ऑस्ट्रेलिया ने कहा, हम भारत में एक दशक से अधिक समय से सर्वश्रेष्ठ लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रहे हैं, जो पूरे देश में हमारे ग्राहकों को सुरक्षा, तीव्रता, विस्तार और विश्वसनीयता से डिलीवरी करने में समर्थ बनाता है।

**नवीनतम श्रृंखला:** प्यार सिर्फ मोमबत्तियों की रोशनी में डिनर या किसी बड़े सरप्राइज तक सीमित नहीं होता–यह उस चाय-समोसा के साथ की गई बातचीत में भी छिपा होता है जो दिनभर की थकान के बाद सुकून देती है, रात को एसी के तापमान को लेकर होने वाली मजेदार नोकझोंक में, परफेक्ट रोड ट्रिप प्लेलिस्ट को लेकर कभी न खत्म होने वाली बहस में, और उन खामोश पलों में जब शब्द कम पड़ जाते हैं, साथ बना रहता है। असल रिश्ते की खूबसूरती इन्हीं छोटे-छोटे लम्हों में बसी होती है। कलर्स का नया रिएलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा - जोड़ियों का रिएलिटी चेक' इसी रोजमर्रा के प्यार और रिश्तों की हलचल को मंच पर लाता है–जहां सेलेब्रिटी जोड़ियों को मजेदार चैलेंजों और दिल को छू लेने वाले सच्चे पलों से होकर गुजरना होगा। और इस दिलचस्प सफर की होस्ट हैं सोनाली बेंद्रे, जो अपनी सदाबहार शैली और गरिमा के साथ कलर्स पर लौट रही हैं।

**टेटली:** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स परिवार के सदस्य, टेटली ग्रीन टी ने ग्रीन टी के दो नए प्रकार प्रस्तुत किए हैं टेटली ग्रीन टी स्लिम केयर जिसमें एल-कार्निटिन है और टेटली ग्रीन टी ब्यूटी केयर जिसमें बायोटिन है। इन दो नयी ग्रीन टी के साथ टेटली आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं की ग्रीन टी की परिभाषा को बदल रहा है। ये कोई सामान्य ग्रीन टी नहीं हैं। बायोटिन एक प्राकृतिक विटामिन है जो बालों को सुंदर और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है। एक्टर, वेलनेस की उत्साही समर्थक कृति सनोन टेटली ग्रीन टी के वेलनेस पोर्टफोलियो की नयी ब्रांड एम्बेसडर है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के भारत और दक्षिण एशिया के प्रेसिडेंट पैकेज्ड बेवरेजेस, पुनीत दास ने कहा, आज के उपभोक्ता उनके रोज़ाना वेलनेस चॉइसेस से ज़्यादा से ज़्यादा फायदे पाना चाहते हैं। मुलेनलोवे लिंटास के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेड ऑफ़ क्रिएटिव साउथ अर्पण भट्टाचार्य ने खुशी जताई।

# भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार : एफटीए

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं, जिन्हें उनकी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाना जाता है। भारतीय यूके की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ते हैंउद्योग मंत्री ने यूके और भारत के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसे मुफ्त में दिए जाने वाला कहा न्यायपूर्ण नहीं है, भारतीय यूके में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था में मूल्य जोड़ने का काम करते हैं।

**व्यापार विस्तार:** एशियन पेंट्स ने अपनी नवीनतम कॉर्पोरेट फिल्म 'सोचा भी नहीं होगा' लॉन्च की है, जो एक सुंदर घर की डिजाइनिंग के दौरान आने वाली रचनात्मकता और संभावनाओं को प्रदर्शित करती है। यह वीडियो सीरीज़ रंगों, सजावट और घर में बदलाव के विचारों को एक नया नजरिया देती है।वीडियो में एक युवा पति-पत्नी की साधारण लेकिन प्रभावशाली कहानी दिखाई गई है, जो अपने घर को नया रुप देने की प्रक्रिया को देख रहे है। कॉर्पोरेट डिजिटल सीरीज़ के बारे में बात करते हुए, एशियन पेंट्स के एमडी और सीईओ अमित सिंगले ने कहा, आठ दशकों से अधिक के सफर में, हमने निरंतर खुद को बेहतर बनाया है।

**नई पेशकश:** हर साल 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें योग के शारीरिक, मानसिक और आत्मिक लाभों की याद दिलाता है। योग अपने आप में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है, लेकिन जब इसे संतुलित और पोषक आहार के साथ जोड़ा जाए, तो इसका असर और भी बेहतर होता है। ऐसे आहार में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल जैसे ज़रूरी पोषक तत्व होने चाहिए। इनमें से प्रोटीन शरीर की मजबूती और मांसपेशियों की देखभाल के लिए सबसे अहम है। प्रोटीन के प्राकृतिक स्रोतों में बादाम एक आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो योग अभ्यास के दौरान शरीर की ऊर्जा बनाए रखने और थकान कम करने में मदद करता है।

# डीओसी मांग कमजोर होने से खाद्य तेल में गिरावट

**नई दिल्ली।** खाद्यतेलों, खासकर सोयाबीन और सूरजमुखी तेल जैसे सॉफ्ट (नरम) खाद्यतेलों के कम आयात और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव की वजह से आपूर्ति प्रभावित होने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल के साथ बिनौला तेल कीमतों में सुधार देखने को मिला। दूसरी तरफ विदेशों में डी-आयल्ड केक (डीओसी) की मांग कमजोर रहने से सोयाबीन तिलहन में गिरावट रही। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 9,100 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स-कांडला- 8,350 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,005-5,035 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,815-4,855 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,050 रुपये प्रति क्विंटल।



**पोर्टफोलियो पहल:** वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ने प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग्स में लगातार चौथे वर्ष समुदाय प्रभाव के लिए विश्व के नंबर वन यूनिवर्सिटी के रूप में स्थान प्राप्त किया है। इस मूल्यांकन प्रक्रिया में यूनिवर्सिटी ने 2,300 अंतरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी को पीछे छोड़ दिया ।यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की स्थानीय और वैश्विक पहलों के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने और पृथ्वी की सुरक्षा हेतु उसकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मान्यता मिल रही है। परियोजना का उद्देश्य सिंचाई के लिए जल आपूर्ति की सुरक्षा को बेहतर बनाना और ग्रामीण समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ाना है। अब तक यह परियोजना भारत के सात राज्यों के 20,000 से अधिक गांवों के 3 लाख से अधिक परिवारों तक पहुंच चुकी है। कुलपति और अध्यक्ष प्रतिष्ठित प्रोफेसर जॉर्ज विलियम्स एओ और चांसलर प्रोफेसर जेनिफर वेस्टाकॉट एसी तथा प्रोफेसर विलियम्स ने खुशी जताई।

**श्रंखला विस्तार:** बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, भारत के तीन प्रमुख फर्टिलिटी नेटवर्क्स में से एक, ने भारत की पहली टोल-फ्री और अनरिकॉर्डेड सपोर्ट लाइन फर्टिलिटी सर्कल 1800 123 1515 लॉन्च किया है। यह फर्टिलिटी काउंसलिंग सेवा पूरे भारत में अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध है, और जल्द ही इसे क्षेत्रीय भाषाओं में भी शुरू करने की योजना है। यह सेवा उन लोगों के लिए है जो प्रेग्नेंसी की प्लानिंग कर रहे हैं, पेरेंट्स बनने की कोशिश कर रहे हैं, इससे संबंधी ट्रीटमेंट पर विचार कर रहे हैं या फर्टिलिटी समस्याओं से संबंदित मन में सवाल लिए हुए हैं। अभिषेक अग्रवाल, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने कहा, हमने फर्टिलिटी सर्कल की शुरुआत की है ताकि लोग बिना डर, दबाव और किसी लागत के अपनी फर्टिलिटी संबंधी सभी समस्याओं और उलझनों पर खुलकर बात कर सकें। पारुल त्यागी, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ने कहा कि फर्टिलिटी सर्कल एक ऐसा स्पेस है जहाँ हर सवाल सुना और समझा जाता है खासकर तब, जब प्रेग्नेंसी और इंफर्टिलिटी जैसे विषयों पर बात करना आसान नहीं होता।

# अमेरिकी फेड ने लगातार चौथी बार ब्याज दरों में नहीं किया बदलाव


**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व (यूएस फेड) ने अपनी बेंचमार्क ब्याज दरों को लगातार चौथी बैठक के लिए 4.25-4.50 फीसदी पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जिससे उभरती आर्थिक स्थितियों के बीच अपना सतर्क रुख बरकरार रखा. फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि दरों को स्थिर रखने का फैसला फेड के अधिकतम रोजगार और स्थिर मुद्रास्फीति के दोहरे लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए लिया गया था. पॉवेल ने फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि हमारे लक्ष्यों के समर्थन में, आज फेडरल ओपन मार्केट कमेटी ने हमारी नीतिगत ब्याज दर को अपरिवर्तित छोड़ने का निर्णय लिया है. हमारा मानना है कि मौद्रिक नीति का वर्तमान रुख हमें संभावित आर्थिक विकासों पर समय पर प्रतिक्रिया देने के लिए अच्छी स्थिति में रखता है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) ने अपने बयान में कहा कि वह ब्याज दरों में कोई और बदलाव करने से पहले आने वाले आंकड़ों, आर्थिक दृष्टिकोण और जोखिम संतुलन का आकलन करना जारी रखेगी।

**एथर एनर्जी:** एथर एनर्जी लिमिटेड ने आज वित्तवर्ष 2026 के अंत तक अपने एक्सपीरियंस सेंटर्स को बढ़ाकर 700 तक ले जाने की अपनी योजना के बारे में बताया। इस विस्तार के साथ एथर के स्टोर्स की संख्या बढ़कर लगभग दोगुनी हो जाएगी, जिससे पूरे देश में ग्राहकों के लिए एथर स्कूटर की टेस्ट राईड लेना और उन्हें खरीदना आसान हो जाएगा। यह विस्तार उस समय हुआ है, जब एथर के स्कूटरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। एथर के पहले फैमिली स्कूटर, रिज़्टा ने अपने लॉन्च के बाद एक साल के अंदर 1 लाख से अधिक यूनिटें बेच दी हैं।

# जहर बनेगा अमृत : जहरीले पौधों से बनेंगी जीवनरक्षक दवाएं

## आईएएसएसटी गुवाहाटी ने 70 बेहद जहरीले पौधों से जीवन रक्षक तत्व निचोड़ने की तलाशी संभावनाएं

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** जहरीले पौधों से जीवनरक्षक दवाएं बनाने की विभिन्न प्राचीन पारंपरिक चिकित्सा विधियों से प्रेरणा लेकर अब आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी जब इस दिशा में शोध आरंभ किया तो इसके चमत्कारिक परिणाम सामने आए हैं। इस दिशा में किए गए अनुसंधान से वैज्ञानिकों को प्रकृति के कुछ सबसे जहरीले पौधों के बारे में जानकारी मिली है जिनमें उपचार करने की बहुत क्षमता है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति की पूरी रूपरेखा को बदल देने की क्षमता वाले इस हालिया खोज में यह प्रमाणित हुआ है कि पौधों का उपयोग प्राचीन काल से ही उनके औषधीय गुण के लिए किया जाता रहा है। वहीं कुछ पौधे अपनी विषाक्तता के लिए विख्यात कुछ पौधों में विलक्षण औषधीय गुण मौजूद हैं और उनमें पौधों और मनुष्यों दोनों के लिए महत्वपूर्ण लाभकारी फाइटोकेमिकल्स पाए गए हैं जो विभिन्न बीमारियों के उपचार में अत्यंत




लाभकारी हो सकते हैं। इस अनुसंधान में पता चला है कि विषाक्तता के लिए विख्यात होने के बावजूद इन पौधों में असाधारण यौगिक होते हैं जिन्हें सावधानीपूर्वक अलग करके उपचार के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है और इनसे जीवनरक्षक तत्व भी निचोड़ा जा सकता है जिससे ना सिर्फ सामान्य बल्कि कई असाध्य मानी जानेवाली बीमारियों का भी उपचार किया जा सकता है।

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से उक्त जानाकारियां साझा करते हुए बताया गया है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग यानी डीएसटी के गुवाहाटी स्थित एक स्वायत्त संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइंस एंड टेक्नोलॉजी यानी आईएएसएसटी के शोधकर्ताओं ने प्राकृतिक दुनिया के पत्तों जड़ों और रस में छिपे रहस्यों का पता लगाते हुए विभिन्न जहरीले पौधों की प्रजातियों और उनके फाइटोकेमिकल घटकों की व्यापक जांच की है। आईएएसएसटी के निदेशक प्रोफेसर आशीष के मुखर्जी और वरिष्ठ शोध फेलो भाग्य लखमी राजबोंगशी के नेतृत्व में एक शोध दल ने पहले से ही होम्योपैथी और पारंपरिक भारतीय चिकित्सा में इस्तेमाल किए जा रहे 70 जहरीले पौधों की प्रजातियों का आधुनिक विज्ञान की कसौटियों और मानकों पर परखा है जिनका उपयोग पारंपरिक रूप से बुखार और जुकाम से लेकर त्वचा रोगों और एडिमा तक कई तरह की बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता है। इस शोध में पता चला है कि ये पौधे अपने अस्तित्व के उपयोग के लिए विशेष प्राकृतिक यौगिक फाइटोकेमिकल्स उत्पन्न करते हैं जिनमें इंसानी शरीर के लिहाज से भी प्रचुर औषधीय गुण होते हैं। इन विषैले यौगिकों को सावधानीपूर्वक वैज्ञानिक प्रसंस्करण के साथ शक्तिशाली चिकित्सीय घटकों में बदला जा सकता है। टॉक्सिकॉनः एक्स (एल्सेवियर) में प्रकाशित अध्ययन में बताया गया है कि कैसे इन प्राकृतिक विषाक्त तत्वों को जीवनरक्षक दवाओं में बदला जा सकता है। हालांकि पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में सांप के काटने से लेकर पीलिया के इलाज तक में इन जहरीले पौधों से प्राप्त अमृत तुल्य तत्वों का सफलतापूर्वक इस्तेमाल होता रहा है लेकिन अब आधुनिक विज्ञान भी इसका नए सिरे से अध्ययन कर व्यापक अनुसंधान कर रहा है जिसकी व्यावहारिक सफलता के बाद आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री से मिलकर समस्याओं का ध्यान आकृष्ट कराया



**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज विकास खंड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय कुमार सिंह ने गुरुवार को लखनऊ मुख्यमंत्री के दरबार में पहुँचे के क्षेत्र के समस्याओ को रखकर ध्यान आकृष्ट कराया है। पत्रक सौप कर ध्यान आकृष्ठ कराया है की छानबे विधानसभा के लालगंज व हलिया दलित पिछड़ा कोल बाहुल्य क्षेत्र है एवं सिंचाई एवं विद्युत व्यवस्थायें काफी दयनीय है। जिससे किसानों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है निम्न कार्य कराया जाना जनहित में अति आवश्यक है। मेजा डैम ददरी बांध में लिफ्ट के द्वारा जमुहरा राजवाहा में पानी गिराने से लालगंज व हलिया के लगभग 30 ग्राम सभाओ के किसानों की समस्या का समाधान सम्भव हो जायेगा व विकास खंड लालगंज के ग्राम महादेव राजस्व ग्राम ददरी राजा में विद्युत उपकेंद्र बनाए जाने से उक्त विकास खंड लालगंज व हलिया के आम जनमानस को विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध हो जाएगी।

# कलेक्ट्रेट जनता दर्शन में फरियादियों ने जिलाधिकारी को सुनाई जन समस्याएं

**मिर्जापुर।** जन शिकायतो का का त्वरित निस्तारण के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा प्रत्येक दिन जनता दर्शन में पहुंचे एक-एक फरियादियों की समस्याओ से रूबरू होते हुए उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिया गया। प्रातः काल कार्यालय पहुंचते ही जिलाधिकारी ने एक-एक फरियादियों की समस्याओ को सुना तथा उनके समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त प्रार्थना पत्रो को गम्भीरता से लेते हुए जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतो का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में है। अतः अधिकारी ससमय व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें निस्तारित प्रकरणो में असंतुष्ट फीडबैक मिलने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक में शांति व्यवस्था पर जोर

**हलिया (मिर्जापुर)।** मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए गुरुवार को थाना हलिया में पीस कमेटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। क्षेत्रों में मोहर्रम में किसी प्रकार का विवाद न हो इसका आह्वान किया गया। वहीं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी तरह का कानून उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। वहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार किसी को भी डीजे नहीं बजाने का आदेश दिया। कहा कि ऐसी शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखें। ताजियादार रास्ते के अनुसार ताजिया रखें। चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय, एसआई श्याम



लाल, अच्छे लाल यादव, ग्राम प्रधान विजेंद्र पाण्डेय, पवन तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सिविल न्यायालय की स्थापना के लिए अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**लालगंज (मिर्जापुर)।** तहसील मुख्यालय पर गुरुवार को अधिवक्ताओं ने सिविल न्यायालय की स्थापना की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। विंध्य युवा अध्यक्षता समिति के बैनर तले हुए प्रदर्शन के बाद अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द न्यायालयके लिए भूमि उपलब्ध करानेकी मांग उठाई। पूर्वअध्यक्ष कैलाशपति त्रिपाठी व अनिल शुक्ला के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कहा कि खजुरी स्थित भूमि का पहलेही चिन्हांकन हो चुका है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर देरी के चलतेअबतक न्यायालय की स्थापना नहीं हो सकी है। इस कारण अधिवक्ताओं समेत आम जनता को लगातार असुविधा झेलनी पड़ रही है। समिति की ओर से कई बार प्रस्ताव पारित कर सिविल कोर्ट स्थापना की मांग की जा चुकी है। अधिवक्ता हृदय शंकर चतुर्वेदी, विपिन तिवारी, परशुराम मौर्यनेकहा कि लंबेसमय सेवकील न्यायिक कार्यसेभी विरत रहते आए हैं लेकिन प्रशासन जरा भी गंभीर नहीं है। पूर्व अध्यक्ष राज कुमार पांडेय, अरुण त्रिपाठी और धनेश्वर गौतम ने कहा कि चिन्हित भूमि की कागजी प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की। समिति अध्यक्ष बृजभूषण पांडेय के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन मेंगोविंद यादव,कमलेश कुमार, शिवम पांडे, सुधीर पांडेय, राकेश दुबे, राकेश प्रजापति समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे। ज्ञापन लेनेके बाद उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव ने भरोसा दिलाया कि चिन्हित भूमि से संबंधित सभी प्रक्रियाएं जल्द पूर्णकर ठोस कदमउठाया जाएगा।

# दहेज हत्या के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गुलाब तिराहा से पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के निर्देश पर एसआई हंसराज यादव मय हमराह कांस्टेबल नफिस व राजेश मौर्या के साथ मुखबिर कि सूचना पर दहेज हत्या के आरोपित मुड़पेली गांव निवासी कैलाश धरकार को गिरफ्तार कर आरोपित को जेल भेज दिया है। विवाहिता कि माता फूलवंती ने दहेज की मांग को लेकर पुत्री की हत्या कर फांसी के फंदे पर लटका दिया था जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की दहेज हत्या के आरोपित को हथेड़ा गुलाब तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# तनावमुक्त जीवन जीने के लिए योग आवश्यक : कुलसचिव

**मिर्जापुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को के बीपीजी कॉलेज के सामुदायिक भवन में योग कार्यशाला और व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय के कुलसचिव राम नारायण नेयोग क्रियाओं पर विस्तृत प्रकाश डालतेहुए कहा कि वर्तमान दौड़-धूप और तनावग्रस्त दिनचर्याके बीच बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग आवश्यक है। प्राचार्य प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह नेकहा कि इस वर्षएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम के संदेश के साथ अंतरराष्ट्रीययोग महोत्सव मनानेका निर्णय लिया गया है। इसके तहत कॉलेज में विभिन्न योग विधाओं की गतिविधियाँ शुरू की गई हैं। प्रोफेसर देवेंद्र पांडेय नेकहा आपाधापी भरी जिंदगी में लाइफ स्टाइल से जनस्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। गलत खानपान, क्लाइमेट चेंज, प्रदूषण, शारीरिक गतिविधियों के अभाव आदि कारणों से बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। योग के माध्यम सेजीवन को स्वस्थ और तनावमुक्त बना सकते हैं। प्रोफेसर गौरीशंकर द्विवेदी ने स्वस्थ रहनेके लिए योग को आत्मसात करनेपर जोर दिया। प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह चंदेल नेछात्रों को सकारात्मक रूप सेआधुनिक तकनीक का उपयोग करने, मोबाइल और सोशल मीडिया सेदूर रहने की सलाह दी। कहा मोबाइल का संतुलित उपयोग ही लाभकारी हो सकता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. रामदास नेशिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को विभिन्नयौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया। कार्यशाला मेंडॉ. कुलदीप पांडेय, डॉ. जेपी सिंह, पीयूष कमल द्विवेदी, डॉ. रतन लाल आदिनेभी अपने विचार साझा किए। संचालन डॉ. रतनेश कुमार मिश्र ने किया।

# अधिशासी अभियंता और तहसीलदार ने किया अदवा बांध का निरीक्षण

**हलिया (मिर्जापुर)।** अदवा बांध की पिचिंग डिवाइर क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलने पर गुरुवार को अधिशाषी अभियंता सिरसी बांध प्रखंड राम शंकर राजपूत और तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर अदवा बांध पर चल रहे कार्य के गुणवत्ता को देखा और ग्रामीणों के बयान को दर्ज किया है। कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ओपी सिंह ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों ने पीचिंग के पत्थर तोड़कर सीढ़ी बनाने के लिए उठा ले गए जिससे दीवार क्षतिग्रस्त हुई है। तहसीलदार दीक्षा पाण्डेय ने कुछ लोगों का बयान दर्ज कर जिलाधिकारी को देने की बात कही है। अब देखना यह होगा कि जांच के बाद क्या कार्रवाई होती है।वहीं स्थानीय मनबढ़ लोगो ने प्रोजेक्ट मैनेजर ओपी सिंह से सीढ़ी निर्माण कार्य कराने के लिए कहासूनी कर लिया प्रोजेक्ट मैनेजर ने ग्रामीणों को बताया कि बांध पर सीढ़ी बनाने के लिए कोई स्टीमेट नहीं है जिससे सीढ़ी बनना सम्भव नहीं है। सीढ़ी के लिए स्टीमेट मिलने पर सीढ़ी बनाई जा सकती है। इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर ओपी सिंह ने बताया कि अदवा बांध पर कराये जा रहे कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

# विश्वविद्यालय में वाई ब्रेक योग प्रोटोकॉल के हुआ योग

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में गुरुवार को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों के लिए वाई ब्रेक योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया. कुलपति प्रो. वंदना सिंह के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग किया. कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि जीवन को योग को सदैव शामिल किये रहे. वाई-ब्रेक योग प्रोटोकॉल, आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित एक पांच मिनट का योग कार्यक्रम है, जिसे विशेष रूप से काम करने वाले लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि वे अपने कार्यदिवस के दौरान तनाव मुक्त, तरोताजा और फिर से ध्यान केंद्रित कर सकें. योगाचार्य जय सिंह द्वारा योग प्रोटोकॉल में सरल योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान कराया गया. इसमें ताड़ासन, स्कंध चक्र, अर्धचक्रासन, नाड़ीशोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया. इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. प्रमोद यादव, उपकुलसचिव बबीता सिंह, एआर मुस्ताक अली, डॉ.मनोज पाण्डेय, डॉ. पुनीत सिंह, संजय सिंह, श्याम त्रिपाठी, आशुतोष सिंह, पंकज सिंह समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 1.5 करोड़ के अवैध गांजा के साथ दो अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार

**मिर्जापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं

### तस्करी में प्रयुक्त कन्टेनर ट्रक बरामद

अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के निर्माण तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी बरामदगी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षगण को निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना लालगंज व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त



पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना लालगंज व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम राजापुर मोड़ के पास से एक कन्टेनर ट्रक को पकड़ा जिससे दो अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। जिनके द्वारा पूछताछ में अपना नाम पता चन्द्रमणि नायक पुत्र बाल्मिकी नायक निवासी कुडुताई, थाना तारासिंह, जनपद गंजम, उड़ीसा व जोगेन्द्र नायक पुत्र सीमांचल नायक निवासी कुडुताई घाटीपाली, थाना तारासिंह, जनपद गंजम, उड़ीसा बताया गया तथा उक्त कन्टेनर ट्रक में अवैध गांजा छुपाकर रखा होना बताया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई तो ड्राइवर सीट के पीछे प्लाईवुड से केबिननुमा जगह बनाकर रखा हुआ कुल 4 कुन्तल 24.700 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है। तस्करी में प्रयुक्त उपरोक्त कन्टेनर ट्रक को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम लोग द्वारा उक्त कन्टेनर ट्रक में ड्राइवर सीट के पीछे प्लाईवुड से केबिन बनाकर उसी में भारी मात्रा में गांजा छुपाकर ले जा रहे थे की चेकिंग के दौरान हमें पकड़ लिया गया। उक्त गांजा जनपद प्रयागराज ले जा रहे थे। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लालगंज संजय सिंह, उप-निरीक्षक अजय कुमार मिश्र व उप निरीक्षक शिवकरन सिंह मय पुलिस टीम। निरीक्षक राजीव कुमार सिंह प्रभारी एस.ओ.जी. मय पुलिस टीम। उप निरीक्षक मानवेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस मय पुलिस टीम आदि शामिल थे।

# महराजगंज के 12 उपकेंद्रों में एएनएम का अभाव

**महराजगंज जौनपुर।** महराजगंज सीएचसी अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 12 उपकेंद्र वर्षों से बंद पड़े हैं। एनएम (हरू) की कमी के कारण बच्चों व गर्भवती महिलाओं में टीकाकरण कार्य लगातार प्रभावित होता चला आ रहा है। क्षेत्रीय लोगों के हो-हल्ला के बाद तीन-चार माह में एक दिन के लिए किसी दूसरी जगह की एनएम को गांव में भेजकर किसी तरह टीकाकरण का कोरम पूरा किया जा रहा है। समय से टीका न लगने के कारण बच्चों व गर्भवती महिलाओं के गर्भ में पल रहे शिशुओं में विभिन्न प्रकार की बीमारियों की आशंका बनी रहती है। सीएचसी महराजगंज से मिली जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज के तहत कुल 27 एनम सेंटर बनाए गये है जिसमें से लोहिन्दा उपकेन्द्र एनम के अभाव में 9 वर्ष से बंद पड़ा है। इसी तरह शेखपुर खुटहनी का एनम सेंटर 6 वर्ष से केवटली राजापुर और आनापुर का सेंटर 3-3 वर्ष से बंद है। नेवादा, मजीठी, सरायपड़री 2 बर्ष से तथा राजाबाजार गद्दोपुर पूरालाल खजुरन उमरीकला करीब 1 बर्ष से खाली है। जहां टीकाकरण में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गद्दोपुर की आशा गंगादेवी, रंजू देवी, लोहिन्दा की आशा अनीशा नीलम ने बताया कि एनम की तैनाती न होने के कारण जीरो से पांच वर्ष के बच्चो और गर्भवती महिलाओ का टीका समय से नही हो पा रहा है।

# सफाई व्यवस्था व फागिंग के लिए सामग्री को क्रय कर सौंपा गया

**जफराबाद जौनपुर।** नगर पंचायत जफराबाद में साफ- सफाई फॉगिंग व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा 15वें वित्त आयोग से मोबाइल टॉयलेट, जेसीबी फागिंग मशीन को क्रय करके नगर पंचायत की अध्यक्ष उम्मे रहिला की मुख्य उपस्थिति में सुविधा को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए सौंपा गया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ सरफराज खान, सभासद सुनीता देवी, जगत नारायण, रविकांत मोदनवाल, हीरामनी, सुलाबी देवी, परवेज कुरेशी, दिलशाद, शमा परवीन, विनोद आदि मौजूद रहे।

# ‘आन्तरिक परिवार समिति’ का गठन कर जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपलब्ध कराएं सूची : मुख्य विकास अधिकारी

**मिर्जापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिलाओं के कार्य स्थल पर लैंगिंग उत्पीड़न (निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम-2013 के तहत विभागो में गठित की जाने वाली आन्तरित परिवार के गठन से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई। बैठक में बताया गया कि किसी भी सरकारी संस्थान, गैर सरकारी संस्थान, कार्यालय, शाखा कार्यालय, विभाग में जहां दस या उससे अधिक व्यक्ति कार्यरत हो वहां पर आन्तरिक समिति का गठन किया जाना अनिवार्य हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सरकारी/ गैर



सरकारी संगठनो में आन्तरिक परिवार समिति गठन सम्बंधी दिशा निर्देश पूर्व की बैठको में विभागो को निर्देशित किया गया है परन्तु कतिपय विभागो द्वारा अभी भी समिति का गठन नहीं किया गया हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दो दिवस के अन्दर उक्त समिति का गठन करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में समिति के सदस्यों / पदाधिकारियों के नाम सूची, मोबाइल नम्बर सहित पूर्ण विवरण निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समिति के गठन करने के पश्चात कार्यालय संगठनों के दीवान पर समिति के अध्यक्ष सहित सभी सदस्यो के नाम व मोबाइल नम्बर भी पेंट करवाकर लिखवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यालयों में दस से कम कमचारी कार्य करते हो वहां पर जिला स्तरीय गठित समिति के सदस्यो के नाम व मोबाइल नम्बर अपने दीवालो पर लिखवाया जाए ताकि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतो का निवारण किया जा सकें। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारी के अलावा जिला स्तर पर गठित समिति के सदस्य तहसीलदार दीक्षा पाण्डेय, सामाजिक कार्यकत्री सदस्य नन्दिनी मिश्रा, अधिवक्ता सदस्य सुनीता गुप्ता के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# विकास कार्यों की हुई मासिक समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान उद्यान, ऊर्जा, कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पर्यटन, पशुधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, लोक निर्माण,समाज कल्याण विभाग सहित कई अन्य विभागों में संचालित योजनाओं में ए ग्रेड पाई गई।अतिरिक्त ऊर्जा विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना में डी ग्रेड पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त विभागों को इस योजना को सफल बनाने में सहयोग करने को कहा। इसी प्रकार ग्राम विकास विभाग में डे एनआरएम की बैंक क्रेडिट लिंकेज योजना में डी ग्रेड मिलने पर उन्होंने लीड बैंक मैनेजर को यथाशीघ्र समस्त लंबित आवेदनों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना में सी ग्रेड मिलने पर उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम को कार्रदाई संस्थाओं को नोटिस जारी कर कार्य में तेजी लाने को निर्देश दिए। इसी प्रकार फैमिली आईडी एवं पंचायती राज विभागके 15 वे एवं 5 वे वित्त में बी ग्रेड मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसमें सुधार लाने के निर्देश दिए। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को भी स्कूल खुलने के उपरांत निरीक्षण कर आकलन प्रस्तुत करने को कहा। श्रम एवं सेवा योजन विभाग में कन्या विवाह सहायता योजना में सी ग्रेड पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सहायक श्रम आयुक्त को इस योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन कराने तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, शुक्रवार, 20 जून, 2025

# समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान में नहीं



**जगरेब।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और क्रोएशिया इस बात पर सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं निकल सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि बातचीत और कूटनीति ही इसका

### क्रोएशिया में बोले पीएम मोदी

एकमात्र रास्ता है। क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ वार्ता के बाद मीडिया को दिए बयान में मोदी ने कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हैं कि 'आतंकवाद मानवता का दुश्मन है' और यह लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली ताकतों के लिए दुश्मन के समान है।

उन्होंने कहा, 'हम सहमत हैं कि चाहे यूरोप हो या एशिया, समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों से नहीं पाया जा सकता है तथा बातचीत और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है।' उनकी यह टिप्पणी पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने के कारण पैदा हुयी स्थिति के बीच आई है। मोदी ने कहा कि किसी भी देश के लिए क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान आवश्यक है। बैठक के दौरान मोदी ने यह भी कहा कि यह एक 'सुखद संयोग' है कि उन्हें और प्लेंकोविक को पिछले साल क्रमशः भारत और क्रोएशिया की जनता ने तीसरे कार्यकाल के लिये जनादेश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा, 'इस जनादेश के साथ तीसरे कार्यकाल में हमने द्विपक्षीय संबंधों को तीन गुना गति देने का फैसला किया है।' मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'जगरेब में मित्र और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविक के साथ सार्थक वार्ता हुई। हमारी बातचीत में कई क्षेत्र शामिल रहे, जिसका उद्देश्य भारत-क्रोएशिया संबंध को और भी मजबूत बनाना था। हम रक्षा और सुरक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि, आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी), नवीकरणीय ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में मिलकर काम करेंगे। सेमीकंडक्टर, जहाज निर्माण, कनेक्टिविटी और अन्य क्षेत्रों में तालमेल भी बहुत फायदेमंद होगा।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि बैठक के दौरान दोनों देशों के नेताओं ने भारत-क्रोएशिया द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक विस्तार की समीक्षा की और डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, समुद्री बुनियादी ढांचे, पर्यटन और आतिथ्य जैसे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के अवसरों को तलाशा। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पार आतंकवाद से लड़ने में भारत को निरंतर समर्थन देने के लिए क्रोएशिया का आभार व्यक्त किया।

## मस्क का स्टारशिप टेस्टिंग के दौरान खाक

**टेक्सास।** अरबपति व्यापारी एलन मस्क को भारी नुकसान हुआ है। टेक्सास के स्टारबेस लॉन्चिंग स्टेशन पर मस्क की कंपनी स्पेसएक्स का एक स्टारशिप रॉकेट विस्फोट के साथ फट गया। मस्क की कंपनी का इस

### नजदीकी घरों को नुकसान

टेस्टिंग में फेल हो जाना उनके मंगल ग्रह पर जाने के प्रोग्राम के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि कंपनी इस प्रोजेक्ट पर पिछले कई महीनों से काम कर रही थी। बुधवार को देर रात हुई इस घटना के वीडियो फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि घटना स्टारबेस पर लॉन्चिंग की तैयारी कर रहे रॉकेट में अचानक से विस्फोट होता है और चारों तरह आग की लपटें और धुआँ फैल जाता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक इस घटना से वहां कई किलोमीटर दूर स्थित घरों की कांच की खिड़कियां टूट गई और भूकंप जैसी स्थिति बन गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह धमाका उस समय हुआ जब स्टारशिप रॉकेट को स्टैंड पर रखकर ही टेस्ट किया जा रहा था, जिससे यह पता किया जा सके कि उसमें कोई परेशानी नहीं है।

स्पेसएक्स ने भी इस विस्फोट को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि 10वीं टेस्ट फ्लाइट की तैयारी के दौरान हमें एक बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा है। इस विस्फोट में कोई घायल नहीं हुआ है, हमारे सभी कर्मचारी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। वहीं स्थानीय निवासियों को भी किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही ऐसी कोई आशंका है। हालांकि कंपनी की तरफ से लोगों से अपील की गई है कि वह घटनास्थल की तरफ न जाएं। स्पेसएक्स की इस रॉकेट में हुआ विस्फोट नासा के लिए भी एक बड़ा झटका है। क्योंकि नासा द्वारा इसी रॉकेट के माध्यम से अमेरिकी सैनिकों को चांद पर भेजने की योजना बनाई जा रही है। वहीं मस्क इस रॉकेट का इस्तेमाल अपनी मंगल ग्रह की महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए करना चाहते हैं।

## कनाडा में बैठकर भारत में हिंसा फैला रहे खालिस्तानी

**ओटावा।** आखिरकार कनाडा ने भी मान लिया है कि खालिस्तानी आतंकी कनाडा में बैठकर भारत में हिंसा फैला रहे हैं। भारत सरकार लंबे समय से यह बात कह रही है, लेकिन पूर्व की ट्रूडो सरकार ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब कनाडा में मार्क कार्नी के नेतृत्व में चल रही सरकार ने माना है कि खालिस्तानी कनाडा का इस्तेमाल भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। कनाडा की खुफिया एजेंसी कनाडा सिक्योरिटी इंटेलीजेंस सर्विस ने अपनी एक रिपोर्ट में पहली बार आधिकारिक रूप से कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी और उनके भारत में हिंसा से जुड़ाव को स्वीकार किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथी भारत में हिंसा का समर्थन करने, हिंसा के लिए फंड इकट्ठा करने और हिंसक गतिविधियों की साजिश रचने में शामिल रहे हैं। सीएसआईएस ने अपनी 2024 सालाना रिपोर्ट में भारत की लंबे समय से चली आ रही चिंताओं पर अपनी मुहर लगाई है और माना है कि कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की मौजूदगी है। यह भारत के लिहाज से अहम बात है। रिपोर्ट में लिखा है कि 1980 के मध्य में राजनीति से प्रेरित हिंसक चरमपंथ की शुरुआत कनाडा में मौजूद खालिस्तानी चरमपंथियों से हुई, जो हिंसा के जरिए भारत के पंजाब में एक अलग देश खालिस्तान बनाना चाहते हैं।

## अब ईरान के खिलाफ खड़े होंगे मुस्लिम देश?

### अमेरिका ने इस तरह रचा चक्रव्यूह | अलर्ट मोड पर 40000 जवान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल जंग का गुरुवार को सातवां दिन था। दोनों ही देश एक दूसरे पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं। ताजा हमलों में ईरानी सेना ने बीती रात दक्षिणी इजरायल में मिसाइलों की बारिश की, जिसमें बीरशेबा में एक अस्पताल को निशाना बनाया गया। इजरायली प्रवक्ता ने कहा कि ईरानी हमले में सोरोका अस्पताल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। इजरायल की आपातकालीन सेवा का कहना है कि इन हमलों में देश भर में कम से कम 65 लोग घायल हुए हैं।

दूसरी तरफ, खबर है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की योजना को अपनी मंजूरी दे दी है लेकिन ये हमला कब होगा या उस योजना पर अमल कब होगा, इसका आदेश अभी ट्रंप ने नहीं दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय का मुख्यालय पेंटागन और उसके अधिकारी ईरान पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। इस बीच अमेरिका ने ईरान के खिलाफ किलेबंदी मजबूत कर दी है और ईरान के पड़ोसी मुस्लिम देशों के साथ मिलकर ही उसके खिलाफ चक्रव्यूह की रचना की है।

अमेरिका को इस बात की आशंका है कि जैसे ही इजरायल के साथ ईरान के खिलाफ उसके सैनिक जंग में कूदते हैं, वैसे ही ईरान अमेरिका पर पलटवार कर सकता है और ईरान के निकटस्थ देशों में अमेरिकी बेस पर हमले कर सकता है। इससे बचने के लिए अमेरिका ने इस्लामिक गणतंत्र के नजदीक मुस्लिम देशों में तैयारियां पुख्ता कर ली हैं।

द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती तनातनी के बीच वॉशिंगटन ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और जॉर्डन समेत तमाम मध्य-पूर्व के देशों में तैनात 40,000 जवानों को अलर्ट पर रखा है। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारियों ने मिडिल ईस्ट में उन अमेरिकी ठिकानों की पहचान की है, जहां ईरान संभावित रूप से हमले कर सकता है। बता दें कि मध्य-पूर्व और आसपास में अमेरिकी सेना के कम से कम 20 सैन्य अड्डे मौजूद हैं। इनमें से अधिकांश सैन्य अड्डे ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों की जद में हैं।

### तेहरान कहां-कहां बोल सकता है हमला

अमेरिकी अधिकारियों को इस बात की आशंका है कि ईरान के खिलाफ जंग में कूदने पर तेहरान सबसे पहले सीरिया, इराक और अरब देशों में स्थित उसके सैन्य अड्डे को निशाना बना सकता है। इसलिए अमेरिका ने इन सैन्य अड्डों वाले शहरों में अमेरिकी सेना को तैनात कर रखा है, ताकि ईरान की घेराबंदी की जा सके और उसके किसी भी हमले को नाकाम किया जा सके। संभवतः इसी रणनीति पर काम करते हुए अमेरिका ने तीन दर्जन रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट्स यूरोप भेजे हैं, जो मिडिल ईस्ट के इस अनेरी सैन्य अड्डों की निगरानी और सुरक्षा में तैनात लड़ाकू विमानों की मदद कर सकें। इसके अलावा अमेरिका ने दो मालवाहक पोत भी मध्य-पूर्व में भेज रखे हैं।

## एक नज़र

### ब्रिटेन में भारतीय डॉक्टर को मिला लेखन का शीर्ष सम्मान

**लंदन।** ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लिजा नंदी ने भारतीय डॉक्टर शालिनी मलिक को आईजीएफ आर्चर-अमीश अवार्ड से सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ लेखन के लिए यह अवार्ड दिया जाता है, जो ब्रिटेन और भारत के मशहूर लेखकों लॉर्ड जेफ्री आर्चर और अमीश त्रिपाठी के नाम पर बना है। इस अवार्ड के तहत डॉ. शालिनी मलिक को 25 हजार डॉलर की इनामी राशि मिली। डॉ. शालिनी मलिक को यह अवार्ड उनके उपन्यास द वे होम के लिए दिया गया। इस उपन्यास में तीन युवाओं की कहानी है, जो गोवा में शरण लेते हैं और अपने निजी दुखों से जूझते हैं। इस उपन्यास को दुख, पहचान और उपचार की मार्मिक खोज के लिए सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में चुना गया। इंडिया ग्लोबल फोरम में लंदन में डॉ. शालिनी को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान ब्रिटिश मंत्री ने भारत और ब्रिटेन के सांस्कृतिक संबंधों की अहमियत पर जोर दिया।

### पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना की नजरबंदी शुरू

**ब्यूनस आयरस।** अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टिना फर्नांडेज की भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद छह साल घर में ही नजरबंद रहने की सजा शुरू हो गई है। साथ ही पूर्व राष्ट्रपति को राजनीति से भी पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। क्रिस्टिना के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतरे और पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन में रैली निकाली। क्रिस्टिना फर्नांडेज साल 2004-2007 तक अर्जेंटीना की प्रथम महिला के पद पर रहीं। इसके बाद 2007 से 2015 तक दो बार अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद पर रहीं। साल 2019 से 2023 तक क्रिस्टिना अर्जेंटीना की उपराष्ट्रपति रहीं। इस तरह क्रिस्टिना का करीब दो दशकों तक अर्जेंटीना की राजनीति में दबदबा रहा है। आज भी क्रिस्टिना फर्नांडेज को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के विरोध का प्रमुख चेहरा माना जाता है। विभिन्न पोल्स से पता चला है कि अभी भी फर्नांडेज और उनकी पार्टी को अर्जेंटीना के 30 प्रतिशत लोगों का समर्थन हासिल है। नजरबंदी के खिलाफ बड़ी संख्या में लोगों का समर्थन मिलना भी इस बात का सबूत है।

### पटना में तेजस्वी यादव के आवास के पास गोलीबारी

**पटना।** पटना में 1 पोलो रोड पर राजद नेता और पार्टी के संस्थापक लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव के आवास के पास गोलीबारी की घटना की सूचना अधिकारियों ने गुरुवार को दी। पुलिस का दावा है कि गुरुवार सुबह पोलो रोड पर जनता दल (यूनाइटेड) के मंत्री अशोक चौधरी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के आवास के पास मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने एक युवक पर कथित तौर पर गोलीबारी की। पुलिस के मुताबिक यह लूट का प्रयास था। पोलो रोड इलाका, जो एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है, पटना के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक माना जाता है, जहां कई मंत्री, जज और वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं। हमलावरों ने एक डॉक्टर के ड्राइवर राहुल को लूटने का प्रयास किया, जो सुबह करीब 8.15 बजे काम पर जा रहा था। पीड़ित सुरक्षित बच गया और हमलावरों ने 400 रुपये नकद लूट लिए, लेकिन उसका फोन और अन्य सामान नहीं छोड़ा। दो बाइक सवार हमलावरों ने कथित तौर पर राहुल नामक युवक पर लूटपाट के इरादे से गोली चलाई। सौभाग्य से, युवक सुरक्षित बच गया। गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से भाग गए।

## सर्जरी के लिए मुंबई जाएंगे नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर।** बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक मुंबई में सर्वाइकल अर्थराइटिस की सर्जरी करवाएंगे और उनकी अनुपस्थिति में बीजू जनता दल के दैनिक कामकाज राजनीतिक मामलों की समिति संभालेगी। पटनायक ने ट्विटर पर लिखा, चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार, मैं इस महीने की 22 तारीख को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में सर्वाइकल अर्थराइटिस की सर्जरी करवाऊंगा। मेरे निजी चिकित्सक डॉ. रमाकांत पांडा मुंबई में इसका समन्वय कर रहे हैं। भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद और ओडिशा के मेरे भाइयों और बहनों की शुभकामनाओं के साथ, आप सभी की सेवा जारी रखने के लिए जल्द ही वापस लौटने की उम्मीद कर रहा हूं।

## मेंढकों के भ्रूण की तस्करी में फंसी हार्वर्ड की शोधकर्ता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय की शोधकर्ता पर अमेरिका में मेंढ़कों के भ्रूण की तस्करी का आरोप लगा है। इस

### हो सकती है 20 साल की जेल

मामले में बुधवार को अदालत में सुनवाई हुई। अगर शोधकर्ता को इस मामले में दोषी पाया जाता है तो उन्हें 20 साल की जेल और ढाई लाख डॉलर का जुर्माना देना पड़ सकता है।

आरोपी शोधकर्ता रूसी मूल की केनेनिया पेत्रोवा बुधवार को मैसाच्युसेट्स संघीय अदालत में पेश हुईं, जहां सरकार और बचाव पक्ष के वकीलों में इस बात पर बहस हुई। केसेनिया पेत्रोवा हार्वर्ड मेडिकल स्कूल में कैंसर पर अनुसंधान करती हैं। फरवरी में जब वे फ्रांस में छुट्टियां मनाकर अमेरिका लौट रहीं थीं, तब बोस्टर लोगान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें सीमा शुल्क विभाग द्वारा रोक लिया गया था। आरोप है कि पेत्रोवा मेंढ़क भ्रूण के अति सूक्ष्म खंडों को जोड़ने में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रयोगशाला में रुकी थीं और उन्होंने रिसर्च के लिए वहां से एक पैकेज प्राप्त किया था। संघीय अधिकारियों ने उन पर देश में बिना जानकारी दिए जैविक पदार्थ लाने का आरोप लगाया।

## थाई पीएम की कंबोडियाई नेता के साथ फोन टॉक का ऑडियो लीक

**बैंकॉक।** थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने गुरुवार को माफी मांगी। दरअसल, कंबोडिया के एक पूर्व नेता के साथ उनकी बातचीत की रिकॉर्डिंग लीक हो गई। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर नया सियासी बवाल खड़ा हो गया। सरकार की एक बड़ी सहयोगी पार्टी गठबंधन से बाहर निकली, तो पैटोंगटार्न के इस्तीफे की मांग और तेज हो गई।

इससे उनकी पहले से ही डगमगा रही सरकार और कमजोर हो गई, जिसे उनकी पार्टी फ्यू थाई पार्टी चला रही है। पैटोंगटार्न को पहले से ही यह कहकर आलोचना झेलनी पड़ रही थी कि वह कंबोडिया के प्रति बहुत नरम रवैया रखती हैं, खासकर दक्षिणपंथी राष्ट्रवादियों की ओर से, जो उनके

### सियासी बवाल के बीच मांगी माफी

पिता थाकसिन शिनावात्रा (पूर्व प्रधानमंत्री) के पुराने विरोधी हैं। 8 मई को थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक छोटे से इलाके में हथियारों के साथ झड़प हुई थी।

इसे दोनों देश अपना हिस्सा मानते हैं। इसे नो मैन्स लैंड कहा जाता है। इसमें एक कंबोडिया का सैनिक मारा गया था।

कंबोडिया की संसद के अध्यक्ष हुन सेन ने बुधवार को उस बातचीत की पूरी 17 मिनट की रिकॉर्डिंग अपने फेसबुक पर डाल दी, जबकि उसका एक छोटा हिस्सा पहले ही लीक हो गया था। हुन सेन ने कहा कि उन्होंने यह बातचीत इसलिए रिकॉर्ड की ताकि कोई गलतफहमी न हो या झूठी बातें न फैले। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह रिकॉर्डिंग कम से कम 80 लोगों को भेजी है। रिकॉर्डिंग में सुना गया कि पैटोंगटार्न ने हुन सेन को अंकल कहा, जब दोनों नेता दोनों देशों की भाषाओं के अनुवादकों के जरिए यह चर्चा कर रहे थे कि सीमा पर लगे प्रतिबंधों को हटाना चाहिए या नहीं, जो उस झड़प के बाद लगाए गए थे।

## नए बंगले में शिफ्ट हुए राहुल, अब हाई सिक्योरिटी जोन में है आवास



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का आज 55वां जन्मदिन है। आज ही राहुल ने सुनहरी बाग रोड में बने टाइप-8 बंगले में शिफ्ट हुए हैं। यह बंगला उन्हें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते आवंटित किया गया है। संसदीय आवास समिति ने उन्हें 5 सुनहरी बाग रोड, 7 मोतीलाल नेहरू मार्ग और 3 कृष्णा मेनन मार्ग बंगले का ऑप्शन दिया था। इसमें से राहुल ने सुनहरी बाग को चुना।

इससे पहले राहुल, सोनिया गांधी के साथ 10 जनपथ में रहते थे। 2023 में उन्होंने 12 तुगलक लेन का बंगला खाली किया था। जो 19 साल उनके पास था। लेकिन सांसदी जाने के बाद बंगला खाली करना पड़ा। राहुल को जो बंगला मिला है वह लुटियंस जोन में है। यहां देश के कई बड़े राजनेताओं, मंत्रियों और जजों के बंगले होते हैं। यह बंगला पहले सीनियर कैबिनेट मंत्रियों या आयोग के प्रमुखों को आवंटित होता रहा है। यह हाई सिक्योरिटी एरिया है। बंगले का क्षेत्रफल 2000 से 3000 वर्ग मीटर के करीब है। बंगले में 4 से 5 बड़े बेडरूम और ऑफिस शामिल हैं। मीटिंग हॉल, प्राइवेट लॉन, सुरक्षा कर्मी कक्ष, स्टाफ क्वार्टर और कार पार्किंग भी है।

## अमेरिका में दो भारतीय छात्रों को लाखों डॉलर के घोटाले में सजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में पढ़ रहे दो भारतीय छात्रों को अलग-अलग लेकिन समान धोखाधड़ी के मामलों में जेल की सजा सुनाई गई है। इन दोनों पर बुजुर्ग अमेरिकियों को धोखाधड़ी से निशाना बनाकर लाखों डॉलर का नुकसान करने का आरोप है। 20 वर्षीय किशन राजेशकुमार पटेल को, जो छात्र वीजा पर अमेरिका आया था, इस सप्ताह मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने के आरोप

### बुजुर्गों को बनाते थे निशाना

में दोषी पाए जाने पर 63 महीने (पांच साल से अधिक) जेल की सजा सुनाई गई। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) के अनुसार, पटेल ने एक ऑनलाइन फ़िशिंग धोखाधड़ी में भाग लिया, जिसमें उसने अमेरिका के सरकारी अधिकारी बनकर वरिष्ठ नागरिकों से पैसे और सोना लूटा। न्याय विभाग ने कहा, साजिश में विभिन्न ऑनलाइन फिशिंग तरीकों का इस्तेमाल किया गया और आरोपियों ने अमेरिकी सरकारी अधिकारी बनकर लोगों से धोखाधड़ी की। आरोपी छात्र किशन पटेल ने एक हिस्सा सह-साजिशकर्ताओं को दिया और एक प्रतिशत अपने पास रखा। जांच में पाया गया कि कम से कम 25 बुजुर्ग पीड़ितों को ठगा गया, जिससे उन्हें 2,694,156 डॉलर का नुकसान हुआ। पटेल को 24 अगस्त, 2024 को टेक्सास के ग्रेनाइट शोल्स में गिरफ्तार किया गया था, जब वह एक पीड़ित से 130,000 डॉलर वसूलने की कोशिश कर रहा था।

## राज्य का दर्जा जम्मू कश्मीर का सवैधानिक अधिकार : फारूक

**पुलवामा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना कोई रियायत नहीं बल्कि उसका संवैधानिक अधिकार है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में नेकां कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में पूर्ण लोकतांत्रिक शासन की तत्काल वापसी का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना कोई रियायत नहीं बल्कि संवैधानिक अधिकार है। राज्य का दर्जा कोई तोहफा नहीं है, यह लोगों का अधिकार है, जिसका लंबे समय से इंतजार है और जिसका वादा सत्तारूढ़ सरकार ने बार-बार किया है।'

## साझा किए संगीत से जुड़े सबसे खास पल



वर्ल्ड म्यूज़िक डे यानी विश्व संगीत दिवस, जो हर साल 21 जून को मनाया जाता है, उस एकमात्र भाषा का उत्सव है जिसे समझने के लिए किसी अनुवाद की ज़रूरत नहीं होती! और वो भाषा है संगीत। ये यादों से जुड़ी लय, जज़्बातों से भरी धुन और परंपराओं में रची-बसी संगत है। इस मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने अपनी ज़िंदगी से जुड़े संगीत के उन पलों को साझा किया। 'सरू' में सरू की भूमिका निभा रहीं मोहक मटकर ने कहा, ''मेरे लिए संगीत कभी भी सिर्फ बैकग्राउंड में बजने वाला साउंड नहीं रहा - ये मेरी ज़िंदगी की धुन रहा है। संगीत प्यार, हंसी और यादों को एक पल में समेट देता है।'' 'वसुधा' में वसुधा के रोल में नजर आ रहीं प्रिया ठाकुर ने कहा, ''मेरे लिए संगीत यादों की तरह है। इस वर्ल्ड म्यूज़िक डे पर मैंने ठान लिया है कि उस रिवाज को अपने ग्रुप चैट पर फिर से ज़िंदा करूंगी। एक गाना, एक गलत बोल, और हम सब फिर से साथ हंसेंगे।'' 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत की भूमिका निभा रहीं आयुषी खुराना ने कहा, ''संगीत हमेशा से मेरी ज़िंदगी का बड़ा हिस्सा रहा है - चाहे सेट पर माहौल बनाने के लिए हो, थकान भरे दिन के बाद मन को हल्का करने के लिए या फिर तैयार होते वक्त बैकग्राउंड में बजता हुआ कोई मीठा सा गाना।'' 'जमाई नं.1' में नील का किरदार निभा रहे अभिषेक मलिक ने कहा, ÷संगीत मेरे लिए कभी थैरेपिस्ट है।'' 'कुमकुम भाग्य' में पायल का रोल निभा रहीं आर्ची सचदेवा ने कहा, ÷मेरे लिए संगीत सांसों की तरह है - वो जगाता है, दिल को सुकून पहुंचाता है और ज़िंदगी के सबसे थके हुए लम्हों में भी जान डाल देता है।'' 'जागृति-एक नई सुबह' में जागृति के रोल में नजर आ रहीं रचना मिस्त्री ने कहा, ''मेरी ज़िंदगी के सबसे खूबसूरत लम्हे हमेशा संगीत में सराबोर रहे हैं। चाहे आप अपने कमरे में अकेले डांस कर रहे हों, किसी पेड़ के नीचे बांसुरी बजा रहे हों या सिर्फ चुपचाप कोई धुन सुन रहे हों - संगीत हमेशा बोलता है।''

## योग से ज़िंदगी में आया सकारात्मक बदलाव!

योग न केवल तन और मन का संतुलन साधता है, बल्कि जीवन को भी नई दिशा देता है। इंटरनेशनल योगा डे के मौके पर एण्डटीवी के कलाकार बता रहे हैं कि कैसे योग ने उनकी ज़िंदगी में सकारात्मक बदलाव लाए और उन्हें उम्मीद है कि इससे दूसरे लोग भी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिये प्रेरित होंगे। गीतांजलि मिश्रा, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार निभा रही हैं, ने कहा, ÷मेरे लिए योग एक बदलाव की तरह रहा है-खासकर उन मुश्किल पलों में जब मैं भावनात्मक रूप से टूट जाती थी। मैंने अपने रूटीन में 'पश्चिमोत्तानासन' को शामिल किया, जिसने मेरे नर्वस सिस्टम को शांत किया और इमोशनल क्रेविंग्स पर नियंत्रण पाने में मदद की। इसके अलावा 'नाड़ी शोधन प्राणायाम' मेरे लिए एक तरह का रीसेट बटन बन गया है, जिससे मैं तुरंत शांत और स्थिर महसूस करती हूं। योग मेरे लिए सिर्फ एक्सरसाइज़ नहीं, बल्कि एक थेरेपी है जो भीतर से पोषण देती है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा की भूमिका निभा रहे आसिफ शेख बताते हैं, ''हमारे प्रोफेशन में मानसिक और भावनात्मक संतुलन, शारीरिक फिटनेस जितना ही जरूरी है। योग मेरे लिए उस संतुलन की डोर बन गया है। 'वृक्षासन' मुझे लंबे शूट्स के दौरान भी ज़मीन से जोड़े रखता है, जबकि 'भुजंगासन' से मेरी रीढ़ मज़बूत हुई है और ऊर्जा भी बढ़ी है-यह मेरा रोज़ाना का पावर बूस्ट है। 'अनुलोम विलोम' मैं कभी नहीं छोड़ता, चाहे शूट पर जाते वक्त कार में ही क्यों न करना पड़े। इससे दिमाग साफ़ होता है और तनाव दूर रहता है। खाने के बाद मैं दस मिनट 'वज्रासन' में बैठता हूं, इससे पाचन में जबरदस्त सुधार हुआ है। इन आसान, लेकिन असरदार अभ्यासों ने मुझे मानसिक रूप से शांत, सतर्क और मजबूत बनाया है। मेरे लिए योग एक साइलेंट स्ट्रेंथ की तरह है-स्क्रीन पर भी और ज़िंदगी में भी।''

## बाजार दर्पण







